


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | गुरुवार, 08 अगस्त, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-6 | अंक-220

खुला राष्ट्रद्रोह — वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने अलापा देश विरोधी राग, कहा

# जो बांग्लादेश में हो रहा वह भारत में भी हो सकता है

**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** भारत के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में इन दिनों सियासी उथल-पुथल मची हुई है। छात्रों के विरोध से शुरु हुआ आंदोलन अब हिंसक हो उठा है। इस हिंसा में अब तक 450 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। सीमाई देश में इस तरह के हालातों पर भारत ने चिंता जाहिर की है। साथ ही सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। इस बीच कांग्रेस नेता इस मुद्दे पर देश विरोधी बयान देकर लोगों को भड़काने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस नेता खुलेआम देशद्रोह का परिचय देते हुए कह रहे हैं है कि पहले श्रीलंका, फिर बांग्लादेश के बाद अब भारत की बारी है। जिस तरह श्रीलंका और



बांग्लादेश देश की जनता पीएम आवास में घुस गई उसी भारत की जनता भी जल्द पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ इसी तरह का प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री आवास में घुसेगी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने इसी तरह की बयानबाजी करते हुए कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है वह भारत में भी हो सकता है। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने मंगलवार को कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है, वह भारत में भी हो सकता है। वे पूर्व केंद्रीय मंत्री मुजीबुर रहमान की किताब शिकवा-ए-हिंद: द पॉलिटिकल फ्यूचर ऑफ इंडियन मुस्लिम्स के विमोचन के मौके पर बोल रहे थे। खुर्शीद ने कहा, कश्मीर में सब कुछ सामान्य दिख सकता है। लेकिन सच्चाई सतह के कहीं नीचे है। बांग्लादेश जुलाई से हिंसक सरकार विरोधी प्रदर्शनों की लहर से हिल गया था, जिसके बाद शेख हसीना को इस्तीफा देने और देश से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। ▶10 पर

सज्जन के दुर्जन बोल : कांग्रेस नेता का राष्ट्र विरोधी बयान

## श्रीलंका और बांग्लादेश के बाद भारत का नंबर



**भोपाल, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के खिलाफ उपजे विद्रोह के बीच मध्यप्रदेश में भी सियासत गरमा गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा- छह महीने पहले श्रीलंका की जनता प्रधानमंत्री के घर में घुसी। फिर बांग्लादेश में यही हुआ। अब भारत का नंबर है। पूर्व मंत्री के इस बयान का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो इंदौर में मंगलवार को हुए कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन का है। वीडियो में पूर्व मंत्री कह रहे हैं- दो दिन से टीवी पर देख रहे हो बांग्लादेश की जनता शेख हसीना की गलत नीतियों की वजह से प्रधानमंत्री आवास में घुस गई। राष्ट्रपति भवन में घुस गई। याद रखना नरेंद्र मोदी जो जनता सड़क पर हिलोरें ले रही हैं, एक दिन तुम्हारी गलत नीतियों के कारण तुम्हारे प्रधानमंत्री आवास में घुस जाएगी और कब्जा कर लेगी। ▶10 पर

भारत का बड़ा फैसला

# बांग्लादेश उच्चायोग, वाणिज्य दूतावास के गैर-आवश्यक कर्मचारियों को वापस बुलाया

**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में चल रही उठा-पटक के बीच भारत सरकार ने ढाका में भारतीय उच्चायोग और दूतावास में तैनात गैर जरूरी कर्मचारियों और उनके परिवारों को भारत वापस बुला लिया है। इसके साथ ही भारत सरकार ने एडवाइजरी भी जारी की है। हिंसाग्रस्त बांग्लादेश के ढाका में फंसे भारतीय उच्चायोग से गैर-जरूरी कर्मचारियों और परिवारों को बुधवार को एयर इंडिया की फ्लाइट से भारत लाया गया। भारतीय उच्चायोग के 190 कर्मचारी बांग्लादेश से भारत लौटे हैं। बताया जा रहा है कि ढाका में स्थित भारत के उच्चायोग में 30 कर्मचारी अभी बचे हुए हैं और भारतीय



- *बांग्लादेश में फंसे भारतीयों को वापस लाया गया*
- *बांग्लादेश में अराजकता चरम पर अटॉर्नी जनरल का इस्तीफा*
- *अवामी लीग के दो सांसदों, 100 समर्थकों के घरों में तोड़फोड़*
- *सैकड़ों पुलिस स्टेशनों में तोड़फोड़ कई पुलिसकर्मी हताहत*

उच्चायोग में काम जारी रहेगा। सभी राजनयिक बांग्लादेश में ही हैं और मिशन जारी हैं। बता दें बांग्लादेश के ढाका में उच्चायोग के अलावा, भारत के चटगांव, राजशाही, खुलना और सिलहट में सहायक उच्चायोग या वाणिज्य दूतावास हैं। गौरतलब है कि बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना फिलहाल भारत में हैं। दूसरी तरफ बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हमले भी जारी हैं। ऐसे में स्थिति के संवेदनशील होने के बाद भारत ने पूरे घटनाक्रम पर करीब से नजर रखी है।

बांग्लादेश में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के लिए विशेष उड़ानें संचालित कीं। इसके जरिए 400 से अधिक लोगों को भारत लाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया की विशेष उड़ान से बुधवार सुबह ▶10 पर

## बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद हिरासत में

**ढाका, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**



बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री एवं अवामी लीग के संयुक्त महासचिव हसन महमूद को ढाका हवाई अड्डे पर हिरासत में लेने के बाद सेना को सौंप दिया गया। ऑब्जर्वर बीडी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। बिमान बंगलादेश एयरलाइंस के एक अधिकारी ने बताया कि श्री हसन को मंगलवार दोपहर को उस समय हिरासत में लिया गया जब वह देश छोड़ने के लिए हवाई अड्डा पहुंचे थे। ▶10 पर

# राज्यसभा की 12 सीटों के लिए चुनाव आयोग ने जारी की अधिसूचना, 3 सितंबर को होंगे चुनाव

**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 12 रिक्त सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार तीन सितंबर को चुनाव कराए जाएंगे। राज्यसभा की 12 सीटों पर तीन सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। नामांकन पत्रों की जांच 21 अगस्त को होगी, नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 26 और 27 अगस्त है। बता दें कि 9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने हैं।



चुनाव आयोग की अधिसूचना के अनुसार, राज्यसभा सदस्यों के चुनाव के लिए 14 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी होगा। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त रखी गई है, 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी।

इसके बाद अगर कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहता है तो वह 27 अगस्त तक ले सकता है। 3 सितंबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग कराई जाएगी और फिर उसी दिन शाम 5 बजे चुनाव के नतीजे जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि असम महाराष्ट्र और बिहार की दो सीटों पर और हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना, ओडिशा में एक-एक सीट पर राज्यसभा सदस्यों का चुनाव होना है।

मध्य प्रदेश, राजस्थान हरियाणा, असम और ओडिशा में भाजपा उम्मीदवार के जीतने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, इन राज्यों में भाजपा की सरकार है और पार्टी के पक्ष में ज्यादा संख्या बल है।

# पेरिस ओलंपिक में भारत को करारा झटका रेसलर विनेश फोगाट अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए एक बहुत ही बुरी खबर आई है। फाइनल में भारतीय रेसलर विनेश फोगाट नहीं खेल पाएंगी। भारतीय रेसलर विनेश फोगाट को फाइनल से पहले तय कैटेगरी



**भारत ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विरोध दर्ज कराया :मांडविया**

(50किग्रा) से ज्यादा वजन होने के कारण महिला कुश्ती से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। विनेश का अयोग्य घोषित होना भारतीय कुश्ती और देश के लिए यह एक बड़ा झटका है, क्योंकि विनेश फोगाट गोल्ड मेडल जीतने के बेहद करीब थीं। बता दें कि विनेश 50 किलोग्राम की कैटेगरी में खेलती हैं। आज उनका मुकाबला यानी गोल्ड मेडल का मैच युनाइटेड स्टेट्स की सारा एन हिल्डेब्रांट के खिलाफ खेला जाना था। लेकिन उससे पहले बुधवार को उनका वजन करीब 100 ग्राम ज्यादा निकला, जिसके चलते उन्हें ओलंपिक महिला कुश्ती से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

भारतीय पहलवान विनेश फोगट को पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित किए जाने के मामले में खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज विनेश का वजन 50 किलो 100 ग्राम पाया गया और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा पेरिस में हैं। प्रधानमंत्री ने उनसे बात की और उन्हें आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। सरकार ने उन्हें निजी स्टाफ सहित हर सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगाट के ▶10 पर

**शेयर मार्केट**



बीएसई : 79,468.01
+874.94 +1.11% ↑
एनएसई :24,297.50
304.95 (1.27%)↑

# संविधान की रक्षा हर कीमत पर: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार संविधान और इसकी प्रस्तावना की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इनकी रक्षा हर कीमत पर की जाएगी। श्री नड्डा ने सदन में शून्यकाल के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के संविधान की प्रस्तावना के साथ छेड़छाड़ करने के मुद्दे का जवाब दे रहे थे।

श्री नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार संविधान के अनुरूप काम करती है और संविधान की रक्षा करती है संविधान और प्रस्तावना के साथ छेड़छाड़ करने का प्रश्न ही नहीं उठाता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 में संविधान पर डाका डाला था। एक साथ 19 राज्यों की सरकारें बर्खास्त कर दी गई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आपकी सरकार ने दो बार प्रतिबंध लगाने की कोशिश की।



**राज्यसभा में सदन के नेता ने खड़गे को दिया मुंह तोड़ जवाब**

लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अधिक मजबूत होकर सामने आया। इससे पूर्व मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों में से संविधान की प्रस्तावना को हटाया गया है। पाठ्य पुस्तकों में संविधान की प्रस्तावना छपा करती थी। यह प्रस्तावना हमारे संविधान की आत्मा है। यह हमारे संविधान और लोकतंत्र के फाउंडेशन प्रिंसिपल जैसे न्याय, स्वतंत्रता और समानता आदि के मूल्यों को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब कई पाठ्य पुस्तकों से इस प्रस्तावना को हटाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि सिलेबस में जो बदलाव किए हैं वह अच्छे नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि एक खास विचारधारा को लोगों पर थोपने के लिए यह बदलाव किए जा रहे हैं।

मल्लिकार्जुन खड़गे की बातों का जवाब देते हुए राज्यसभा में नेता सदन व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष के नेता ने जो विषय उठाया उसमें से एक ध्वनि प्रतिद्वंदिता करने की कोशिश की गई कि शायद संविधान की प्रस्तावना और संविधान की मूल धाराओं से कुछ छेड़छाड़ होने की बात है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता की बुद्धिमत्ता और उनकी नियत पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा हुआ है। मैंने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक नहीं देखी हैं, लेकिन मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूं कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार ने जितना संविधान को इज्जत देकर आगे बढ़ाना तय किया है उतना किसी सरकार ने नहीं किया।

**सर्राफ़ा बाज़ार**



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 70,980 /- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 81,450/- (प्रति किलोग्राम)

**कार्टून कॉर्नर**




चुनाव आयोग आज करेगा जम्मू-कश्मीर का दौरा

## जल्द हो सकते हैं विधानसभा चुनाव




**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग दो दिन का जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगा। प्रतिनिधिमंडल गुरुवार (8 अगस्त) को श्रीनगर पहुंचेगा। सुबह 11:15 बजे इलेक्शन कमीशन की क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के साथ मीटिंग होगी। उसके बाद पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक होगी। 9 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे इलेक्शन कमीशन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इसी साल जून में चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा समेत जम्मू कश्मीर में वोटर लिस्ट अपडेट करने के आदेश जारी किए थे। इस काम को पूरा करने के लिए 20 अगस्त तक की डेडलाइन दी गई थी। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र शासित प्रदेश में 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा भी जल्द वापस दिया जाए। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म कर दिया गया था। साथ ही राज्य को 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था। साथ ही स्पष्ट किया गया था कि जम्मू-कश्मीर में दिल्ली और पुडुचेरी की तरह उपराज्यपाल का शासन होगा, ▶10 पर

**मौसम हैदराबाद**

अधिकतम : 26⁰
न्यूनतम : 23⁰

# शीर्ष अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट जज की टिप्पणियों को अनुचित और निंदनीय बताया

**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की ओर शीर्ष अदालत के खिलाफ की गई टिप्पणियों को बिल्कुल अनुचित, निंदनीय और अवमानना क्षेत्राधिकार के प्रयोग के बराबर मानते हुए बुधवार को उन्हें हटाने का आदेश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ , न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने (शीर्ष अदालत का स्वत: संज्ञान) मामले पर सुनवाई के बाद कहा कि वह अपने संवैधानिक कर्तव्य के अनुसार इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए बाध्य है, क्योंकि टिप्पणियां उसके अधिकार को कमजोर करती हैं। शीर्ष अदालत ने



टिप्पणियों को गंभीर चिंता का विषय मानते हुए कहा कि उससे (टिप्पणियों से) न्यायिक प्रक्रिया को अपूरणीय क्षति हो सकती है, क्योंकि उसे उम्मीद है कि भविष्य में कुछ सावधानी बरती जाएगी।

पीठ ने कहा, हमें उम्मीद है कि अदालत को भविष्य में उसी न्यायाधीश या इस देश के किसी अन्य न्यायाधीश के संबंध में इसी तरह के मामले में हस्तक्षेप नहीं करना पड़ेगा। शीर्ष अदालत के पांच वरिष्ठतम न्यायाधीशों की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजबीर सहरावत द्वारा 17 जुलाई को दिए गए एक आदेश में की गई कुछ टिप्पणियों को हटा दिया। उच्च न्यायालय के उस न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय के इस दृष्टिकोण को अस्वीकार कर दिया था कि वह स्वयं को वास्तविकता से अधिक सर्वोच्च मानता है तथा उच्च न्यायालय को संवैधानिक रूप से उससे कम उच्च मानता है। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 17 जुलाई 2024 के आदेश एवं सहायक मुद्दों के संबंध मेंफ स्वतः संज्ञान मामला दर्ज किया था। पांच सदस्यीय पीठ ने कहा, न्यायिक प्रणाली की पदानुक्रमिक प्रकृति के संदर्भ में न्यायिक अनुशासन का ▶10 पर





# काठमांडू में 30 करोड़ की कोकीन के साथ एक विदेशी तस्कर गिरफ्तार

**काठमांडू, 07 अगस्त (एजेंसियां) ।** काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल से बीती देर रात एक विदेशी नागरिक को करीब साढ़े सात किलो कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से जब्त की गई कोकीन की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में 30 करोड़ रुपये आंकी गई है।

नेपाल पुलिस के नारकोटिक्स ब्यूरो के मुताबिक बीती रात करीब सवा एक बजे कतर एयरवेज के विमान संख्या क्यूआर 644 से काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर आए लातविया के एक नागरिक के पास से बड़े पैमाने पर कोकीन बरामद की गई है।

नारकोटिक्स ब्यूरो के एसएसपी दिनेश आचार्य ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के हैंडबैग की जांच करने पर उसमें रहे पिलो के भीतर चाकलेट की रैपर में कोकीन लाई गई थी। उन्होंने बताया कि बरामद की गई कोकीन का वजन 7.665 किलो है, जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 30 करोड़ रुपये है।

एसएसपी आचार्य ने बताया कि कोकीन के साथ पकड़ा गया विदेशी नागरिक लातिविया निवासी 51 वर्षीय इवास वाल्टर्स है, जो कि ड्रग्स कैरियर है। इस व्यक्ति को यह सामान डिलीवर करने के लिए 2000 यूएस डॉलर मिला था। पूछताछ में इस व्यक्ति ने बताया कि उसको कोकीन की यह कंसाइनमेंट यहीं के एक होटल में किसी भारतीय नागरिक को हैंडओवर करना था। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के बयान के आधार पर डिलीवरी लेने वाले गिरोह की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## नेपाल में एयर डायनेस्टी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चार चीनी नागरिकों और पायलट की मौत

**काठमांडू।** नुवाकोट के शिवपुरी में एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 5 लोगों की मौत हो गई है। हेलीकॉप्टर में पायलट अरुण मल्ल के अलावा चार अन्य चीनी नागरिक सवार थे। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। बागमती पुलिस के डीआईजी बिष्णु कुमार केसी के मुताबिक हेलीकॉप्टर के काठमांडू हवाई अड्डे से रसुवा के सियाफ्रुवेसी के लिए उड़ान भरने वाला एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर बुधवार दोपहर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान भरने के तीन मिनट के भीतर हेलीकॉप्टर का काठमांडू एटीसी से संपर्क टूट गया था। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने दुर्घटना का समय दोपहर 1:54 बजे बताया है। प्राधिकरण ने बताया कि दुर्घटना की खबर मिलते ही प्रभु हेलीकॉप्टर कंपनी का हेलीकॉप्टर बचाव कार्य के लिए दुर्घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### सुनीता और बैरी विल्मोर को लाने बोइंग ने बनाया नया प्लान



**वाशिंगटन।** सिर्फ 12 दिन शेष इसलिए नासा की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। दरअसल भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर अंतरिक्ष में फंसे हैं। 2 माह से उन्हें धरती पर लाने की कोशिशें हो रही हैं। अब नासा ने बोइंग स्टारलाइनर के साथ मिलकर एक नया प्लान बनाया है। बोइंग के मुताबिक, उनके एक्सपर्ट ने 100,000 से ज्यादा कम्प्यूटर सिमुलेसंस किए हैं, जो बिल्कुल सटीक हैं। कोई खराबी नहीं आई। इस सिस्टम से हम अंतरिक्ष यात्रियों को आसानी से धरती पर उतार सकते हैं। सुनीता और विल्मोर बोइंग स्टारलाइनर की पहली उड़ान से अंतरिक्ष में गए थे। फिलहाल दोनों इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर फंसे हुए हैं, क्योंकि अंतरिक्ष यान में खराबी आ गई थी। अब कम्प्यूटर सिमुलेसंस से पता चला है कि 28 में से 27 रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम पूरी तरह फिट हैं, उनमें कोई खराबी नहीं आई है। जिस तरह से उन्हें भेजा गया, ठीक उसी तरह से वे लौटेंगे। इससे साफ हो गया है कि अगर इस सिस्टम के जरिए दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने की कोशिश की जाती है, कोई दिक्कत नहीं आएगी।

### अंतरिक्ष से कूदा शख्स, नजारा देख खौफ में आए लोग!



**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष से नीचे कूदते हुए यूट्यूब पर एक वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में नजर आ रहे शख्स का नाम फेलिक्स बाउमगार्टनर बताया गया है। अंतरिक्ष से छलांग लगाने का यह वीडियो साल 2012 का है। हालांकि, वहां से फेलिक्स के छलांग लगाने को लेकर पूरी तैयारी की गई थी। 1 लाख, 27 हजार 8 सौ 52 फीट की ऊंचाई पर जाने के लिए फेलिक्स ने हीलियम बैलून का इस्तेमाल किया। हीलियम के बैलून में बैठकर फेलिक्स धरती के वायुमंडल की दूसरी निचली परत समताप मंडल तक गए। वहां पर भी धरती का गुरुत्वाकर्षण बल काम करता है। यानी वहां से कोई छलांग लगाए तो आसमान में ऊपर नहीं, बल्कि धरती की ओर गिरेगा। ऐसे में फेलिक्स ने समताप मंडल में जाकर विशेष रुप से बनाए गए अंतरिक्ष सूट को पहनकर धरती पर स्काईडाइव (आसमान से छलांग) किया। इस मिशन को रेडबुल ने स्पॉशर किया था। इस दौरान उन्होंने साउंड की गति को भी पीछे छोड़ दिया और घुमावदार चक्कर में फंस गए। ऐसा लगा कि रेडबुल स्ट्रेटोस मिशन खतरे में आ गया। हालांकि, वे सफलता पूर्वक धरती पर लैंड करने में सफल रहे। फेलिक्स ने कहा कि अंतरिक्ष से नीचे कूदना वास्तव में अनोखा अनुभव था। वीडियो में आप देख सकते हैं कि वे बैलून के नीचे मेटल से बने बॉक्स में बैठकर अंतरिक्ष तक गए। वहां जब बैलून रुक गया, तब वे नीचे की ओर छलांग लगा देते हैं। इस दौरान दर्जनों साइंटिस्ट उन्हें मॉनिटर कर रहे होते हैं।

### चीन को खुफिया जानकारी देने के लिए लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता को अमेरिका ने दोषी ठहराया



**न्यूयॉर्क।** चीन सरकार को खुफिया जानकारी देने के आरोप में अमेरिका ने चीनी अमेरिकी नागरिक को दोषी ठहराया है। अमेरिका में मंगलवार को एक चीनी अमेरिकी व्यक्ति को लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता होने के अपने दर्जे का इस्तेमाल कर असंतुष्टों की जानकारी जुटाने और उसे चीन सरकार को देने के आरोपों के लिए दोषी ठहराया गया। न्यूयॉर्क में एक संघीय न्यायाधीश ने शुजुन वांग के मामले में फैसला सुनाया। वांग ने शहर में एक लोकतंत्र समर्थक समूह की स्थापना में मदद की थी। अभियोजन पक्ष ने कहा कि चीन की मुख्य खुफिया एजेंसी के इशारे पर वांग एक दशक से अधिक समय तक दोहरा जीवन जी रहा था। वांग 1994 में एक चीनी विश्वविद्यालय में पढ़ाने के बाद न्यूयॉर्क आए थे और बाद में अमेरिकी नागरिक बन गए।

सीमा पार हिंसा के बीच **इज़राइल** ने बोला हमला

# ड्रोन हमले में हिज़्बुल्लाह के 5 लड़ाके ढेर लेबनान में अब तक 555 लोग मारे गए

**बेरूत, लेबनान, 07 अगस्त (एजेंसियां) ।**



एक लेबनानी सुरक्षा सूत्र ने कहा कि इजरायली हमले में दक्षिण में पांच हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए, समूह ने उत्तरी इजरायल पर हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिसमें विस्फोटक ड्रोन से किया गया हमला भी शामिल है। बुधवार को इजरायल पर फिलिस्तीनी समूह के हमले के बाद गाजा में युद्ध शुरू हो जाने के बाद से हिजबुल्लाह अपने सहयोगी हमास के समर्थन में इजरायल के साथ लगभग प्रतिदिन गोलीबारी कर रहा है।

पिछले सप्ताह तनाव बहुत बढ़ गया था, क्योंकि ईरान और उसके सहयोगियों ने हिजबुल्लाह के शीर्ष सैन्य कमांडर फुआद शुक्र और हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हनीया की हत्याओं का बदला लेने की कसम खाई थी, दोनों के लिए इजरायल को दोषी ठहराया गया था। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी शहर नबातियेह के निकट मायफादुन कस्बे में एक घर पर इजरायली दुश्मन के हमले में पांच लोग मारे गए। एक सुरक्षा सूत्र ने नाम गुप्त रखने का अनुरोध करते हुए एएफपी को बताया कि मृतक सभी हिजबुल्लाह के लड़ाके थे। यह मामला संवेदनशील है।

इज़रायली सेना ने कहा कि उसकी वायु सेना ने नबातियेह क्षेत्र में हिज़्बुल्लाह के सैन्य ढांचे पर हमला किया जिसका इस्तेमाल इज़रायल के खिलाफ आतंकवादी हमलों को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा था। हिजबुल्लाह ने इजरायल पर कई हमलों की जिम्मेदारी ली, जिसमें तटीय शहर एक्रे के उत्तर में एक बैरक को निशाना बनाकर किया गया विस्फोटक लदे ड्रोन हमला भी शामिल है। इजराइल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा ने कहा कि पैरामेडिक्स गंभीर हालत में एक 30 वर्षीय पुरुष और हल्की से मध्यम हालत में छर्रे लगने से घायल एक 30 वर्षीय महिला का इलाज कर रहे हैं... और उन्हें एकर के पास नहरिया के गैलिली अस्पताल में ले जा रहे हैं। हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके नवीनतम हमले सोमवार को दक्षिणी गांव एब्बा पर किए गए हवाई हमले के जवाब में थे, जिसके बारे में इजरायली सेना ने कहा था कि इसमें समूह के विशिष्ट राडवान फोर्स के एक कमांडर को निशाना बनाया गया था।

सूत्रों के अनुसार, अक्टूबर से अब तक सीमा पार हिंसा में लेबनान में कम से कम 555 लोग मारे गए हैं, जिनमें अधिकतर लड़ाके हैं, लेकिन कम से कम 116 नागरिक भी शामिल हैं। सेना के आंकड़ों के अनुसार, इज़रायली पक्ष में, जिसमें गोलान हाइट्स भी शामिल है, 22 सैनिक और 25 नागरिक मारे गए हैं।

### युद्ध के दौरान ईरान की मदद करेगा पाकिस्तान

**येरुशलम।** इजराइल के साथ युद्ध के मुहाने पर खड़े ईरान को पाकिस्तान से अहम हथियार मिलने जा रहे हैं। येरुशलम पोस्ट ने स्रोतों के हवाले से दावा किया है कि ईरान का अगर इजराइल के साथ संघर्ष बढ़ता है तो पाकिस्तान उसे मीडियम रेंज की शाहीन-3 बैलिस्टिक मिसाइलों की आपूर्ति करेगा। ईरानी विदेश मंत्रालय ने बताया है कि ईरान और पाकिस्तान की ओर से गुजारिश किए जाने के बाद ये बैठक हुई है। 57 इस्लामिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला ओआईसी खुद को मुस्लिम दुनिया के प्रतिनिदि संगठन के तौर पर पेश करता है। इसमें अरब देशों के साथ ही ईरान, पाकिस्तान और तुर्की जैसे प्रभावशाली गैर-अरब देश भी शामिल हैं। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक में पाकिस्तान की ओर से ये जानकारी दी गई है। ओआईसी की आपातकालीन बैठक ईरान और पाकिस्तान के अनुरोध पर सऊदी अरब में हुई है। सऊदी ओआईसी प्रतिनिधि ने बताया है कि तटीय शहर जेद्दा में हुई बैठक में इजरायल के फिलिस्तीन पर कब्जे और हानिया की हत्या पर चर्चा की गई।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने फिजी के नाडी में श्री शिव सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की



**नाडी(फिजी ) , 07 अगस्त (एजेंसियां) ।**

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फिजी के नाडी में श्री शिव सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति फिजी की राजकीय यात्रा पर हैं। फिजी की राजधानी सुवा में आधिकारिक कार्यक्रमों के सफल समापन के बाद राष्ट्रपति नाडी पहुंची हैं।

इससे पहले मंगलवार को राष्ट्रपति मुर्मू ने शहीद सैनिकों की स्मृति में सुवा में स्थापित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और महात्मा गांधी मेमोरियल हाईस्कूल का दौरा किया। मुर्मू ने हाईस्कूल में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सुवा में दिन के अंतिम आधिकारिक कार्यक्रम में फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवलिली कैटोनीवरे ने स्टेट हाउस में राष्ट्रपति मुर्मू के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया। इसमें सभी क्षेत्रों के प्रतिष्ठित फिजीवासी एकत्र हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस अवसर पर राष्ट्रपति कैटोनीवरे, प्रधानमंत्री राबुका और फिजी की सरकार और लोगों को उनके गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति बुधवार को नाडी से ऑकलैंड-न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगी।

### बांग्लादेश के हालात पर पाकिस्तान चिंतित, कहा- जल्द सामान्य स्थिति और शांति की उम्मीद

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश इस समय हिंसा के बाद राजनीतिक संकट से जूझ रहा है, जिसे लेकर विश्व के सभी देश जल्द वहां शांति स्थापित होने के साथ बेहतर राजनीतिक स्थिति कायम होने की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं अब पाकिस्तान ने भी बांग्लादेश में शांति और सामान्य स्थिति स्थापित होने की उम्मीद जताई है। बांग्लादेश में छात्रों के आरक्षण को लेकर किए गए विरोध-प्रदर्शन के सरकार विरोधी प्रदर्शन में तब्दील होने के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश छोड़ दिया था। जिसके कुछ देर बाद बांग्लादेश सेना के प्रमुख ने उनके इस्तीफे का भी एलान किया था। देश में अस्थिरता की स्थिति के कारण शेख हसीना भारत आ गई थी, और अभी भारत में ही हैं। फिलहाल उनके यूरोप जाने की भी संभावना जताई जा रही है।

# कमला हैरिस ने टिम वाल्ज को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना

**वाशिंगटन, 07 अगस्त (एजेंसियां) ।**



अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने मंगलवार को मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना। हैरिस का नवंबर में होने वाले चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति तथा रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबला होगा। ट्रंप ने जे डी वेंस को रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है।

वाल्ज (60) ने अपने राज्य के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का एक महत्वाकांक्षी एजेंडा लागू करने में मदद की थी, जिसमें गर्भपात के अधिकारों के लिए व्यापक सुरक्षा और परिवारों को उदार सहायता शामिल है। हैरिस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वाल्ज ने ''कामकाजी परिवारों के लिए काफी काम किया है।'' उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को इस कदम से देश के ऊपरी मध्य-पश्चिम क्षेत्र में अपने चुनाव अभियान को मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह क्षेत्र राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह डेमोक्रेट के लिए एक तटस्थ के रूप में कार्य करता है। हैरिस ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की आधिकारिक उम्मीदवारी हासिल कर ली।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या, उनके घरों में लूट और मंदिरों में की जा रही है आगजनी

**ढाका, 07 अगस्त (एजेंसियां) ।**



बांग्लादेश में अराजकता चरम पर है। यहां उपद्रवी न सेना की सुन रहे हैं और न ही किसी सरकारी अधिकारी की। वे सिर्फ हिंदुओं को टारगेट कर उनकी हत्या कर रहे हैं और उनके घरों में आग लगा रहे हैं। अब देश के 39 जिलों में इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के बांग्लादेश चैप्टर के अनुसार बांग्लादेश में पिछले 24 घंटों में 39 जिलों के हिंदुओं को टारगेट कर उनकी हत्या की गई है। उनके घरं और मंदिरों में न केवल तोड़फोड़ और लूटपाट की गई, बल्कि उनमें आग भी लगा दी गई, उनके घरों से महिलाओं लड़कियों को जबरन उठा लिया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि इन हमलों में हिंदू नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। वह जान बचाने के लिए इधर से उधर भागते फिर रहे हैं।

बांग्लादेश में पिछले कई महीने से लागातार विरोध प्रदर्शन हो रहा था, लेकिन सोमवार, 4 अगस्त को मामला काफी बिगड़ गया जब प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे कर देश छोड़ दिया। उग्रवादियों ने संसद और प्रधानमंत्री आवास पर कब्जा जमा लिया और लूटपाट किया। लेकिन, हसीना सरकार के जाने के बाद जिसे ज्यादा नुकासान उठाना पड़ा वह बांग्लादेशी हिंदुओं को। शेख हसीना के देश छोड़कर भाग जाने के बाद देश के कई हिस्सों में हिंसा की घटनाओं में रातों-रात 100 और लोगों की हत्या कर दी गई। राजनीति से जुड़े हिंदू नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है और वह अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे हैं।

वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन के बांग्लादेश चैप्टर के मुताबिक ताजा हिंसा में अब तक 39 जिलों में हिंदू नेताओ की हत्या की गई है। रंगपुर में दो हिंदू काउंसलर की हत्या। अवामी लीग से जुड़े हराधन राय की हत्या। काउंसलर काजल रॉय की हत्या। और शेरपुर में श्रीबर्दी उपजिला यूथ काउंसिल के अध्यक्ष के घर पर हमला, तोड़फोड़ और लूट की गई। खुलना में कई हिंदुओ और नेताओ के घर पर हमला और तोड़फोड़ कर सामान लूट ले गए। हमलावरों ने फेनी में बासपारा दुर्गा मंदिर में लूटपाट कर आग लगा दी और पांच हिंदू दुकानों में भी लूटपाट की और आग लगा दी। दिनाजपुर में फुलथाला हिंदू श्मशान घाट पर कब्जा कर लिया जबकि परबातीपुर का काली मंदिर समेत पांच मंदिरों में तोड़फोड़ कर दी। उपद्रवियों ने लक्ष्मीपुर में व्यावसायिक दीपक शाह के घर और दफ्तर पर हमला बोल दिया। ऐसी ही घटना अग्रपुर गांव के नकुल कुमार और सुहसंता चक्रबर्ती के साथ हुई। ऐसी एक नहीं सैकड़ों घटनाएं हैं।

# बांग्लादेश में प्रो. यूनुस के नेतृत्व में आज शपथ लेगी अंतरिम सरकार

**ढाका, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** राजनीतिक उथल-पुथल का सामना कर रहे बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में गुरुवार को अंतरिम सरकार का गठन किया जाएगा। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने बुधवार को अपराह्न में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंतरिम सरकार कल रात आठ बजे शपथ लेगी। उन्होंने कहा कि सलाहकार परिषद में 15 सदस्य होने की संभावना है।



डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार जनरल जमान ने कहा कि सशस्त्र बल अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रो. यूनुस को पूरा समर्थन देंगे। उन्होंने कहा, हम कल (गुरुवार) शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसे अपराह्न में आयोजित करने का प्रस्ताव था, लेकिन प्रो. यूनुस के अपराह्न 2:10 बजे देश में आने की उम्मीद है। उसके बाद समारोह की व्यवस्था करना मुश्किल होगा। इसलिए, हम इसे रात आठ बजे के आसपास आयोजित कर सकते हैं। सेना प्रमुख ने उम्मीद जताई कि तीन-चार दिनों में देश में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में स्थिति में काफी सुधार हो रहा है। पिछले कुछ दिनों में किए गए अपराधों में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि वायु सेना और नौसेना प्रमुख उनके साथ हैं और वे मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रो. यूनुस से बात की है। सेना प्रमुख ने कहा, मुझे उनसे बात करके बहुत अच्छा लगा। मुझे लगा कि वह इस काम को करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। मुझे यकीन है कि वह हमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया की ओर ले जाने में सफल होंगे और इससे हमें फायदा होगा।

उल्लेखनीय है कि बंगलादेश में पांच अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और देश से पलायन करने बाद से यहां अनिश्चितता का माहौल है। इसके बाद हुई हिंसा और दंगों में देश भर में कम से कम 142 लोग मारे गए हैं। उनके इस्तीफे की मांग को लेकर करीब तीन सप्ताह तक हिंसा चली, जिसकी जड़ विद्यार्थियों द्वारा सार्वजनिक सेवा की नौकरियों में कोटा (आरक्षण) प्रणाली में सुधार की मांग से जुड़ी थी। गत 16 जुलाई से लेकर आज तक हिंसक झड़पों में 400 से अधिक लोग मारे गए हैं।

वहीं, 23 जुलाई को सरकार ने एक परिपत्र के माध्यम से विद्यार्थियों की मांग के अनुसार कोटा प्रणाली में सुधार किया, लेकिन तब तक झड़पों में करीब 200 लोग मारे जा चुके थे। प्रदर्शनकारियों ने तीन अगस्त को सुश्री हसीना और उनके मंत्रिमंडल के इस्तीफे की मांग की और मौतों के लिए उनकी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। इसके बाद सरकार तीन दिनों के भीतर ही गिर गई। वर्ष 2009 में सत्ता संभालने के बाद से सुश्री हसीना लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार देश की प्रधानमंत्री थीं।

# रेलवे ने कवच तेजी से लगाने के लिए बनाई विशेष योजना : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेलवे को टक्कर रोधी उपकरण कवच 4.0 से युक्त करने के लिए द्रुत गति से काम शुरू हो गया है जिसके तहत दो साल के भीतर 20 हजार से अधिक लोकोमोटिव अर्थात इंजनों में कवच उपकरण और नौ हजार किलोमीटर के मार्ग को कवच युक्त कर दिया जाएगा।

श्री वैष्णव ने यहां रेल भवन में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कवच के नये 4.0 संस्करण का एसआईएल-4 प्रमाणन होने के बाद उसके औद्योगिक उत्पादन की स्थिति आ चुकी है और तीन विनिर्माता को इसके लिए ऑर्डर जारी किये गये हैं। दो अन्य विनिर्माताओं को मंजूरी दिये जाने की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। इस प्रकार से पांच विनिर्माताओं की कुल उत्पादन क्षमता इतनी हो जाएगी जिससे एक निश्चित समय में रेलवे के समूचे नेटवर्क को कवच युक्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस समय देश में करीब 20 हजार ट्रेनें चल रहीं हैं। पहले चरण में एक साल में 10 हजार और दूसरे साल में 10 हजार इंजनों में कवच फिट कर दिया जाएगा। इसी समय देश के सभी 70 हजार किलोमीटर ट्रैक में प्रत्येक किलोमीटर पर कवच का रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान चिह्न (आरएफआईडी) लगा दिया जाएगा। इसके समानान्तर करीब 8000 स्टेशनों पर कवच उपकरण लगाने का काम शुरू हो जाएगा। दिल्ली मुंबई और दिल्ली हावड़ा मार्ग पर सबसे पहले कवच लगेगा और उसके बाद मुंबई चेन्नई और चेन्नई हावड़ा मार्ग को कवच युक्त किया जाएगा। तत्पश्चात दिल्ली चेन्नई और हावड़ा मुंबई मार्ग पर कवच लगेगा। दो साल में नौ हजार किलोमीटर कवच युक्त हो जाएगा।

रेल मंत्री ने कहा कि स्टेशनों पर कवच लगाने का काम कठिन होता है क्योंकि एक यूनिट में 80-80 कंट्रोल टेबल डिज़ायन होती है। उन्होंने यह भी कहा कि 1465 किलोमीटर ट्रैक पर लगाये जा चुके कवच के पुराने संस्करण का भी 4.0 संस्करण के स्तर पर उन्नयन किया जाएगा। इसके लिए सॉफ्टवेयर अपडेट करने के साथ एंटीना में मामूली सुधार करना होगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश में व्यस्त मार्गों पर स्वचालित सिगनल प्रणाली लगायी जा रही है। अब तय हुआ है कि स्वचालित सिगनल प्रणाली कवच 4.0 के साथ ही लगायी जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि कवच 4.0 की रचना उन्नयन के लिए उपयुक्त है। इसके उन्नयन में केवल संचार प्रणाली के उन्नयन की जरूरत होगी। संचार प्रणाली यूएचएफ सिगनल की बजाय 4जी या 5जी पर लायी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कवच 6.0 के विकास की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जो डायनेमिक ब्लॉक सिस्टम पर आधारित होगा। इसमें रेलवे ट्रैक एवं स्टेशनों पर सिगनल के खंभे लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। और यह विश्व के सबसे सुरक्षित संरक्षा प्रणाली ईटीएस-3 के समकक्ष है।

उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अनेक तकनीकी कदम उठाये जा रहे हैं जिनमें पटरियों के स्विचों की डिजायन बदलना और रेल फ्रैक्चर का पता लगाने के लिए अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन मशीन की जगह उन्नत मल्टीबीम अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन मशीन के उपयोग का फैसला लिया गया है।

लोकोपायलटों की सुविधाओं के बारे में रेल मंत्री ने कहा कि लोकोमोटिव में ड्राइवर कैब को वातानुकूलित बनाने, रनिंग रूम को वातानुकूलित बनाने का काम हो गया है। इसके अलावा इंजनों में शौचालय बनाने का भी काम चल रहा है। 800 पुराने इंजनों में शौचालय बनाये जा चुके हैं और सभी नये इंजन शौचालय युक्त बनाये जा रहे हैं।

# अमरनाथ यात्रा: भक्तों के दर्शन के लिए अमरेश्वर मंदिर में रखी गई छड़ी मुबारक

**श्रीनगर, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**



जम्मू -कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में स्वामी अमरनाथ की चांदी की छड़ी छड़ी मुबारक को 14 अगस्त तक भक्तों और पर्यटकों के दर्शन के लिए यहां स्थित अमरेश्वर मंदिर में रखा गया है। छड़ी मुबारक के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि ने बुधवार को बताया कि छड़ी मुबारक (पवित्र छड़ी), जिसमें से एक भगवान शिव और दूसरी देवी पार्वती की है, को 14 अगस्त को तीर्थयात्रा के मुख्य मार्ग पर रवाना होने तक श्रीनगर के अखाड़ा भवन में अमरेश्वर मंदिर में रखा जाएगा।

महंत गिरि के नेतृत्व में साधुओं के एक समूह ने आज यहां अमरेश्वर मंदिर में छड़ी स्थापना समारोह के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वामी अमरनाथ की छड़ी मुबारक की पूजा की। तीर्थयात्रियों और आम जनता प्रतिदिन सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक पवित्र छड़ी के दर्शन कर सकेंगे। शुक्रवार को नाग-पंचमी (श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी) के अवसर पर शाम 5 बजे मंदिर में पारंपरिक छड़ी पूजन किया जाएगा। महंत गिरि ने कहा कि 9 अगस्त को होने वाले पूजन का सीधा प्रसारण किया जाएगा; पूजन में भाग लेने के इच्छुक भक्त इसे ऑनलाइन देख सकते हैं। वर्ष 2004 में महंत दीपेंद्र गिरि जी द्वारा स्थापित द ट्रू ट्रस्ट ने छड़ी मुबारक स्वामी अमरनाथ जी यात्रा में शामिल होने के लिए देश भर से आने वाले साधुओं और जरूरतमंद लोगों के लिए वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान उनके भोजन, टेंट आवास और परिवहन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। वार्षिक 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 29 जून को दक्षिण कश्मीर के पारंपरिक नुनवान पहलगाम और बालटाल गंदेरबल के दोहरे मार्गों से शुरू हुई थी और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी।

अधिकारियों ने हाल ही में हुई बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए मार्ग की आवश्यक मरम्मत के लिए मंगलवार को पारंपरिक नुनवान पहलगाम अक्ष से यात्रा को स्थगित कर दिया। अब तक पांच लाख से अधिक तीर्थयात्री कश्मीर हिमालय में अमरनाथ की पवित्र गुफा मंदिर में पूजा कर चुके हैं। वार्षिक 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 29 जून को दक्षिण कश्मीर के पारंपरिक नुनवान पहलगाम और बालटाल गंदेरबल के दोहरे मार्गों से शुरू हुई थी और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। अधिकारियों ने हाल ही में हुई बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए मार्ग की आवश्यक मरम्मत के लिए मंगलवार को पारंपरिक नुनवान पहलगाम मार्ग से यात्रा को स्थगित कर दिया।

# छत्तीसगढ़ में बनेगा देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व

**नई दिल्ली/रायपुर 07 अगस्त (एजेंसियां)।**



छत्तीसगढ़ सरकार ने गुरुघासीदास तमोर पिंगला को टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित किया है और यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व होगा। गुरुघासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व 2829.387 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला देश का तीसरा बड़ा टाइगर रिजर्व होगा। आंध्रप्रदेश का नागार्जुनसागर श्रीसैलम टाइगर रिजर्व 3296.31 वर्ग किलोमीटर के साथ देश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। वहीं असम का मानस टाइगर रिजर्व 2837.1 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के साथ देश दूसरा बड़ा टाइगर रिजर्व माना जाता है।

गुरु घासीदास नेशनल पार्क को वर्ष 2021 में टाइगर रिजर्व बनाया गया था, लेकिन कुछ विरोधाभाषों के परिप्रेक्ष्य में इसे अमल में नहीं लाया जा सका था। इससे पहले छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने ही गुरु घासीदास नेशनल पार्क और तमोर पिंगला संेचुरी को मिलाकर टाइगर रिजर्व बनाने का मसौदा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को भेजा था। एनटीसीए ने गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व के रूप में मंजूरी दे दी थी, लेकिन कांग्रेस शासन में रिजर्व एरिया के कोल ब्लॉक, आइल ब्लॉक और मिथेन गैस ब्लॉक होने के कारण मामला अटक गया था। अब जब राज्य में पुनः भाजपा सरकार की वापसी हुई तो टाइगर रिजर्व बनने का रास्ता साफ हो गया।

छत्तीसगढ़ सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक में गुरुघासीदास - तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व गठित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है एवं इसे टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित कर लिया है। इस टाइगर रिज़र्व के गठन से बाघों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि यह क्षेत्र उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। मौजूदा आंकड़ों के आधार पर बाघों की संख्या में सुधार के लिए यह कदम आवश्यक था। नया टाइगर रिज़र्व बाघों के प्राकृतिक आवास को संरक्षित करेगा और उनकी सुरक्षा को बढ़ावा देगा।

टाइगर रिज़र्व के गठन से ईको-पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नये अवसर उत्पन्न होंगे। गाइड, पर्यटक वाहन संचालन, और रिसॉर्ट्स के संचालन के साथ-साथ अन्य पर्यटन संबंधित सेवाओं से स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ होगा। राष्ट्रीय प्रोजेक्ट टाइगर अथॉरिटी से अतिरिक्त बजट प्राप्त होगा, जो क्षेत्र के विकास और आजीविका सुधार के लिए उपयोगी होगा।

# बजट को लोकसभा की मंजूरी, जमीन-जायदाद सौदों पर इंडेक्सेशन लाभ का विकल्प बरकरार

**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**

लोकसभा ने जमीन जायदाद पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर की प्रस्तावित नई व्यवस्था में करदाताओं को राहत देने वाले संशोधन प्रस्ताव समेत कुल 45 सरकारी संशोधनों के साथ वित्त विधेयक 2024(2) को स्वीकृति प्रदान करने के साथ वर्ष 2024-25 के बजट प्रस्तावों को बुधवार को मंजूरी दे दी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयक में दीर्घकालीन पूंजीगत संपत्तियों (भूमि और भवन या दोनों) के हस्तांतरण/ बिक्री पर व्यक्तियों और अविभाजित हिंदू परिवार को राहत देते हुये प्रस्ताव किया कि 23 जुलाई 2024 (बजट पेश किये जाने की तिथि) से पहले खरीदी गयी जमीन जायदाद की बिक्री या हस्तांतरण पर इंडेक्सेशन (महंगाई दर समायोजन) के साथ 20 प्रतिशत या बिना इंडेक्सेशन के 12.5 प्रतिशत की दर, जिसमें कम कर दर हो उसे लागू किया जायेगा। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त संशोधन सहित कुल 45 संशोधनों को सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी।



इस तरह की संपत्तियों पर अब तक इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत की दर से दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ लागू होता था। वित्त मंत्री बजट में कर की दर को 12.5 प्रतिशत करने के साथ ही 2001 की कीमत के आधार पर गणना की जाने वाली इंडेक्सेशन की सुविधा को समाप्त कर दिया था। इंडेक्सशन को बहाल रखने की संसद के अंदर और बाहर उठी मांग को ध्यान में रखते हुये वित्त मंत्री ने इस संबंध में नये संशोधन का प्रस्ताव किया था जिसके पारित होने पर अब करदाताओं के सामने दोनों विकल्प होंगे लेकिन इंडेक्सेशन के लिये अब कट ऑफ तिथि 23 जुलाई 2024 होगी। वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुये कहा कि मोदी सरकार जनता की बातों पर ध्यान देते हुए फैसला करती है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन से जमीन जायदाद की खरीद-बिक्री पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा।

उन्होंने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पालिसी प्रीमियम पर 18 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवाकर (जीएसटी) को समाप्त करने की विपक्ष की मांग को महज राजनीति बताते हुए कहा कि बिना प्रीमियम पर राज्यों में कर जीएसटी लागू होने से पहले से चला आ रहा था। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जीएसटी परिषद की कई बैठकों में चर्चा हो चुकी है। वह विपक्ष की इन बातों को जीएसटी परिषद की बैठक को बतायेंगी। श्रीमती सीतारमण ने विपक्ष से सवाल किया, आप में से किसने अपनी सरकार वाले राज्यों के वित्त मंत्रियों को इस बारे में पत्र लिखा है। इस मुद्दे पर अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी नितिन गडकरी की चिट्ठी का विपक्ष द्वारा जिक्र जाने पर उन्होंने कहा कि लोगों के ज्ञापन पर मंत्रियों द्वारा इस तरह के पत्र लिखना सामान्य बात है। विपक्ष इसको लेकर राजनीति कर रहा है। श्रीमती सीतारमण ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कम किये जाने की विपक्ष की मांग को भी उसका दोहरा चरित्र बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने जनता को राहत देने के लिये नवंबर 2021 और मई 2022 में उत्पाद शुल्क में कटौती की जिससे कुल मिलाकर पेट्रोल 13 रुपये और डीजल 16 रुपये प्रति लीटर कम हुआ। इसके अलावा मार्च 2024 में भी पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतों में दो रुपये की कमी की गयी लेकिन हिमालच प्रदेश, कर्नाटक और पंजाब जैसे राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारों ने डीजल पेट्रोल पर राहत देने की बजाए जनता का बोझ बढ़ाया। तमिलनाडु में डीजल और पेट्रोल को पांच रुपये तक सस्ता करने का वादा था लेकिन केवल पेट्रोल पर तीन रुपये की कटौती की।

वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार लगातार मध्यम वर्ग को कर में राहत देने के प्रावधान करती आई है। उन्होंने चालू बजट में वेतन भोगी कर दाताओं के लिये मानक कटौती 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये किये जाने, स्टार्टअप पर एंजिल कर कम किये जाने जैसे कदमों का जिक्र किया। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि टैक्स टेरोरिज्म और बांह मरोड़कर पैसा वसूलने की बाते 2014 से पहले की हैं। उनकी सरकार ने कर व्यवस्था को सरल बनाया है, जिससे कर दाताओं का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने इसी संदर्भ में कर रिटर्न करने वालों की संख्या में वृद्धि का भी उल्लेख किया। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार चालू वित्तवर्ष के बजट में कच्चे माल, कई दुर्लभ खनिजों सोना-चांदी जैसी महंगी धातुओं और इलेक्ट्रानिक यंत्रों के निर्माण में काम आने वाले यंत्रों और प्रणालियों पर आयात शुल्क कम किया है, ताकि घरेलू विनिर्माण उद्योगों को प्रोत्साहन मिल सके और रोजगार के अवसर बढ़ें।

# बांग्लादेशी प्रवासियों के संभावित पलायन पर समुद्री थानों को सतर्क किया गया

**केंद्रपाड़ा, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**

ओड़ीशा में केंद्रपाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ कटारिया ने बुधवार को जिले के सभी तीन समुद्री थानों को समुद्री मार्ग के माध्यम से भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में बांग्लादेशी प्रवासियों के संभावित पलायन को रोकने के लिए सतर्क रहने के लिए कहा।

ओड़ीशा के पास देश की सबसे बड़ी तटरेखा में से एक है, जो बंगाल की खाड़ी के साथ 480 किमी तक फैली हुई है। इससे पहले 26/11 के आतंकवादी हमले के बाद समुद्री थानों की स्थापना के बावजूद ओड़ीशा तट पूर्ण रूप से संरक्षित नहीं है। अतीत में ऐसे कई उदाहरण सामने आ चुके हैं जब म्यांमार, थाईलैंड और प्रायः बांग्लादेश से मछली पकड़ने वाले जहाजों को वन अधिकारियों या तटरक्षक बलों द्वारा जब्त किया जा चुका है। बांग्लादेश में अशांति को ध्यान में रखते हुए, बांग्लादेश से भारत में पलायन होने की आशंका है, विशेष रूप से समुद्री रास्तों से।

भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के किनारे और तटीय केंद्रपाड़ा जिले में अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लेने के लिए जलमार्ग के माध्यम से बंगलादेशियों के संभावित पलायन को ध्यान में रखते हुए, पुलिस अधीक्षक ने समुद्री पुलिस स्टेशनों को स्थिति पर कड़ी नजर रखने के लिए सतर्क किया है। केंद्रपाड़ा से गुजरने वाला समुद्री तट अक्सर आश्चर्यचकित करता है, क्योंकि बंगलादेशियों का अवैध आगमन जारी है। आज, केंद्रपाड़ा और जगतसिंहपुर तट जैसे क्षेत्र मिनी-बांग्लादेश बन चुके हैं, जहां प्रति वर्ष प्रवासियों की आबादी बढ़ती जा रही है। तट के कई संवेदनशील बिन्दु हैं लेकिन समुद्री पुलिस स्टेशन स्थापित करने के अलावा राज्य मशीनरी अधिकांश समुद्री पुलिस स्टेशनों में स्वीकृत संख्या को भरने में विफल रही है और अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए गहरे समुद्र में प्रवेश करने के लिए समुद्री पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों को आधुनिक उपकरण और समुद्री जहाज प्रदान करने में भी विफल रही है।

बंगलादेशी घुसपैठिए ज्यादातर मई-सितंबर महीने के दौरान तटीय केंद्रपाड़ा जिले में घुसपैठ करने में कामयाब हो जाते हैं ताकि तटों के पास झींगा व्यवसाय कर सकें। उनमें से कुछ तटीय जिलों में बसे अपने रिश्तेदारों के घर झींगा पालन में अपने रिश्तेदारों की मदद करने के लिए भी आते हैं। सितंबर के महीने में, कुछ बंगलादेशी अप्रवासी झींगे की कटाई के बाद अपने देश लौट गए, जबकि कुछ अवैध रूप से राजनगर और महाकालपाड़ा ब्लॉकों के तटीय इलाकों में स्थायी रूप से बसने में कामयाब रहे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि अधिकांश बंगलादेशी प्रवासी बंगलादेश के जशोर, खुलना, बारीसाल और फरीदपुर जिलों से आ रहे हैं। सभी अवैध प्रवासियों ने अपनी राष्ट्रीयता छिपाई और पश्चिम बंगाल के मिदनापुर का मूल निवासी बताकर खुद को पेश किया।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि बंगलादेशी घुसपैठियों की पहचान करना एक मुश्किल काम हो गया है क्योंकि प्रवासियों की शारीरिक बनावट और भाषा स्थानीय लोगों के समान है, जो पश्चिम बंगाल से आए हैं। केंद्रपाड़ा के पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महाकालपाड़ा और राजनगर प्रखंडों के तटीय इलाकों में बंगलादेशियों के पलायन को रोकने के लिए एहतियात के तौर पर तीनों समुद्री पुलिस थानों के कर्मियों को हाई अलर्ट पर रखने का निर्णय लिया गया है।

जमीनी स्तर के कर्मचारियों को तट पर किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। मछली पकड़ने के लिए समुद्र में जाने वाले मछुआरों को भी सतर्क किया गया है और उनसे कहा गया है कि अगर उन्हें बंगाल की खाड़ी में तट के पास कोई विदेशी नौका दिखे तो वे इसकी सूचना दें। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि समुद्री पुलिस पारादीप के तटरक्षक बल कर्मियों के साथ मिलकर तट की सुरक्षा कर रही है।

# नेता विपक्ष के आचरण से लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर हुई: धनखड़

**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को सदन में जम्मू कश्मीर विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों के आचरण को खेदजनक बताते हुए कहा कि इससे लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर होती है।

श्री धनखड़ ने कहा कि चर्चा के बीच उन्हें सदन में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी का एक लिखित संदेश मिलता है, जिसमें लिखा गया था कि नेता विपक्ष एक अत्यावश्यक मुद्दे पर बोलना चाहते हैं लेकिन इसमें यह नहीं लिखा था कि वह किस विषय पर बोलना चाहते हैं। सभापति ने कहा कि नेता विपक्ष को सभी नियमों का पता है, उसके बावजूद वह इस तरह का आचरण करते हैं यह बेहद अफसोस की बात है। श्री खडगे को बोलने की अनुमति नहीं मिलने पर कांग्रेस सदस्यों की सदन में नारेबाजी तथा बाद में उनके बहिर्गमन को अनुचित बताते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपने आचरण पर आत्मचिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी जो सदन में हुआ वह गरिमा के अनुरूप नहीं है। आसन को बार बार चुनौती देना और नारेबाजी करने को सही नहीं ठहराया जा सकता।

उन्होंने कहा कि यदि नेता विपक्ष कुछ कहना चाहते हैं तो इसका तरीका होता है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को यह जानकर दुख होगा कि उन्होंने इस तरह के लोगों को राज्यसभा में भेजा है। यह आचरण लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि इस सदन का काम लोकतंत्र की नींव को मजबूत करना है और नेता विपक्ष की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि वह नेता विपक्ष और कांग्रेस के सदस्यों से अपील करते हैं कि वे आत्मचिंतन करें। नेता विपक्ष विषय बताये बिना बोलने के लिए मंच चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के इस आचरण से उन्हें बहुत दुख हुआ है। विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन पर उन्होंने कहा कि यह अपने संवैधानिक कर्तव्यों से भागने के समान है। यह संसद सदस्य के रूप में ली गयी शपथ का उल्लंघन है।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

यह आपके बच्चों के हितों को हानि पहुँचा सकता है। जो लोग दुग्ध उद्योग से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ होने की प्रबल संभावना है। आपका लापरवाह रवैया आपके माता-पिता को दु:खी कर सकता है। कोई भी नयी परियोजना शुरू करने से पहले उनकी राय भी जान लें। आज प्यार के नज़रिए से दिन काफ़ी विवादास्पद रहेगा। चीज़ें कार्यक्षेत्र में बेहतर नज़र आती हैं। पूरे दिन आपका मिज़ाज बढ़िया रहेगा। आज आपके करीबी लोग आपके करीब आने की कोशिश करेंगे लेकिन अपने मन को शांत बनाए रखने के लिए आप एकांत में समय बिताना पसंद करेंगे।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखें क्योंकि यदि आप ऐसा नहीं करते तो उनकी तबीयत बिगड़ सकती है और आपको उनके स्वास्थ्य पर काफी पैसा खर्च करना पड़ सकता है। अगर आप खुले दिल से अपनी बात रखें, तो आपकी मोहब्बत आज आपके सामने प्यार के फ़रिश्ते के रूप में आएगी। आज घर के लोगों के साथ बातचीत करते दौरान आपके मुंह से कोई ऐसी बात निकल सकती है जिससे घर के लोग नाराज हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कई उतार-चढ़ाव के बाद एक-दूसरे के प्यार को सराहने का यह सही दिन है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आपकी दिलचस्प रचनात्मकता आज घर के वातावरण को सुखद बनाएगी। जो लोग अपने प्रेमी से दूर रहते हैं उन्हें आज अपने प्रेमी की याद सता सकती है। ख़ास तौर पर तब जब दूसरे आपका विरोध करें, जिसकी कामकाज के दौरान संभावना है। अपने व्यक्तित्व और रंग-रूप को बेहतर बनाने का कोशिश संतोषजनक साबित होगी। आपका जीवनसाथी हाल में हुई खटपट को भुलाकर अपने अच्छे स्वभाव का परिचय देगा।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

अपने स्वास्थ्य को लेकर ज़्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। धन से जुड़ा कोई मसला आज हल हो सकता है और आपको धन लाभ हो सकता है। बच्चे की पढ़ाई के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। इस समय जो समस्याएँ आपको झेलनी पड़ रही हैं, वे क्षणिक हैं और समय के साथ वे ख़ुद-ब-ख़ुद ख़त्म हो जाएंगी। आज आपके पास अपनी धनार्जन की क्षमता को बढ़ाने के लिए ताक़त और समझ दोनों ही होंगे। वक्त से बढ़कर कुछ नहीं होता। अपने घर परिवार के साथ समय बिताने की जरुरत होती है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आप घूमने-फिरने और पैसे ख़र्च करने के मूड में होंगे- लेकिन अगर आपने ऐसा किया तो बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। जिन लोगों के साथ आप रहते हैं वे आपसे बहुत ख़ुश नहीं होंगे, चाहे आपने इसके लिए कुछ भी क्यों न किया हो। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। आपको याद रखने की ज़रूरत है कि भगवान उसी की मदद करता है, जो ख़ुद अपनी मदद करता है। अपने जीवनसाथी के किसी काम की वजह से आप कुछ शर्मिन्दगी महसूस कर सकते हैं।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

बिन बुलाया कोई मेहमान आज घर में आ सकता है लेकिन इस मेहमान की किस्मत की वजह से आज आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। आपकी स्वच्छन्द जीवनशैली घर में तनाव पैदा कर सकती है, इसलिए देर रात तक बाहर रहने और ज़्यादा ख़र्च करने से बचें। नए कामों को पूरा करने में महिला सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आपका व्यक्तित्व ऐसा है कि ज़्यादा लोगों से मिलकर आप परेशान हो जाते हैं और फिर अपने लिए वक्त निकालने की कोशिश करने लग जाते हैं। इस लिहाज़ से आज का दिन आपके लिए बहुत उम्दा रहने वाला है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

अपने व्यक्तिगत जीवन से थोड़ा समय निकालकर दान-पुण्य के कामों में कुछ समय लगाएँ। इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी, लेकिन इसके लिए अपनी निजी ज़िंदगी को दरकिनार न करें। आपको दोनों पर ही बराबर ध्यान देने की ज़रूरत है। आज आपके और आपके प्यार के बीच कोई आ सकता है। कुछ सहकर्मी कई अहम मुद्दों पर आपकी कार्यशैली से नाख़ुश होंगे, लेकिन यह वे आपको बताएंगे नहीं। अगर आपको लगता है कि परिणाम आपकी उम्मीद के मुताबिक़ नहीं आ रहे हैं, तो अपनी योजनाओं का फिर से विश्लेषण कर उनमें सुधार लाना बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आपका लापरवाह रवैया आपके माता-पिता को दु:खी कर सकता है। कोई भी नयी परियोजना शुरू करने से पहले उनकी राय भी जान लें। जो लोग अपने प्रेमी से दूर रहते हैं उन्हें आज अपने प्रेमी की याद सता सकती है। कामकाज के मामले में आज आपकी आवाज़ पूरी तरह सुनी जाएगी। यात्रा और शिक्षा से जुड़े काम आपकी जागरुकता में वृद्धि करेंगे। कोई पुराना दोस्त आपके और आपके जीवनसाथी की साझा यादों को तरोताज़ा कर सकता है।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

घर की छोटी-छोटी चीजों पर आज आपका बहुत धन खराब हो सकता है जिसकी वजह से आप मानसिक तनाव में आ सकते हैं। ऐसे काम करें जिनसे आपको ख़ुशी मिले, लेकिन दूसरों के मामलों में दख़लअंदाज़ी से बचें। यदि कोई समस्या है तो उसे टालें नहीं, बल्कि जल्दी-से-जल्दी उसका समाधान ढूंढने की कोशिश करें। अगर आपको लगता है कि कुछ लोगों की संगति करना आपके लिए ठीक नहीं है और उनके साथ रहकर आपका समय बर्बाद होता है तो उनका साथ आपको छोड़ देना चाहिए।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

दिन की शुरुआत में ही आज आपको कोई आर्थिक हानि हो सकती है जिससे सारा दिन खराब हो सकता है। जीवनसाथी आपका ख़याल रखेगा। आज के दिन किसी के साथ छेड़खानी करने से बचें। काम को मनोरंजन के साथ न मिलाएँ। आज आपको अपने कामों को समय पर निपटाने की कोशिश करनी चाहिए। ख्याल रखें कि घर पर आपका कोई इंतजार कर रहा है जिसको आपकी जरुरत है। जीवनसाथी के ख़राब स्वास्थ्य की वजह से आपका कामकाज प्रभावित हो सकता है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आपमें से कुछ लोगों को आज महत्वपूर्ण फ़ैसला लेने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है, जिससे आप तनावग्रस्त और चिंतित हो सकते हैं। आपके घर से जुड़ा निवेश फ़ायदेमंद रहेगा। घरेलू मामलों और काफ़ी समय से लंबित घर के काम-काज के हिसाब से अच्छा दिन है। आपको अपनी रसिक कल्पनाओं पर अधिक ग़ौर करने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि संभव है कि वे आज सच हो जाएँ। अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू में जाने के लिए अच्छा समय है। कोई धार्मिक ग्रंथ पढ़ के आजके दिन को आप अच्छी तरह से व्यतीत कर सकते हैं।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। ऐसे दोस्तों के साथ बाहर जाएँ जो आपके हालात और ज़रूरतों को समझते हैं। कोई आपको प्यार से दूर नहीं कर सकता है। आज आपके पास अपनी धनार्जन की क्षमता को बढ़ाने के लिए ताक़त और समझ दोनों ही होंगे। आपका संगी आपसे सिर्फ कुछ समय चाहता है लेकिन आप उनको समय नहीं दे पाते जिससे वो खिन्न हो जाते हैं। आज उनकी यह खिन्नता स्पष्टता के साथ सामने आ सकती है। आपको महसूस होगा कि आपका वैवाहिक जीवन बहुत ख़ूबसूरत है।

## गुरुवार का पंचांग

दिनांक : 08 अगस्त 2024 , गुरुवार
विक्रम संवत : 2081
मास : श्रावण , शुक्ल पक्ष
तिथि : चतुर्थी रात्रि 12:38 तक
नक्षत्र : उत्तराफाल्गुनी रात्रि 11:34 तक
योग : शिव दोपहर 12:38 तक
करण : वणिज प्रातः 11:21 तक
चन्द्रराशि : कन्या
सूर्योदय : 05:57 , सूर्यास्त 06:45 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:06, सूर्यास्त 06:43 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:58 , सूर्यास्त 06:37 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:50, सूर्यास्त 06:36 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

शुभ : 06:00 से 07:30
चल : 10:30 से 12:00
लाभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : दोपहर 01:30 से 03:00
शुभ : 04:30 से 06:00
दिशाशूल : दक्षिण दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : विनायक चतुर्थी , भद्रा प्रातः 11:20 से रात्रि 12:3 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

### 75वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव

# आगामी पांच साल में होंगे 50 करोड़ पौधारोपण : सीएम




**जयपुर,07 अगस्त (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हम ईश्वर का वास मानकर वृक्षों, नदियों और पहाड़ों को पूजते हैं। राज्य सरकार द्वारा भी इसी सोच के साथ आज हरियाली तीज के अवसर पर एक ही दिन में प्रदेश भर में एक करोड़ से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। इन पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधों की जियो टैगिंग भी की जाएगी। हम सभी को इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए, ताकि हरियालो राजस्थान का निर्माण हो सके।

सीएम शर्मा बुधवार को हरियाली तीज के अवसर पर दूदू के गाडोता में आयोजित 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव में उपस्थित जनसमूह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान वह धरा है, जहां मां अमृता देवी सहित 363 लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जीवन का बलिदान किया था। पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का यह एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पेड़ों के संरक्षण की दिशा में वन महोत्सव एक आशा की किरण के रूप में उभरा है। मानसून का यह समय पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त है, क्योंकि इस समय लगाए गए पौधे शीघ्र बढ़ते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस के दिन एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया।

यह उनका प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान का अनुकरणीय भाव है। उन्होंने कहा कि यह अब जनअभियान बन गया है। हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर मां और धरती मां को सम्मान दे रहा है। उन्होंने आमजन से एक पेड़ मां के नाम लगाने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्थानीय समुदायों, एनजीओ, शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय निकायों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2020 में नगर वन योजना की भी शुरूआत की गई। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि मोदी जी की पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा से राज्य सरकार ने इस वर्ष मुख्यमंत्री पौधारोपण महाअभियान प्रारम्भ कर सात करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया है। सरकार इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत आगामी 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

लगाये गये पौधों को पेड़ बनाने के लिए पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न विभागों, गैर सरकारी संस्थाओं, ग्राम पंचायतों, शहरी निकायों एवं आमजन को पौध उपलब्ध कराकर तकनीकी सहायता भी दी जा रही है, ताकि पौधारोपण को गति मिल सके।

### दौसा में खुर्शीद के बयान पर राठौड़ बोले

# कांग्रेसी चाहते हैं भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति बने



**दौसा,07 अगस्त (एजेंसियां)।** जब से बांग्लादेश अवामी लीग नेता शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ा है। उसके बाद से कई तरह के बयान कांग्रेस की तरफ से आने लगे हैं। इनमें से पिछले दिनों सलमान खुर्शीद ने यहां तक कह दिया था कि हो सकता है, जिस तरह बांग्लादेश में हालात हुए हैं। वह हालत भारत में भी पैदा हो जाएं। वहीं, सलमान खुर्शीद के बयान पर तंज कसते हुए राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा, कांग्रेस के अंदर ऐसे बहुत से लोग हैं। जो चाहते हैं बांग्लादेश की तरह भारत में भी हो जाए। इधर, कांग्रेस पर हमला बोलते हुए राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा, कांग्रेस बौखला गई है, बेचैन हो गई है। कांग्रेस को ऐसा लग रहा था कि यह सत्र नहीं चला पाएंगे। लेकिन इतना शानदार सत्र निकलने के बाद कांग्रेस में बौखलाहट है। इसी के चलते गलत शब्दों का इस्तेमाल गलत भावों का इस्तेमाल करना, यह सब इन कांग्रेसियों की नीति थी।

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा है कि ऐसा लगता है कि सलमान खुर्शीद ऐसा चाहते हैं कि जैसा बांग्लादेश में हुआ है वैसा भारत में भी हो जाए। ऐसी सोच सलमान खुर्शीद की ही नहीं, बल्कि कई कांग्रेसियों की है। जो चाहते हैं देश बंटे। चाहे जाति में बंटे या धर्म के नाम पर बंटे। ऐसी कांग्रेस की सोच है। बीजेपी की सोच कांग्रेस की सोच बिल्कुल विपरीत है। हम चाहते हैं, देश एक साथ सभी के विकास के साथ मजबूत देश बने।

# 11 अगस्त को होगा विशाल नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर आयोजित

**अजमेर,07 अगस्त (एजेंसियां)।** अजयमेरु प्रेस क्लब, सावन सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजमेर और पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 11 अगस्त को अजमेर में विशाल नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में वैदिक जन्म कुंडली, लाल किताब, हस्त रेखा, मस्तिष्क रेखा, वास्तु, अंकगणित, केपी पद्धति और मंत्र ज्योतिष आदि विधाओं से ज्योतिषीय परामर्श दिया जाएगा।

अजयमेरु प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र गुंजल ने बताया कि रविवार 11 अगस्त को अजमेर के वैशाली नगर स्थित अजयमेरु प्रेस क्लब में सुबह 10:00 से 2:00 तक विशाल नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वैदिक, जन्मकुंडली, हस्त रेखा, मस्तिष्क रेखा, वास्तु, अंकगणित, टैरो कार्ड, लाल किताब, केपी और मंत्र ज्योतिष चिकित्सा सहित अन्य विधाओं के विद्वान ज्योतिषाचार्य लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। ज्योतिष परामर्श शिविर में पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ. अनीष व्यास जन्मकुंडली के माध्यम से लोगों की ज्योतिषीय समस्याओं का समाधान करेंगे।

अजयमेरु प्रेस क्लब के महासचिव सत्यनारायण झाला ने बताया कि विशाल नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में 15 से अधिक विद्वान ज्योतिषाचार्य अपनी सेवाएं देंगे। इसमें डॉ. मनोज गुप्ता, पंडित डॉ. अनीष व्यास, शमशेर सिंह, सुकांत पांडे, लक्ष्मी राय, कीर्ति गुप्ता, विश्वास भट्ट, रंजीता व्यास, सुमित रामदेव, नितिका शर्मा, हेमा टांक, शिवानी गौतम, दिनेश भट्ट, नीता शर्मा, साकेत भारद्वाज, सुमन राठौड़ सहित अन्य ज्योतिषी अपनी सेवाएं देंगे। नि:शुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर में जयपुर के अलावा जोधपुर उदयपुर कोटा नई दिल्ली अहमदाबाद इंदौर भोपाल सूरत मुंबई के विद्वान ज्योतिषाचार्य अपनी सेवाएं देंगे।

# रेलवे टिकट कालाबाजारी केस में एक आरोपी गिरफ्तार

### आईआरसीटीसी अधिकृत एजेंट नहीं होने पर भी बेचता था टिकट

**चित्तौड़गढ़,07 अगस्त (एजेंसियां)।** रेलवे में टिकट रिजर्वेशन में वेटिंग बढ़ती जा रही है। कई व्यक्तियों को समय पर टिकट का रिजर्वेशन नहीं होने पर यात्रा कैंसिल करनी पड़ती है। वहीं, दूसरी और ई-टिकटिंग की कालाबाजारी बढ़ती जा रही है। ऐसी ही ई-टिकटिंग की कालाबाजारी का मामला पकड़ा है। इसमें एक दुकानदार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब डेढ़ लाख मूल्य के 57 ई-टिकट पकड़े हैं। इस संबंध में रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। रतलाम रेल मंडल में ई-टिकट की कालाबाजारी के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) चित्तौड़गढ़ के थानाधिकारी नाथूराम जाट ने बताया कि रेलवे के आरक्षित ई-टिकटों की कालाबाजारी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। निंबाहेड़ा में भी इस तरह की सूचना मिल रही थी। इस पर अपराध शाखा रतलाम के उप निरीक्षक किरण हठीला मय स्टॉफ के टीम निंबाहेड़ा पहुंची। इस टीम ने आजाद कॉलोनी मार्ग निंबाहेड़ा निवासी मुकेश पुत्र सागरमल चौपड़ा को पकड़ा। यह रेलवे के आरक्षित टिकटों की कालाबाजारी में लिप्त पाया गया।

बता दें कि इससे 60 रेलवे के आरक्षित टिकट पकड़े, जिनका अनुमानित मूल्य एक लाख 38 हजार 460 रुपये था। यह मौके पर एक टिकट भी बना रहा था, जिसे जब्त किया है। एक एचपी कंपनी का सीपीयू भी जब्त किया है, जिससे टिकट बुक किए जा रहे थे। आरपीएफ थानाधिकारी ने बताया कि टीम आरोपित को पकड़कर आरपीएफ थाने लेकर आई। यहां अनुसंधान अधिकारी उप निरीक्षक जनक सिंह ने इसे पूछताछ की। इसमें इसने चित्तौड़ी गेट निंबाहेड़ा पर चोपड़ा एयर ट्रैवेल्स एवं रेलवे रिजर्वेशन के नाम से दुकान पर छह पर्सनल आईडी से टिकट बनाना स्वीकार किया।

# राजस्थान की एक सीट पर तीन सितंबर को होगा उपचुनाव

### बीजेपी और कांग्रेस में किसका पलड़ा भारी

**जयपुर,07 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान में राज्यसभा की एक रिक्त सीट के लिए उपचुनाव तीन सितंबर को होगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया 14 अगस्त को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राज्यसभा उपचुनाव की प्रक्रिया राज्य विधानसभा परिसर में होगी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, केसी वेणुगोपाल के राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने पर रिक्त हुए स्थान के लिए यह उपचुनाव हो रहा है। इस सीट पर सदस्यता का कार्यकाल 21 जून, 2026 तक रहेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उपचुनाव के लिए 21 अगस्त तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे।

नामांकन पत्रों की संवीक्षा 22 अगस्त को होगी। जबकि 27 अगस्त तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। आवश्यक होने पर मतदान तीन सितंबर को प्रातः नौ बजे से सायं चार बजे तक होगा। मतगणना इसी दिन सायं पांच बजे से होगी। चुनाव प्रक्रिया छह सितंबर तक संपन्न कर ली जाएगी। गौरतलब है कि राजस्थान सहित देश के नौ राज्यों में राज्यसभा की कुल 12 सीटों पर उपचुनाव संपन्न होने हैं। इनमें से 10 सीटें तत्कालीन सदस्यों के 18वीं लोकसभा का सदस्य चुने जाने और दो सीटें सदस्यों के त्याग-पत्र देने के कारण रिक्त हुई हैं। चुनाव में बीजेपी का पलड़ा भारी दिख रहा है। प्रदेश में बीजेपी के 115 विधायक हैं, जबकि गठबंधन नेताओं को मिलाकर कांग्रेस विधायकों की संख्या कुल 74 है। इस लिहाज से राज्यसभा चुनाव में बीजेपी मजबूत स्थिति में है और कांग्रेस की यह सीट बीजेपी के खाते में जाने की संभावना है। अगर यह आंकलन में हकीकत में परिवर्तित होता है तो बीजेपी और कांग्रेस के खाते में बराबर सीटें हो जाएंगी। वर्तमान में राजस्थान की 10 राज्यसभा सीटों में से छह कांग्रेस के पास हैं, जबकि चार बीजेपी के पास है।

# सिरसा में डेरे की गद्दी को लेकर विवाद

### इंटरनेट सेवा बंद, पुलिस और आरपीएफ तैनात




**सिरसा,07 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के सिरसा में डेरा जगमालवाली के संत बहादुर चंद वकील साहिब की अंतिम अरदास व भोग कार्यक्रम वीरवार को होगा। इसको लेकर पुलिस व प्रशासन काफी सतर्क है। विवाद की आंशका के चलते जिले में बुधवार शाम 5 बजे से ही इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है, जोकि वीरवार रात 12 बजे तक बाधित रहेगी। सुरक्षा के दृष्टि से डेरे में पुलिस की आठ और आरएएफ की एक कंपनी तैनात की गई है।

संत वकील साहिब के चोला छोड़ने के बाद डेरे की गद्दी को लेकर विवाद चल रहा है। इसको लेकर दो गुट बने हुए हैं। चार दिन पहले ही संगत ने डेरे के पूर्व प्रमुख संत मैनेजर साहब के भतीजे गुरप्रीत सिंह को गद्दी के लिए बैठाया था। वीरवार को गद्दी व वसीयतनामे को अपने नाम होने की बात कहने वाले विरेंद्र सिंह ढिल्लों भी डेरे में पहुंच गए। उनके आने से दूसरे पक्ष के लोग विरोध जता रहे हैं। ऐसे में पुलिस बल को तैनात किया गया है। इस दौरान संत वकील साहब के भाई के बेटे विष्णु व विरेंद्र सिंह ढिल्लों ने पत्रकारों से बातचीत की। विरेंद्र सिंह ने कहा कि उन पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वह गलत हैं। संत वकील साहिब से उनका पहले से प्यार था और वह आज भी जारी है। उन्होंने कहा कि संत वकील साहिब के देहांत से 6 दिन पहले तक उनकी कोई बात ही नहीं हुई थी। 22 जुलाई को वह उनसे अस्पताल में मिलने गए थे। इसके बाद विष्णु का ही फोन उनके पास आया था कि संत वकील से कोई मिलना चाहता है तो मिल ले। वह अब लंबे समय तक जीवित नहीं रहेंगे। विरेंद्र सिंह ने कहा कि उनकी गद्दी की कोई कामना नहीं है और न ही वह कोई सत्संग करेंगे। डेरे का कार्यभार मैनेजमेंट कमेटी संभालेगी।

### हरियाणा राज्यसभा सीट उपचुनाव की तारीख का ऐलान

# तीन सितंबर को होगा चुनाव उसी दिन मतगणना भी

**चंडीगढ़,07 अगस्त (एजेंसियां)।** भारत चुनाव आयोग की तरफ से देश के नौ राज्यों में राज्यसभा सीट के लिए चुनाव की तारीखों का एलान किया गया है। इसके तहत हरियाणा राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव सितंबर में होगा। चुनाव के लिए तीन सितंबर की तारीख तय की गई है। इस संबंध में 14 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। चुनाव आयोग की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्यसभा सीट के चुनाव के लिए नामांकन 21 अगस्त तक किया जा सकता है। 22 अगस्त को प्रत्याशियों के नामांकन की स्क्रूटनी की जाएगी। 27 अगस्त को नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख तय की गई है। तीन सितंबर को राज्यसभा सीट के लिए मतदान होगा। इसके लिए सुबह नौ से शाम चार बजे तक मतदान किया जाएगा। उसी दिन पांच बजे के बाद मतगणना के बाद चुनाव के नतीजे भी घोषित किए जाएंगे।

# प्राइवेट अस्पताल के बाहर बाइक सवार बदमाशों ने किया हवाई फायर

### कुछ दिन पहले मांगी गई थी रंगदारी

**करनाल,07 अगस्त (एजेंसियां)।** करनाल शहर के प्रख्यात श्री रामचंद्र मेमोरियल हॉस्पिटल के बाहर बाइक सवार दो बदमाश हवाई फायर कर फरार हो गए। हवाई फायर से अस्पताल में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर एसपी मोहित हांडा सीआईए व एसटीएफ की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी कर दी।



जानकारी अनुसार श्री रामचंद्र मेमोरियल हॉस्पिटल के मालिक डॉक्टर कमल चराय को कुछ दिन पहले रंगदारी मांगने का फोन आया था। इसके बाद डॉक्टर ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस द्वारा अस्पताल के बाहर दो सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। शाम को जब बाइक सवार बदमाश आए तो दोनों सुरक्षाकर्मी सड़क पर ही थे। वहीं बताया जा रहा है कि लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप के बदमाश भानु राणा ने वारदात कबूली है। 50 लाख रुपये की रविवार को रंगदारी मांगी थी।

# सावन में मस्तिष्क पर लगाए शिव का त्रिपुंड





**डॉ. अनीष व्यास**
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

सावन माह में भगवान शिव की आराधना उत्तम मानी गई है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए यह श्रेष्ठ माह माना जाता है। पूरे माह भक्त पूरी श्रद्धा से भगवान शिव और उनके परिवार की पूजा की जाती है। सावन के सभी सोमवार का अपना महत्व होता है। इस साल सावन 22 अगस्त तक रहेगा। मान्यता है कि सावन मास में भोलेनाथ की अराधना करने से सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि शिव पुराण के अनुसार भस्म सभी प्रकार के मंगलों को देने वाला है। यह दो प्रकार का होता है। पहला- महाभस्म और दूसरा- स्वल्पभस्म। महाभस्म के तीन प्रकार श्रौत, स्मार्त और लौकिक हैं। श्रौत और स्मार्त द्विजों के लिए और लौकिक भस्म सभी लोगों के उपयोग के लिए होता है। द्विजों को वैदिक मंत्र के उच्चारण से भस्म धारण करना चाहिए। दूसरे लोग बिना मंत्र के ही इसे धारण कर सकते हैं। शिव पुराण में बताया गया है कि जले हुए गोबर से बनने वाला भस्म आग्नेय कहलाता है। वह भी त्रिपुंड का द्रव्य है। शरीर के सभी अंगों में जल के साथ भस्म को मलना या तिरछा त्रिपुंड लगाना आवश्यक बताया गया है। भगवान शिव और विष्णु ने भी तीर्यक त्रिपुंड धारण करते हैं।

**त्रिपुंड क्या है**

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि ललाट आदि सभी स्थानों में जो भस्म से तीन तिरछी रेखाएं बनायी जाती हैं, उनको त्रिपुंड कहा जाता है। भौहों के मध्य भाग से लेकर जहां तक भौहों का अंत है, उतना बड़ा त्रिपुंड ललाट पर धारण करना चाहिए। मध्यमा और अनामिका अंगुली से दो रेखाएं करके बीच में अंगुठे से की गई रेखा त्रिपुंड कहलाती है। या बीच की तीन अंगुलियों से भस्म लेकर भक्ति भाव से ललाट में त्रिपुंड धारण करें।

**त्रिपुंड की हर रेखा में 9 देवता**

शिव पुराण में बताया गया है कि त्रिपुंड की तीनों रेखाओं में से प्रत्येक के नौ नौ देवता हैं, जो सभी अंगों में स्थित हैं। त्रिपुंड की पहली रेखा में प्रथम अक्षर अकार, गार्हपत्य अग्नि, पृथ्वी, धर्म, रजोगुण, ऋग्वेद, क्रियाशक्ति, प्रात:सवन तथा महादेव 9 देवता होते हैं। दूसरी रेखा में प्रणव का दूसरा अक्षर उकार, दक्षिणाग्नि, आकाश, सत्वगुण, यजुर्वेद, मध्यंदिनसवन, इच्छाशक्ति, अंतरात्मा तथा महेश्वर ये 9 देवता हैं। तीसरी रेखा के 9 देवता प्रणव का तीसरा अक्षर मकार, आहवनीय अग्नि, परमात्मा, तमोगुण, द्युलोक, ज्ञानशक्ति, सामवेद, तृतीय सवन तथा शिव हैं।

**कहां धारण करें त्रिपुंड**

शरीर के 32, 16, 8 या 5 स्थानों पर त्रिपुंड लगाना चाहिए। मस्तक, ललाट, दोनों कान, दोनों नेत्र, दोनों नासिका, मुख, कंठ, दोनों हाथ, दोनों कोहनी, दोनों कलाई, हृदय, दोनों पाश्र्वभाग, नाभि, दोनों अंडकोष, दोनों उरु, दोनों गुल्फ, दोनों घुटने, दोनों पिंडली और दोनों पैर ये 32 उत्तम स्थान हैं। समयाभाव के कारण इतने स्थानों पर त्रिपुंड नहीं लगा सकते हैं तो पांच स्थानों मस्तक, दोनों भुजाओं, हृदय और नाभि पर इसे धारण कर सकते हैं।

# संगमेश्वर महादेव जहां नागराज शिवलिंग से लिपटते हैं



देवताओं व ऋषि-मुनियों की पावन भारत भूमि का कण-कण सदियों से पवित्रता व महानता का संदेश देता रहा है। यहां के पर्वत, नदियां, सागर, तीर्थ, व्रत, आदि आज भी किसी न किसी रूप में हमें अपनी महानता का एहसास कराते हैं।

देवादिदेव भगवान शंकर जिन्हें नीलकंठ, आशुतोष, भोले भंडारी आदि अनेक नामों से स्मरण किया जाता है का अत्यंत प्राचीन तीर्थ हरियाणा के अरुणाय नामक कस्बे में है, जो पिहोवा से मात्र पांच कि.मी की दूरी पर है। इस जगह भगवान शिव का प्रसिद्ध श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर है। कहा जाता है कि इस जगह पर सरस्वती और अरुणा का संगम था। शायद इसलिए इसे संगमेश्वर महादेव कहते हैं। प्राचीन काल में इस तीर्थ का अत्यधिक महत्व रहा है। ऐसा बताते हैं बाबा गणेश गिरी को भगवान शंकर ने स्वप्न में कहा, मैं आदि अनन्त शिव हूं। यहां मेरी पूजा से देवराज इन्द्र भी ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त हुए थे।

ऋषि विशिष्ट और ऋषि विश्वमित्र ने यही मेरी आराधना की थी। बाबा गणेश गिरि को यह स्वप्न बिहार के एक गांव में शिव पूजन के बाद आया कि आप सरस्वती और अरुणा के संगम पर जाकर शिव आराधना करो। इसके बाद वह अपने दो शिष्यों के साथ इस स्थानकी खोज में निकल पड़े और पिहोवा से पांच कि.मी. दूर उत्तर-पूर्व में अरुणा सरस्वती के संगम में वट वृक्षों के झुंड में रुक गये।

तपस्या में लीन बाबा को एक दिन भविष्यवाणी हुई भक्त, तुम जिसकी खोज में हो वह यहां से कुछ ही दूर है। बाबा ने घने जंगल में पास ही दीमक का एक ढेर दिखाई दिया। वे चिमटे सेइस जगह को कुरेदने लगे। नीचे एक अत्यंत सुंदर पाषाण शिला दिखाई देने लगी। वह उसे उखाडऩे का प्रयत्न करने लगे। जब ऐसा नहीं हुआ तो थक-हार कर लौट गये।

रात्रि में भगवान शंकर ने पुन: स्वप्न में कहा है तपस्वी। मैं आदि अनन्त शिव हूं। मुझे उखाडऩे का व्यर्थ प्रयास मत करो। मैं पत्थर मात्र नहीं हूं। इसे असंख्य ऋषि मुनियों व राजा महाराजाओं को भक्ति प्राप्त हुई है अत: इस स्थान का उद्धार करके शिव आशीर्वाद प्राप्त करो। बाबा अंधेरे में ही उस स्थान की ओर भागे उस पिण्डी पर मणिमय सर्पराज फन फैलाए विराजमान थे। बाबा भोले शंकर की लीला समझ गए, दूर से ही उन्हें प्रणाम किया और सर्पराज लुप्त हो गये। तब बाबा गणेश गिरि ने वहां निर्माण कार्य प्रारंभ किया और यहां पर अत्यंत सुंदर शिव मंदिर का निर्माण हो पाया।

अरुण संगम तीर्थ की महिमा पुरातन काल में महाभारत, वामन पुराण, गरुड़ पुराण ब्रम्हवैवर्त पुराण, स्कंद पुराण, पद्म पुराण आदि ग्रंथों में वणित है। महाभारत में अरुणा संगम तीर्थ के बारे में कथा वर्णित है। कहते हैं कि ऋषि विश्वमित्र के श्राप से सरस्वती रक्त मिश्रित होकर बहने लगी थीं।

बाद में ऋषि के श्राम से मुक्ति दिलाने के लिये असंख्य ऋषि मुनियों ने निरंतर जप और यज्ञ करके भगवान शिव को प्रसन्न किया तो उन्होंने स्वयं प्रकट होकर सरस्वती को इस श्राप से मुक्त किया था। तब उस स्थान पर ऋषियों ने महादेव जी की स्थापना की थी।

महाभारत में वर्णित एक श्लोक का सार यूं है-महर्षि लोमहर्षण जी तपस्वी ऋषियो को अरुणा संगम के बारे में बताते हुए यूं कहते हैं यहां तीन रातों का उपवास पूर्वक स्नान करने वाला समस्त पापों से मुक्त हो जाता है। घोर कलियुग आने पर अधर्म का प्रचार होने पर मनुष्य इस संगम में स्नान करके मुक्ति प्राप्त कर सकता है। इस महान पुण्य भूमि पर मंदिर में जो शिवलिंग की पिण्डी है वह भूरे रंग की है, जिसके दर्शन मात्र से ही शिवभक्त शिवमय हो जाते हैं। कई बार इस शिवलिंग के ऊपर नागराज ने अपना पहरा दिया है। मंदिर के मुख्य द्वार से आगे बड़े द्वार से होते हुए एक नागराज सीधे मंदिर में उतरे और शिवभक्ति में लीन अनेक भक्तों के बीच से होकर शिवलिंग पर पहुंचकर उससे ऐसा लिपटे कि दो घंटे तक फन फैलाकर भगवान शंकर के साक्षात मौजूद होने का प्रमाण देने लगे।

**-पवन वर्मा**
**विभूति फीचर्स**

# कुंडली में 36 गुण का मिलना शुभ या अशुभ



एक सफल गृहस्थ जीवन के लिए पति-पत्नी के बीच गुणों का मिलना बहुत जरुरी होता है, ये गुण कुंडली के द्वारा मिलाए जाते हैं। किसी भी मनुष्य की कुंडली उसकी जन्म तारीख, समय और स्थान के आधार पर बनाई जाती है। जन्म के समय गृह नक्षत्रों की स्थिति को देखते हुए ये कुंडली बनती है। फिर शादी के समय लड़का लड़की का कुंडली मिलान होता है। वैवाहिक दृष्टि से कुंडली मिलान इन पांच महत्वपूर्ण आधार पर किया जाता है - कुंडली अध्ययन,भाव मिलान, अष्टकूट मिलान, मंगल दोष विचार, दशा विचार। उत्तर भारत में गुण मिलान के लिए अष्टकूट मिलान प्रचलित है जबकि दक्षिण भारत में दसकूट मिलान की विधि अपनाई जाती है। उपरोक्त पांच महत्वपूर्ण पहलुओं में से विचारणीय पहलू अष्टकूट मिलान के महत्वपूर्ण आठ कूटो का विचार होता है। अष्टकूट मिलान अर्थात आठ प्रकार से वर एवं कन्या का परस्पर मिलान को गुण मिलान के रूप में जाना जाता है।

जब भी शादी की बात आती है तो सबसे पहले कुंडली मिलान के बारे में सोच विचार किया जाता है। इसके लिए लड़के और लड़की दोनों के ही वर्ण मिलाए जाते हैं। इससे यह पता चलता है कि दोनों एक दूसरे के लिए बने है या नहीं। शादी विवाह के मामले में कुंडली मिलान को बेहद की खास माना जाता है। कई लोगों का मानना है कि अगर किसी के 36 में से 36 गुण मिलते हैं तो ऐसा होना बहुत ही शुभ रहता है। लेकिन, ऐसा नहीं है। कुंडली मिलान से लोग सिर्फ गुण मिलना ही समझते हैं लेकिन, शादी के लिए और भी कई चीजों को देखा जाता है। तो आइए जानते हैं क्या है कुंडली मिलान से जुड़ी कुछ खास बांतें।

**कितने प्रकार के गुण**

गुण मिलान में कुल 8 गुण देखे जाते हैं। हर गुण का अपने एक अलग अंक होता है। इसके आधार पर ही यह तय किया जाता है कि कुल कितने गुण मिलते हैं। सबसे पहले जानते हैं 8 गुण क्या है और उनके अंक क्या हैं। वर्ण जिसका अंक 1, वश्य जिसका अंक 2, तारा का अंक 3, योनि का अंक 4 होता है। इसी तरह ग्रह मैत्री 5 अंक, गण 6 अंक, भकूट 7 अंक, नाड़ी 8 अंक इन सभी को मिलाकर कुल 36 गुण बनते हैं।

**गुण मिलने पर उत्तम रहता है विवाह**

अगर किसी व्यक्ति के 18 से कम गुण मिलते हैं तो ऐसा विवाह के सफल होने की संभावना बहुत कम होती है। वहीं, अगर किसी व्यक्ति के 18 से 25 गुण मिलते हैं तो ऐसा होने विवाह के लिए अच्छा माना जाता है। वहीं, अगर 25 से 32 गुण मिलते हैं तो यह विवाह के लिए उत्तम माने जाते हैं। कहा जाता है कि ऐसा विवाह सफल होते हैं। अगर किसी के 32 से 36 गुण मिलते हैं तो ऐसे होने बहुत ही उत्तम माना जाता है। ऐसा विवाह सफल रहता है।

**18 से कम- विवाह योग्य नहीं अथवा असफल विवाह।**
**18 से 25- विवाह के लिए अच्छा मिलान।**
**25 से 32- विवाह के उत्तम मिलान, विवाह सफल होता है।**
**32 से 36- ये अतिउत्तम मिलान है, ये विवाह सफल रहता है।**

36 गुण मिलना सफल शादी की निशानी ?

गुण मिलान तो कुंडली मिलाने का एक छोटा सा हिस्सा है। सिर्फ गुण मिलने से किसी की शादी का सफल होना या असफल होने तय नहीं माना जाता है। आपने देखा होगी की कई बार 36 के 36 गुण मिलने के बाद भी व्यक्ति की शादी सफल नहीं होती। ऐसा इसलिए क्योंकि गुण के अलावा कुंडली में बाकी ग्रहों की स्थिति भी देखी जाती है। साथ ही यह भी देखा जाता है कि विवाह स्थान के स्वामी की क्या स्थिति है। कुंडली में 7वें घर विवाह स्थान होता है। कुंडली में 7वें घर से आपको यह भी पता लगा सकता है कि आपका जीवनसाथी स्वभाव से कैसा होगा।

**मंगल दोष की जांच बेहद जरुरी**

जब भी शादी के लिए कुंडली मिलाएं तो मंगल दोष की जांच कराना सबसे ज्यादा जुड़ी है। अगर किसी व्यक्ति की कुंडली में मंगल लग्न भाव से पहले, दूसरे, चौथे, सातवें, आठवें और बारहवें भाव में होता है ऐसी स्थिति में वह व्यक्ति मांगलिक कहलाता है। दरअसल, अगर किसी मांगलिक की शादी अगर किसी बिना मांगलिक से हो जाए तो ऐसी शादी के टूटने की संभावना ज्यादा रहती है।

**कितने गुण मिलने पर होती है शादी**

विवाह के लिए वर और वधु के कम से कम 18 गुणों का मिलना ठीक माना जाता है। कुल 36 गुणों में से 18 से 21 गुण मिलने पर मिलान मध्यम माना जाता है। इससे अधिक गुण मिलने पर उसे शुभ विवाह मिलान कहते हैं। किसी भी वर और वधु का 36 गुण मिलना अत्यंत ही दुर्लभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीराम और सीता जी के ही 36 गुण मिले थे।

**तब न करें विवाह**

यदि आपकी कुंडली का मिलान 18 गुण से कम यानी 17 गुण होता है, तो विवाह नहीं करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा विवाह सुखमय नहीं हो सकता है। इससे बचना चाहिए।



**- ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा**
**अजमेर**

# शिवलिंग पर कौन सा अन्न चढ़ाने से पूरी होती है मनोकामना

शिवलिंग पर कौन सा अन्न चढ़ाने से कौन सी मनोकामना पूरी होती है, यह एक बहुत ही सामान्य सवाल है जो हिंदू धर्म में अक्सर पूछा जाता है। शिव बहुत ही दयालु देवता हैं और वे अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं. वे देखते हैं कि भक्त ने कितने भाव से उन्हें अर्पण किया है. अन्न को जीवन का आधार माना जाता है. शिव को अन्न अर्पित करने का अर्थ है, हम अपने जीवन के आधार को उन्हें समर्पित कर रहे हैं. अलग-अलग अन्न के अलग-अलग अर्थ होते हैं और वे विभिन्न प्रकार की मनोकामनाओं से जुड़े होते हैं।

**गेहूं:- गेहू समृद्धि का प्रतीक है. इसे चढ़ाने से घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है।**

**चावल:- चावल शुद्धता का प्रतीक है। इसे चढ़ाने से मन शांत होता है और बुद्धि तेज होती है।**

**जौ:- जौ स्वास्थ्य का प्रतीक है। इसे चढ़ाने से रोग दूर होते हैं और स्वास्थ्य अच्छा रहता है।**

**मूंग:- मूंग मनोकामनाओं की पूर्ति का प्रतीक है। इसे चढ़ाने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।**

**अरहर:- शिव जी श्रृंगार अरहर के पत्तों से करने से धन की कमी दूर होती है**

**काले तिल:- सावन के महीन में खासकर शिव जी को काले तिल अर्पित करने से पापों का नाश होता है।**

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप किस भाव से शिवलिंग पर अन्न चढ़ा रहे हैं। अगर आप शुद्ध भाव से चढ़ाएंगे तो निश्चित रूप से शिव आपकी मनोकामना पूरी करेंगे. अन्न चढ़ाने की एक विधि होती है. आपको उस विधि का पालन करना चाहिए। अन्न को साफ-सुथरा करके ही चढ़ाना चाहिए. अन्न चढ़ाने के बाद शिवलिंग का दर्शन करना चाहिए।



# एस्ट्रोलॉजिस्ट ने बताया क्यों है 8 अगस्त का दिन बेहद खास

8 अगस्त, 2024 के दिन को बेहद खास माना जा रहा है। खासतौर से ज्योतिषशास्त्र और अंकशास्त्र में इस दिन का अत्यधिक महत्व बताया जा रहा है। बहुत से ज्योतिष इसे मैजिकल नंबर भी कह रहे हैं। 8 अगस्त को इंफिनिटी डे भी मनाया जाता है। इंस्टाग्राम पर एस्ट्रोलॉजिस्ट किरण शाहपुरी का अपना अकाउंट है जिसपर वे अक्सर है ज्योतिषशास्त्र से जुड़ी बातें साझा करती रहती हैं। अपने ऐसे ही एक पोस्ट में किरण 8 अगस्त के महत्व को बता रही हैं। किरण का कहना है कि इस दिन 888 का अलाइनमेंट बन रहा है। यह साल का 8वां दिन है, आंठवा महीना है और 2024 को जमा करने पर भी आता है नंबर 8. जानिए इस दिन के महत्व को लेकर और इस दिन क्या करना चाहिए इसपर एस्ट्रोलॉजिस्ट का क्या कहना है।




नंबर 8 इंफेनाइट अबंडेंस यानी असीमित समय वाली संख्या है। इस अलाइमेंट को लायन'स गेट पोर्टल भी कहते हैं। इस दिन कॉस्मिक और आध्यात्मिक एनर्जी अपने चरम पर होती है। एस्ट्रोलॉजिस्ट का कहना है कि यूनिवर्स के दरवाजे आपके लिए खुले होते हैं। जो भी आप चाहते हैं उसके सच होने या मेनिफेस्ट होने की संभावना बहुत ज्यादा होती है। इसीलिए आपको खास ख्याल रखना है कि इस दिन नकारात्मक ऊर्जा में ना रहें। इस दिन आपकी जो एनर्जी होगी वही मेनिफेस्ट भी होगी।

दूसरी चीज जिसका ध्यान रखने के लिए एस्ट्रोलॉजिस्ट कहती हैं वो यह है कि आपको 8 अगस्त की रात 8 बजकर 8 मिनट पर अपनी इच्छा को कागज पर 8 बार लिखना है और इसे 8 बार जोर से बोलना भी है। इसके बाद इस कागज को जला दें और इसकी राख को उड़ा दें। एस्ट्रोलॉजिस्ट का कहना है कि इस कागज की राख को इस दृढ़ता के साथ फूंक मारकर उड़ाएं कि आपकी जो भी इच्छा है वो सच हो गई है। एस्ट्रोलॉजिस्ट का कहना है कि 8/8 का अलाइनमेंट पृथ्वी को ब्रह्मांड के स्टार सिस्टम से जोड़ता है जिससे इच्छाएं, इरादे और आध्यात्मिक ग्रोथ बढ़ती है। एस्ट्रोलॉजिस्ट ने अपने पोस्ट में यह भी बताया है कि कागज पर जो इच्छा लिखी जा रही है उसे किस रंग से लिखना चाहिए। लाल रंग का इस्तेमाल प्यार, जुनून और शादी के लिए करना चाहिए, धन के लिए हरे रंग का पेन लिया जा सकता है, नीले रंग के पेन से लिखने पर शांति और कम्यूनिकेशन बढ़ सकता है, पर्पल रंग आध्यात्मिक ग्रोथ के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं, सुरक्षा और नकारात्मकता दूर करने के लिए काले रंग का पेन इस्तेमाल करें, करियर और सफलता के लिए संतरी और संतान सुख के लिए गुलाबी रंग के पेन का इस्तेमाल किया जा सकता है।




# मिस्टर बच्चन 15 अगस्त को होगी रिलीज

## थंगलार्न से होगी रवि तेजा की टक्कर

साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म मिस्टर बच्चन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शक बेसब्री से फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, अब निर्माताओं ने इस इंतजार पर विराम लगा दिया है और फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक एलान कर दिया है। अजय देवगन की रेड का तेलुगु रूपांतरण मिस्टर बच्चन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में धमाल मचाएगी। निर्माताओं और रवि तेजा ने इसकी घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर भी साझा किया। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस पीपल मीडिया फैक्ट्री ने लिखा, वक्त पे पहुचनेका अपना पुराना आदत है। मिस्टर बच्चन की 15 अगस्त को दुनिया भर में ग्रैंड रिलीज होगी। 14 अगस्त को सभी जगह विशेष प्रीमियर होगा। बड़े पर्दे पर जबरदस्त मनोरंजन के लिए तैयार हो जाइए।यह हिंदी फिल्म रेड की रीमेक है, जिसमें रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी।यह हिंदी फिल्म रेड की रीमेक है, जिसमें रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी।यह फिल्म निर्देशक हरीश शंकर द्वारा निर्देशित और टीजी विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित है। फिल्म में रवि तेजा के साथ भाग्यश्री बोरसे और सुभलेखा सुधाकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कहानी भारतीय उद्योगपति सरदार इंदर सिंह पर एक नाटकीय आयकर छापे के इर्द-गिर्द घूमती है।

# सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर दस्तक देगी कमल हासन की इंडियन 2

## 9 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर

सुपरस्टार कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 पिछले महीने जुलाई में रिलीज हुई थी। इसका डायरेक्शन शंकर ने किया था। कमल हासन की इंडियन 2 को क्रिटिक्स और ऑडियंस से मिक्स रिव्यूज मिले थे। यही वजह थी कि फिल्म उम्मीद के मुताबिक बॉक्स ऑफिस पर कमाई नहीं कर पाई। अब ये फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है। जानिए इंडियन 2 कब और किस ओटीटी पर दस्तक देगी।कमल हासन की इंडियन 2 सिनेमाघरों के बाद डिजिटल रिलीज के लिए तैयार है। यह मूवी नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। नेटफ्लिक्स इंडिया के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल फिल्म की रिलीज डेट की जानकारी दी गई है, जिसके मुताबिक इंडियन 2 इसी महीने यानी अगस्त की 9 तारीख से स्ट्रीम होगी। फिलहाल फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज हो रही है। हिंदी भाषा में इंडियन 2 कब रिलीज होगी, इसकी जानकारी नहीं दी गई है।सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, कमल हासन की एक्शन-थ्रिलर इंडियन 2 देशभर में सिर्फ 81 करोड़ रुपये का बिजनेस कर पाई है। वहीं, दुनियाभर में फिल्म की टोटल कमाई सिर्फ 148 करोड़ हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंडियन 2 को बनाने में मेकर्स ने 250 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

इस तरह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी लागत भी नहीं वसूल पाई।इंडियन 2 साल 1996 में रिलीज हुई कमल हासन की ब्लॉकबस्टर फिल्म इंडियनऴ का सीक्वल है। फिल्म का निर्देशन शंकर ने ही किया था। इंडियन में कमल हासन के अलावा मनीषा कोइराला और उर्मिला मातोंडकर नजर आई थीं। मूवी में कमल




हासन ने डबल रोल निभाया था। यह साल 1996 की हाईएस्ट ग्रोसिंग फिल्म साबित हुई थी।वर्क फ्रंट की बात करें तो इंडियन 2 से पहले कमल हासन फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने विलेन सुप्रीम यास्किन की भूमिका निभाई थी। अब कमल हासन ठग लाइफ में दिखेंगे, जिसे फेमस फिल्ममेकर मणिरत्नम बना रहे हैं। फिल्म से कमल हासन का लुक सामने आ चुका है, जिसे खूब पसंद किया गया। ठग लाइफ इस साल के आखिर में सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

# अजय देवगन ने शुरू की सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग




बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' की शूटिंग शुरू कर दी है। वर्ष 2012 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म 'सन ऑफ सरदार' का सीक्वल बनाया जा रहा है। इस फिल्म में अजय देवगन, मृणाल ठाकुर और चंकी पांडे की मुख्य भूमिका होगी। अजय देवगन ने सन ऑफ सरदार की शूटिंग शुरू कर दी है।उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर शूटिंग की झलक दिखाई है।

अजय देवगन ने कैप्शन में लिखा, सनऑफसरदार2 की यात्रा प्रार्थनाओं, आशीर्वाद और एक अद्भुत टीम के साथ शुरू होती है। वीडियो में अजय देवगन गुरुद्वारे में आशीर्वाद के साथ शूटिंग शुरू कर रहे हैं। अजय देवगन के बेटे युग भी शूटिंग सेट पर नजर आते हैं। स्टारकास्ट में एक झलक मृणाल ठाकुर की देखने को मिलती है जो फुल पंजाबी कुड़ी लुक में भांगड़ा कर रही हैं।वीडियो में चंकी पांडे डांस करते नजर आ रहे हैं।

# अहसास चन्ना ने ओटीटी शो हाफ सीए के सेट पर मनाया अपना जन्मदिन



गर्ल्स हॉस्टल, कोटा फैक्ट्री, मिसमैच्ड 2 और मॉडर्न लव मुंबई में नजर आईं अभिनेत्री अहसास चन्ना ने हाफ सीए के आगामी सीजन के सेट पर अपना 24वां जन्मदिन मनाया।हाफ सीए भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंसी के छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों और अनुभवों पर आधारित है।अभिनेत्री ने बताया, मुझे अच्छा लगता है कि काम करते हुए मैं जन्मदिन मना रही हूं। अपने जन्मदिन पर वह करना जो आपको पसंद है, यह निश्चित रूप से खास होता है। मेरा मानना है कि अगर मैं अपने जन्मदिन पर शूटिंग कर रही हूं, तो मेरा बाकी साल व्यस्त रहेगा। अपने जन्मदिन पर अपना पसंदीदा काम करते हुए जश्न मनाना मुझे अच्छा लगा।हाफ सीए में अहसास ने आर्ची मेहता की भूमिका निभाई है, जो सीए बनने के इच्छुक छात्रों के संघर्ष, आकांक्षाओं और जटिल जीवन पर प्रकाश डालती है, क्योंकि वे चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की चुनौतीपूर्ण यात्रा से गुजरते हैं।5 अगस्त, 1999 को जन्मी अहसास पंजाबी फिल्म निर्माता इकबाल सिंह चन्ना और अभिनेत्री कुलबीर कौर बदेसरन की बेटी हैं। उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की है।अहसास ने कभी अलविदा ना कहना, माई फ्रेंड गणेशा और फूंक जैसी फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया।वह सावधान इंडिया, क्राइम पेट्रोल, देवों के देव...महादेव और सीआईडी जैसे टेलीविजन शो में भी नजर आ चुकी हैं।हाल ही में अहसास ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काफी काम किया है, जो दर्शकों को काफी पसंद आया। टीवीएफ के साथ किया काम भी सराहा गया है।

# मुंबई में 24 अगस्त को लाइव संगीत शो वर्ल्ड व ऑफ स्त्री में परफॉर्म करेंगी अमृता खानविलकर

शाला, कट्यार कलजत घुसाली और राजी जैसी मराठी फिल्मों में अपने काम के लिए मशहूर प्रसिद्ध अभिनेत्री अमृता खानविलकर मुंबई में होने वाले अपने लाइव बहुप्रतीक्षित संगीत शो वर्ल्ड ऑफ स्त्री के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।आगामी 24 अगस्त को आयोजित होने वाले इस शो में शास्त्रीय और अर्ध-शास्त्रीय संगीत तथा नृत्य का आकर्षक मिश्रण देखने को मिलेगा।अमृता ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर आगामी संगीत शो का एक टीजर शेयर किया।उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, हम अपने बहुप्रतीक्षित प्रोडक्शन, वर्ल्ड ऑफ स्त्री की एक झलक साझा करने के लिए रोमांचित हैं जिसका प्रीमियर 24 अगस्त को होगा।वर्ल्ड ऑफ स्त्री में अमृता के साथ नृत्य गुरु आशीष पाटिल और 10 नर्तकियों की एक टीम है।शो के बारे में अमृता ने कहा, नृत्य हमेशा से मेरा जुनून रहा है। इस नृत्य-संगीत नाटक को जीवंत करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। आशीष पाटिल, अर्थ एनजीओ और कथक नर्तकियों की एक अत्यधिक कुशल टीम के साथ सहयोग करना एक समृद्ध अनुभव रहा है।अभिनेत्री ने आगे बताया कि इस शो का उद्देश्य शास्त्रीय नृत्य शैलियों का जश्न मनाने के साथ सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना है। इसमें महिलाओं के बहुमुखी पहलुओं पर प्रकाश डाला जाएगा।लाइव प्रदर्शन के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए अमृता ने कहा, मैं हमेशा लाइव दर्शकों की ऊर्जा से आकर्षित रही हूं। संगीत और नृत्य शो की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, मैं वर्ल्ड ऑफ स्त्री को मंच पर लाते हुए रोमांचित हूं। हमारा लक्ष्य आश्चर्यजनक दृश्यों, भावपूर्ण संगीत और मनमोहक नृत्य प्रदर्शनों के साथ दर्शकों का मनोरंजन करना और उन्हें मंत्रमुग्ध करना है।डेढ़ घंटे का लाइव ऑडियो-विजुअल मंचन मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के माध्यम से भक्ति, सौंदर्य और गतिशील ऊर्जा की थीम पर आधारित है।





# सोशल मीडिया पर सोफिया अंसारी का हर अंदाज फैंस को बनाता है दीवाना

मॉडलिंग की दुनिया की पॉपुलर सेलिब्रिटी सोफिया अंसारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। सोफिया अंसारी अक्सर अपनी सिजलिंग फोटोज शेयर करती रहती हैं। सोफिया अंसारी का अंदाज देखकर उनके फैंस आहें भरने पर मजबूर हो जाते हैं। सोफिया अंसारी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही उनके तमाम चाहने वाले फैंस अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस पर जमकर प्यार बरसाते हैं। सोफिया अंसारी का ग्लैमरस अंदाज अक्सर चर्चा का विषय बन जाता है। यहां पर आप सोफिया अंसारी की फोटोज देख सकते हैं।सोफिया अंसारी इंस्टाग्राम अकाउंट पर अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।

सोफिया अंसारी की अधिकतर तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखने को मिलता है।सोफिया अंसारी ने व्हाइट कलर की ड्रेस पहनकर अपना प्यार अंदाज दिखाकर फैंस का ध्यान खींचा। सोफिया अंसारी की प्यारी स्माइल उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है।सोफिया अंसारी अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करने का एक भी मौका नहीं छोड़ती हैं। सोफिया अंसारी का बोल्ड अंदाज सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन जाता है।सोफिया अंसारी अलग-अलग तरह की रिवीलिंग ड्रेस पहनकर अपनी फोटोज शेयर करती हैं। सोफिया अंसारी की एक-एक तस्वीर देखकर फैंस आहें भरने पर मजबूर हो जाते हैं।सोफिया अंसारी अक्सर ब्लैक ड्रेस पहनकर फोटोशूट करवाती हैं। इसके बाद सोफिया अंसारी की तस्वीरें बुलेट की स्पीड से सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं।सोफिया अंसारी ने व्हाइट कलर का ऑफ शोल्डर टॉप पहना है। इसके साथ ही सोफिया अंसारी का कातिलाना अंदाज उनके तमाम चाहने वाले फैंस को घायल कर गया।सोफिया अंसारी की इंस्टाग्राम अकाउंट पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं।

### ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की मूर्ति के अनावरण में बोले सीएम योगी

# हिंदुओं को बनाया जा रहा निशाना सनातनियों को एक होना होगा : योगी

**अयोध्या, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** आज दुनिया की तस्वीर हम सभी देख रहे हैं। भारत का आस-पड़ोस जल रहा है, मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। तब भी हम इतिहास के तथ्यों को ढूंढ़ने का प्रयास नहीं कर रहे कि वहां ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्यों पैदा हुई है। जो समाज इतिहास की गलतियों से सबक नहीं सीखता है, उसके उज्ज्वल भविष्य पर भी ग्रहण लगता है। सनातन धर्म पर आने वाले संकट के लिए फिर एकजुट होकर कार्य करने और लड़ने की आवश्यकता है। राम मंदिर का निर्माण मंजिल नहीं, पड़ाव है। इसे आगे भी निरंतरता देनी है। सनातन धर्म की मजबूती इन अभियानों को नई गति देती है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही। उन्होंने बुधवार को दिगंबर अखाड़ा में श्रीराम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया। सीएम ने यहां पूजन-अर्चन व पौधरोपण भी किया। इसके पश्चात सीएम ने साधु-संतों संग भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के परम भक्त पूज्य ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास का पूरा जीवन रामजन्मभूमि के लिए समर्पित रहा। उन्होंने इस आंदोलन को जीवन का मिशन बनाया। संतों का संकल्प एक साथ एक स्वर में बढ़ा तो अयोध्या में मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। मेरा सौभाग्य है कि 21वर्ष बाद ही सही, उनकी प्रतिमा के स्थापना का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है।

सीएम योगी ने कहा कि गोरक्षपीठ गोरखपुर और दिगंबर अखाड़ा अयोध्या 1940 के दशक से एक दूसरे के पूरक बनकर कार्य करते थे। जब रामचंद्र दास महराज बचपन में अयोध्या धाम आए थे, तबसे उनका लगाव गोरक्षपीठ से था। तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ के सानिध्य में रहकर रामजन्मभूमि आंदोलन आगे बढ़ा। 1949 में रामलला के प्रकटीकरण के साथ ही तत्कालीन सरकार द्वारा प्रतिमा को हटाने की चेष्टा के खिलाफ न्यायालय में जाने और वहां से सड़क तक इस लड़ाई को बढ़ाने का कार्य गोरक्षपीठ व पूज्य संत परमहंस रामचंद्र दास जी महराज ने

**इतिहास की गलतियों से जो सीख नहीं लेता, उसका भविष्य उज्ज्वल नहीं होता**

**श्रीराम मंदिर का निर्माण मंजिल नहीं पड़ाव है, हमें सतत आगे बढ़ते रहना है**



मिलकर किया। इसी का परिणाम है कि पूज्य संतों की साधना फलीभूत हुई और 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए। देश और दुनिया में अयोध्याधाम फिर से त्रेतायुग का स्मरण कराता दिख रहा है। यहां के संतों का गौरव बढ़ा और अयोध्या को नई पहचान मिली।

सीएम योगी ने कहा कि जिस रामजन्मभूमि के बारे में लोग कहते थे कि अगर फैसला राम मंदिर के पक्ष में हुआ तो सड़कों पर खून की नदियां बहेंगी। संतों ने बातचीत से समस्या का हल निकालने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन जब बातचीत के रास्ते समाप्त हो गए और सरकार की हठधर्मिता आड़े आने लगी तो पूज्य संतों ने लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष का रास्ता चुना। इसके उपरांत देश के अंदर मजबूती से आंदोलन आगे बढ़ा। मामला न्यायालय में गया तो भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने के उपरांत समस्या के समाधान का मार्ग निकला।

सीएम योगी ने कहा कि 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में पीएम मोदी ने अयोध्या में उच्चतम न्यायालय के आदेश के क्रम में भव्य मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 को रामलला फिर से अयोध्या धाम में विराजमान हुए। यह तिथियां न केवल सनातन धर्मावलंबियों के लिए स्मरणीय बन गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा जब 22 जनवरी 2024 को रामलला विराजमान हुए तो पूज्य संतों की आत्मा को शांति प्राप्त हुई। उन्हें भी वर्तमान पीढ़ी पर विश्वास हुआ होगा कि यह सही दिशा में कार्य कर रही है। उनका आशीर्वाद पीएम मोदी को प्राप्त हुआ।

सीएम ने कहा कि परमहंस रामचंद्र दास जी महराज मेरे पूज्य गुरु के तुल्य थे। गोरखपुर से अयोध्या, लखनऊ और प्रयागराज जाते समय गुरु जी मुझसे पूछते थे कि अयोध्या के दिगंबर अखाड़ा गए थे, परमहंस जी का हालचाल लिया। मैं यदि भूल गया तो वे मुझे डांटते भी थे। कहते थे वह मेरे लिए गुरु भाई हैं। जब भी इस रास्ते जाता था तो मुझे पता था कि मेरे गुरुदेव पूछेंगे कि परमहंस जी की तबियत कैसी है, मेरे पास जवाब नहीं होता था, इसलिए पहले मैं उनके पास पहुंचकर हालचाल लेता था। वह अपने दरवाजे पर बैठकर मस्ती के साथ लोगों से बातचीत करते थे। लोग समझ नहीं पाते थे यह संत दिव्य, भव्य, चमत्कारिक व नेतृत्व करने वाले हैं। उनका वात्सल्य भी हमें देखने को मिलता था। उन्होंने अपना जीवन लक्ष्य, मूल्यों, सनातन धर्म की परंपरा के लिए जिया था। वह कहते थे कि अयोध्या में रामलला का मंदिर बने, यही मेरे जीवन का अंतिम संकल्प है।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में अनेक प्रयास भी किए गए हैं। इसने संतों का गौरव बढ़ाया है और अयोध्यावासियों को पहचान दिलाया है। हमें इस सम्मान को बरकरार रखने का प्रयास करना है। मिले हुए सम्मान को संरक्षित व सुरक्षित करने में हमारा प्रयास सार्थक हुआ तो लंबे समय तक इस सम्मान के पात्र बने होंगे। डबल इंजन सरकार यही कार्य कर रही है। एक तरफ रामजन्मभूमि परिसर में मंदिर का निर्माण हो रहा है। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट जनसहयोग से जनभावना के अनुरूप मूर्त रूप दे रहा है तो बाहर अयोध्या का सुंदरीकरण भी हो रहा है। पांच-सात वर्ष बाद अयोध्या आने वाले लोग अचंभित हैं। यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात मिली है।

## परमहंस रामचंद्र दास की समाधि स्थल पर योगी ने चढ़ाए पुष्प

### महंत नृत्य गोपाल दास से भी मिले

अयोध्या, 07 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या दौरे के दूसरे दिन ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की समाधि स्थल पर पुष्पार्चन किया। श्रीराम जन्मभूमि न्यास के प्रथम अध्यक्ष ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास महाराज की 21वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ उन्हें याद किया। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ का ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास से व्यक्तिगत संबंध रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु पूज्य महंत अवेद्यनाथ के साथ दिगंबर अखाड़ा के ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास भी राम





जन्मभूमि के अगुआ रहे हैं।

सर्वप्रथम मुख्यमंत्री सरयू अतिथि गृह से निकलकर सीधे सरयू घाट/रामकथा पार्क स्थित पूज्य परमहंस रामचंद्र दास महाराज के समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन व पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं अन्य भक्तों ने भी पूज्यश्री को याद किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महंत सुरेश दास आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास महराज से भी मुलाकात की। मणिराम दास छावनी पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका कुशलक्षेम जाना। सीएम ने उनके उत्तम स्वास्थ्य की भी कामना की।

## राज्य संग्रहालय के 360 डिग्री वर्चुअल टूर की व्यवस्था होगी

**लखनऊ, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार अब लखनऊ स्थित राज्य संग्रहालय के 360 वर्चुअल टूर की व्यवस्था करने जा रही है। म्यूजियम ऐट फिंगरटिप्स की यह परियोजना लोगों को उनके गैजेट्स से ही राज्य संग्रहालय के तमाम आर्टिफैक्ट्स, बिल्डिंग फ्लोर्स तथा परिसर के अन्य हाइलाइट्स को देखने में मदद मिलेगी। इस परियोजना को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश संग्रहालय निदेशालय, संस्कृति विभाग ने उत्तर प्रदेश सिस्टम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (यूपीडेस्को) को कार्य सौंपा है। यूपीडेस्को द्वारा इस कार्य को शॉर्ट टर्म नोटिस के आधार पर पहले से इंपैनल्ड कंपनियों द्वारा करवाया जाएगा और सॉफ्टवेयर निर्माण समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए सर्विस प्रोवाइडर एजेंसी के निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया को एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के बाद 90 दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि 360 डिग्री वर्चुअल म्यूजियम टूर आपके अपने स्थान पर आराम से म्यूजियम को एक्सप्लोर करने का एक अविश्वसनीय तरीका है। ये टूर आमतौर पर संग्रहालय के हॉल और गैलरी में घूमने के अनुभव को अनुकरण करने के लिए पैनोरमिक इमेज का उपयोग करते हैं।

परियोजना के अंतर्गत, वर्चुअल टूर के दौरान अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी भी ऐतिहासिक कलाकृति पर क्लिक या टैप करके उन्हें, नज़दीक से देखने के लिए ज़ूम इन कर सकते हैं और कभी-कभी विवरण बॉक्स जैसी अतिरिक्त मल्टीमीडिया सामग्री तक भी पहुंच सकते हैं। प्रस्तावित 360 डिग्री वर्चुअल म्यूजियम टूर का उद्देश्य आगंतुकों के लिए एक इंटरैक्टिव और विजुअल रूप से आकर्षक अनुभव प्रदान करना है, जिससे वे अपने कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस की सुविधा से लखनऊ के राज्य संग्रहालय के विभिन्न तथ्यों का अवलोकन कर सकें। यह तकनीक उपयोगकर्ताओं को विभिन्न प्रदर्शनों के माध्यम से सहजता से नेविगेट करने, कलाकृतियों पर ज़ूम इन करने और संग्रहालय को गतिशील और इमर्सिव तरीके से अनुभव करने में सक्षम बनाएगी। परियोजना का लक्ष्य एक व्यापक आभासी अनुभव प्रदान करना है जो राज्य संग्रहालय, लखनऊ की भौतिक यात्रा को प्रतिबिंबित करता है। इससे दुनिया भर के लोग अपने घरों में आराम से इसकी दीर्घाओं, प्रदर्शनियों और ऐतिहासिक कलाकृतियों का पता लगा सकें।

इस परियोजना के अंतर्गत विविध दर्शकों के लिए कला, इतिहास और संस्कृति से जुड़ने के लिए एक सुलभ और शैक्षिक मंच प्रदान किया जाएगा। संग्रहालय की ऑनलाइन उपस्थिति और वैश्विक पहुंच को बढ़ावा भी मिलेगा और प्रस्तावित वर्चुअल टूर की प्रक्रिया को यूजर फ्रेंडली इंटरफेस के हिसाब से विकसित किया जाएगा। वर्चुअल टूर सॉफ़्टवेयर पैनोरमिक छवियों और वीडियो के माध्यम से कार्य करता है और फ्लोर प्लान, हॉटस्पॉट और मल्टीमीडिया एकीकरण जैसी सुविधाएँ भी इसके अंतर्गत आएंगी। इस कार्य को पूरा करने के लिए उच्च-रिज़ॉल्यूशन 360-डिग्री फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी का उपयोग किया जाएगा।

उपयोगकर्ताओं को वर्चुअल रूप से घूमने और विभिन्न कोणों से संग्रहालय को देखने में मदद मिलेगी।

यूजर फ्रेंडली इंटरफेस के निर्माण के जरिए विजिटर्स को विभिन्न में आसानी से नेविगेट करने की अनुमति देता है। क्लिक-एंड-ड्रैग मूवमेंट, आर्टिफ़ैक्ट इनफार्मेशन प्वॉइंट कलाकृतियों के विस्तृत विवरण, ऐतिहासिक संदर्भ और वीडियो या ऑडियो क्लिप जैसी मल्टीमीडिया सामग्री प्रदान करेगा। इसके साथ ही, वर्चुअल टूर डेस्कटॉप कंप्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट और स्मार्टफोन सहित विभिन्न डिवाइस से एक्सेस करने योग्य हो इसको लेकर भी परियोजना के अंतर्गत कार्य किया जाएगा।

## बंद होने की कगार पर पांच हजार से अधिक कारखाने

### बड़े ग्रुपों के धोखे से करोड़ों का माल फंसा, कारोबार ठप्प

**आगरा, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** आगरा में बीआईएस की अनिवार्यता से असंगठित क्षेत्र के पांच हजार से अधिक कारखाने बंद होने की कगार पर हैं। इससे कारोबार ठप पड़ा है। बड़े ग्रुपों के धोखे से 25 करोड़ का माल फंसा है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की अनिवार्यता से आगरा में जूता कारोबार ठप्प पड़ा है। बड़े ग्रुप माल नहीं उठा रहे। संगठित क्षेत्र की दो हजार फैक्ट्रियों में करीब 3.50 लाख जोड़ी जूते बंद पड़े हैं। 25 करोड़ रुपए फंस गए। दूसरी तरफ असंगठित क्षेत्र का बुरा हाल है। यहां पांच हजार से अधिक कारखाने बंदी के कगार पर पहुंच गए हैं।

सालाना 50 करोड़ रुपए और उससे अधिक टर्नओवर वाली जूता निर्माण इकाइयों पर एक अगस्त से बीआईएस मार्क लागू हो गया है। जिस वजह से नामचीन ग्रुप जो आगरा में अपने लिए जूता बनवाते थे। उन्होंने माल नहीं उठाया। बीआईएस पंजीकरण के बिना आपूर्ति रुक गई है। जूता उद्यमी गोविंद महाजन ने बताया कि 10 हजार से अधिक जोड़ी होल्ड हैं।

कच्चे माल का भुगतान करने तक के लिए पूंजी नहीं बची। ऑर्डर पर माल बनाया था, लेकिन अब उस माल को लेने के लिए कोई तैयार नहीं हो रहा। जूता उद्यमियों का कहना है कि बड़ी संख्या में बीआईएस के कारण आयात से ओवर स्टॉक कर लिया है। अगले चार से पांच महीने तक उन्हें माल की जरूरत नहीं होगी। इस वजह से वह आगरा में जूता नहीं बनवा रहे। जूता उद्यमी अजय कुमार कहते हैं कि पहले जूता की एक श्रेणी थी। अब बीआईएस में 26 श्रेणियों में जूता बांट दिया है। बीआईएस की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि फैक्टरी संचालक उसका पालन नहीं कर सकते। हिम्मत रामानी ने कहा कि बीआईएस से इंस्पेक्टर राज को बढ़ावा मिलेगा। आए दिन क्वालिटी चेक करने के बहाने कोई भी आ धमकेगा। जूता कारोबारी परवेज खान ने कहा कि बीआईएस से ट्रेडिंग भी प्रभावित होगी। बड़ी-बड़ी कंपनियां, जो माल खरीदती थीं उन्होंने माल लेना बंद कर दिया है। बीआईएस जूता उद्योग के हित में नहीं है। इससे बेरोजगारी बढ़ेगी। आगरा शू मैनुफैक्चरर एसोसिएशन के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह लवली ने कहा कि संगठित और असंठित क्षेत्र दोनों प्रभावित हैं। छोटे कारखानों में ताले लटकने लगे हैं। 3.50 लाख से अधिक जोड़ी की सप्लाई रुकी पड़ी है। हम इसका विरोध करते हैं। हमें बीआईएस स्वीकार नहीं।

## उपचुनाव में होगा विकास का एजेंडा और विपक्ष का विनाशकारी प्रोपेगेंडा : योगी

### अंबेडकर नगर में भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मिले योगी

**अंबेडकर नगर/ लखनऊ, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** एक दिवसीय दौरे पर अंबेडकर नगर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान सीएम योगी ने उन्हें जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा उपचुनाव भाजपा के विकास के एजेंडा और विपक्ष के विनाशकारी प्रोपेगेंडा के बीच होगा। सीएम योगी ने कहा कि समाज को जातियों में बांटने और लड़ाने में जुटा विपक्ष लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा उपचुनाव में भी जनता के बीच सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से झूठी



अफवाह फैला सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रत्येक मंच से विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश करें। उन्होंने कहा कि पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि जनता के बीच जाएं और उनसे संवाद बनाएं।

सर्किट हाउस में हुई बैठक में सीएम योगी का फोकस कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर रहा। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए बूथ प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण है। सीएम योगी ने कहा कि अगर हमने बूथ जीत लिया तो समझिए चुनाव भी जीत लिया। उन्होंने सभी बूथ समितियों को सक्रिय करने की बात कहते हुए कहा कि हर बूथ का सत्यापन कर बूथ स्तरीय पदाधिकारियों को सक्रिय किया जाए।

सीएम योगी ने कहा कि पन्ना प्रमुख चुनावी रणनीति को कामयाब बनाते हैं इसलिए इनकी तैनाती जल्द से जल्द की जाए। यही मतदाताओं को बूथ तक ले आते हैं। सीएम योगी ने पन्ना प्रमुखों के प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के पदाधिकारी को कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद बनाएं। साथ ही कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों से लगातार संपर्क स्थापित करते रहने के लिए प्रेरित करें।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए विकास योजनाएं चला रही हैं। इसका लाभ भी आमजन को मिल रहा है। हमारे कार्यकर्ता हर हाल में आमजन से जुड़कर विकास के मुद्दे लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा भाजपा सरकारों के समय ही की गई। कांग्रेस के समय में अनेक चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया गया। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विपक्षियों के दोहरे रवैये की पोल जनता के सामने खोंले।

सीएम योगी ने कहा कि कार्यकर्ता विपक्ष की गुमराह करने की राजनीति का जवाब दें। इसके लिए पदाधिकारियों को सक्रिय रहना होगा। लोकसभा चुनाव में विपक्षियों ने जनता से छलावा किया है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा भाजपा सरकारों के समय ही की गई। कांग्रेस के समय में अनेक चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया गया। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि विपक्षियों के दोहरे रवैये की पोल जनता के सामने खोलें।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को सुना तथा इसके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री जल शक्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चौधरी, हरिओम पाण्डेय, डॉ, धर्मेंद्र सिंह, अयोध्या मंडल अयोध्या गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी तथा जनपद स्तरीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## स्वस्थ यूपी के लिए होंगे 1.72 लाख से अधिक आरोग्य मेले

**लखनऊ, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** योगी सरकार प्रदेश की जनता के उत्तम स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। सरकारी अस्पतालों के कायाकल्प से लेकर सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों के निर्माण के साथ ही स्वास्थ्य मेलों के आयोजन से बड़ी आबादी को लाभान्वित किया गया है। इन प्रयासों में सबसे महत्वपूर्ण पहल आरोग्य मेला को अगले एक साल तक बड़े पैमाने पर आयोजित करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। इसके बाद विभाग अगस्त 2024 से जुलाई 2025 तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में 1 लाख 72 हजार से अधिक आरोग्य मेला का आयोजन करेगा। ये मेले प्रदेश के तीन हजार से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को आयोजित किए जाएंगे।

प्रदेश के 3,388 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आरोग्य मेला का आयोजन किया जाएगा। हर माह कुल 13 से 16 हजार आरोग्य मेलों का आयोजन होगा। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ओपीडी के साथ ही टीबी, डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया और कुष्ठ जैसे रोगों के होगा इलाज और इनसे संबंधित स्वास्थ्य परामर्श दिए जाएंगे। वहीं इस दौरान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड भी वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा गर्भावस्था एवं प्रसव कालीन परामर्श तथा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही पूर्ण टीकाकरण परामर्श भी दिया जाएगा। यही नहीं बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया के रोकथाम, बचाव एवं उपचार की जानकारी और सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही कुपोषित बच्चों का चिह्नीकरण करते हुए उनके उपचार के लिए समुचित कार्रवाई की जाएगी।

# पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर स्वदेश लौटीं मनु भाकर, हुआ जोरदार स्वागत



नई दिल्ली, 07 अगस्त ।

**भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक 2024 में दो पदक जीतने के बाद बुधवार को स्वदेश लौट आई हैं। उनका दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ।**

ढोल-नगाड़ों के साथ मनु भाकर व उनके कोच जसपाल राणा का लोगों ने भव्य स्वागत किया और दोनों को फूल-मालाओं में लाद दिया। लोग मनु भाकर के साथ सेल्फी ले रहे थे। भव्य स्वागत पर मनु भाकर बहुत खुश दिख रही थीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह बहुत खुश हैं। लोगों का इतना प्यार मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि 22 वर्षीय मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश का पेरिस ओलंपिक में खाता खोला था। इसके बाद उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता।

इससे वह एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली भारतीय बन गईं। इसके बाद उनके पास तीसरा ओलंपिक पदक जीतकर एकमात्र भारतीय बनने का इतिहास रचने का मौका था, लेकिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में वह मामूली अंतर से चूक गईं थीं और चौथे स्थान पर रही थीं।



## न्यूज ब्रीफ

### भारत, यूएई और श्रीलंका में हो सकता है अगला महिला टी20 विश्वकप : आईसीसी




**दुबई।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद खराब होते हुए हालातों के बीच ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि अब अगले साल होने वाले टी-20 महिला विश्वकप का आयोजन वैकल्पिक स्थल पर हो सकता है। आईसीसी के अनुसार इसके लिए भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और श्रीलंका के नाम तय किये गये हैं। आईसीसी के एक अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंसा और वहां के खराब होते हुए माहौल पर नजर रखी जा रही हैं। वहीं आईसीसी की ओर से एक बयान में कहा गया, 'आईसीसी, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) उनकी सुरक्षा एजेंसियों और हमारे अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ इस पूरी स्थिति पर नजर बनाये हुये है। हमारी प्राथमिकताओं सभी टीमों की सुरक्षा और देखभाल को लेकर है। बयान में कहा गया है कि बंगलादेश में वहां की राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए इस बात की भी संभावना है कि इस वैश्विक टूर्नामेंट को किसी और देश में आयोजित कराया जाए। साथ ही कहा कि इस तरह के हालातों से निपटने के लिए आईसीसी ने भारत, यूएई और श्रीलंका को वैकल्पिक स्थल के रूप में तय किया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दस टीमों का महिला टूर्नामेंट तीन से 20अक्टूबर तक आयोजित होने वाला है।

### लगातार दूसरे स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगे नीरज चोपड़ा, नदीम से चुनौती



**पेरिस।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा गुरुवार की रात ओलंपिक में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक के लिए उतरेंगे। नीरज ने क्वालिफिकेशन में दमदार प्रदर्शन किया था और पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया था। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक की तरह यहां भी कुछ सेकेंड में फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया था लेकिन इस बार पिछले ओलंपिक की तुलना में चुनौती अधिक कड़ी है। कुल नौ खिलाड़ियों में से पांच ने नीरज की तरह अपने पहले थ्रो में ही फाइनल में जगह बना ली थी। भारत का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझता है क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले आठ वर्षों से चुनौती पेश कर रहे हैं। वह इसके बाद तुरंत ही खेल गांव लौट गए ताकि फाइनल से पहले पर्याप्त विश्राम कर सकें क्योंकि काफी कुछ दांव पर लगा है। नीरज फाइनल में ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवां पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे। अगर वह खिताब जीतते हैं तो ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओलंपिक की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग ( स्वीडन, 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड, 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेंजी (चेक गणराज्य, 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे, 2004 और 2008) की ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव कर पाए हैं।

### आरसीबी जा सकते हैं राहुल



**मुम्बई।** आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल अगले सत्र में किसी और टीम से खेलते हुए दिख सकते हैं। इसका कारण ये है कि राहुल और लखनऊ सुपर जायंट्स प्रबंधन में मतभेद गहरा गये हैं।एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले सत्र में जिस प्रकार से फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका भड़के थे उससे राहुल नाराज हैं हालांकि इस बहस के बाद गोयनका ने राहुल को खाने पर बुलाया था और उनके बीच अच्छी बातचीत हुई थी। तब लगा था कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक है पर ये बात गलत निकली। राहुल 2022 में टीम से जुड़े थे और तब से उन्होंने टीम को हर बार प्लेऑफ में पहुंचाया पर टीम । टूर्नामेंट के नॉकआउट स्तर तक नहीं पहुंच पायी। पिछले सत्र में टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। वहीं अब एक रिपोर्ट के मुताबिक राहुल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से फिर जुड़ सकते हैं। फ्रेंचाइजी को भी एक ऐसे भारतीय खिलाड़ी की तलाश है, जो कप्तानी कर सके। आरसीबी आज तक आईपीएल नहीं जीत है। उसने विराट कोहली के बाद दक्षिण अफ्रीका के फाफ डुप्लेसी को भी कप्तान बनाया पर उसकी एक न चली। ऐसे में अब वह राहुल को कप्तान बनाना चाहती है।

## पेरिस ओलंपिक हॉकी : भारत को सेमीफाइनल में मिली पराजय

# जर्मनी फाइनल में, अब कांस्य के के लिए लड़ेगी भारतीय टीम

पेरिस, 07 अगस्त (एजेंसियां)।



भारतीय पुरुष हॉकी टीम 44 साल बाद अपने पहले ओलंपिक फाइनल में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच गई थी, लेकिन विश्व चैंपियन जर्मनी ने मंगलवार को पेरिस में कड़े सेमीफाइनल में 3-2 से जीत दर्ज करके उसे रोक दिया।

तीन साल पहले टोक्यो में जीते गए अपने पदक के रंग को बेहतर करने के उद्देश्य से, भारत ने अधिक अवसर बनाए लेकिन जर्मनों ने अपने सीमित अवसरों का फायदा उठाया और टोक्यो खेलों की कांस्य प्ले-ऑफ हार का बदला लिया।

भारत को 11 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन केवल दो को ही गोल में बदला जबकि जर्मनी ने एक पेनल्टी स्ट्रोक और एक फील्ड गोल के अलावा चार में से एक को गोल में तब्दील किया। भारत के पास अभी भी अपना लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतने का मौका है जब वे गुरुवार को स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक के लिए खेलेंगे, जबकि जर्मनी और नीदरलैंड स्वर्ण पदक प्रतियोगिता में आमने-सामने होंगे।

आखिरी बार भारत ने लगातार 1968 और 1972 में ओलंपिक पदक जीते थे। भारत ने पहले क्वार्टर में बेहतर पकड़ का आनंद लिया, सात पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए लेकिन केवल एक को ही परिवर्तित कर सका। धीरे-धीरे जर्मनों ने गति पकड़ ली। भारत ने टोक्यो खेलों के कांस्य प्ले-ऑफ में जर्मनी को हराकर ओलंपिक पदक के लिए 41 साल का इंतजार खत्म किया था। आखिरी बार भारतीय हॉकी टीम 1980 के मास्को खेलों में ओलंपिक खेलों के फाइनल में पहुंची थी।

लाइन-अप में प्रमुख डिफेंडर अमित रोहिदास के नहीं होने के बावजूद, भारतीय टीम ने कड़ा संघर्ष किया और कभी भी लड़खड़ाते या दबाव के आगे झुकते हुए नहीं दिखे। भारत के लिए हरमनप्रीत (सातवें) और सुखजीत (36वें) ने गोल किए, जबकि गोंजालो पेइलाट (18वें) क्रिस्टोफर रूहर (27वें) और मार्को मिटकाउ (54वें) ने विजेताओं के लिए गोल किया।

हार्दिक ने बायीं ओर से सर्कल में प्रवेश किया और कुछ ही समय में एक जर्मन डिफेंडर के पैर पर गेंद मारकर पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन जीन-पॉल डैन्सबर्ग ने हरमनप्रीत के प्रयास को रोक दिया। हालाँकि, हार्दिक ने एक और मौका अर्जित करने के लिए रिबाउंड गेंद को इकट्ठा किया लेकिन जर्मन कस्टोडियन जीन-पॉल डेननरबर्ग ने फिर से बचा लिया। हरमनप्रीत की एक लंबी हिट एक जर्मन डिफेंडर के पैर को छू गई, जिसके परिणामस्वरूप भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह भी व्यर्थ चला गया। भारत ने आक्रमण जारी रखा, तीन और मौके मिले और अंततः छठे मौके पर पहुंच गया। हरमनप्रीत ने अपना शॉट लगाया जो मार्टिन ज्विकर से टकराकर गोल पोस्ट में चला गया। इसके बाद जरमनप्रीत सिंह ने एक जर्मन खिलाड़ी के स्कूप को रोकने के लिए अपनी स्टिक हवा में उठाई, जिसके परिणामस्वरूप दूसरे क्वार्टर में खतरनाक खेल के लिए पेनल्टी कॉर्नर मिला। और जर्मनी ने पेनल्टी कॉर्नर से पेइलैट के सटीक प्रहार के माध्यम से बढ़त को बेअसर कर दिया। पास मिलने के तुरंत बाद, सुमित ने बाईं ओर से एक शानदार दौड़ लगाई, लेकिन दो जर्मन रक्षकों ने उसे रोक दिया। ललित उपाध्याय के पास भी अभिषेक से गेंद पाकर भारत की बढ़त दोगुनी करने का मौका था, लेकिन वह बार के ऊपर से गेंद मार बैठे। भारत ने आक्रमण जारी रखा क्योंकि मनदीप सिंह ने पिच के केंद्र से गेंद लेकर उड़ान भरी और स्ट्राइकिंग सर्कल के अंदर गुरजंत सिंह को पास किया लेकिन उन्होंने गेंद पर कब्ज़ा खो दिया। जर्मनों ने पेनल्टी कॉर्नर मिलने पर मौका नहीं गंवाया, जिसे पेनल्टी स्ट्रोक में बदल दिया गया क्योंकि गोल की ओर गई गेंद जरमनप्रीत के पैर को छू गई। और रुएहर ने श्रीजेश की रक्षापंक्ति को पार करने में कोई गलती नहीं की और अपनी दाहिनी ओर से एक फायर किया।

भारत को स्कोर बराबर करने का मौका मिला लेकिन उसने दो और पेनल्टी कॉर्नर गंवा दिये। हरमनप्रीत के शॉट को डैनरबर्ग ने अपने बाएं हाथ से रोक दिया और हार्दिक ने रिबाउंड को वाइड मार दिया।

भारत को 10वां पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह असफल रहा। स्कोर बराबर करने वाला गोल आखिरकार सुखजीत की स्टिक से हुआ, जिन्होंने टीम के 11वें पेनल्टी कॉर्नर से हरमनप्रीत की ड्रैगफ्लिक को डिफलेक्ट कर दिया। जर्मनी को चौथे क्वार्टर की शुरुआत में तीसरे पेनल्टी कॉर्नर से आगे बढ़ने का मौका मिला जब हरमनप्रीत ने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को रोका।

लेकिन श्रीजेश ने मौका बचा लिया, रिबाउंड गेंद फिर से भारतीय पोस्ट की ओर फेंकी गई लेकिन रुहर के बायीं ओर से लगाए गए शॉट को संजय ने बचा लिया। जर्मनों को अगले मौके का इंतजार नहीं करना पड़ा लेकिन भारत की मजबूत रक्षा ने खतरे को टाल दिया।

हालांकि, श्रीजेश की रक्षा पंक्ति में तब सेंध लग गई जब मिल्टकाऊ ने पेइलाट के पास को दाईं ओर से डिफ्लेक्ट कर दिया। भारत ने बराबरी करने के कई प्रयास किए और यहां तक कि एक और खिलाड़ी को गेंद देने के लिए श्रीजेश को मैदान से बाहर भी ले जाया गया, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

# जेंडर विवाद को लेकर छाई रही अल्जीरियाई मुक्केबाज ईमान फाइनल में पहुंची



पेरिस, 07 अगस्त (एजेंसियां)।

पेरिस ओलंपिक 2024 में जेंडर विवाद में फंसी अल्जीरियाई मुक्केबाज ईमान खलीफा फाइनल में पहुंच गयी है। ईमान ने पेरिस ओलंपिक में 66 किलो भारवर्ग के फाइनल में जगह बनायी है। ईमान ने सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की जनजेम सुवानाफेंग को 5-0 से हराया। ईमान को लेकर विवाद इटली की एंजेला कैरिनी के साथ हुए पहले ही मुकाबले में उठा था। तक उसने विरोधी मुक्केबाज को केवल 46 सेकंड में ही हरा दिया था।

इस टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में जब ईमान इटली की मुक्केबाज एंजेला कैरिनी के खिलाफ खेलने उतरी थी तो जोरदार पंच पड़ने के बाद विरोधी की नाक टूट गई। ईनाम के मुक्के के बाद कैरिनी मैच से हट गयीं थीं। तभी से जेंडर विवाद गहराया था और उसे महिला वर्ग में उतारने पर सवाल उठे थे। इटली की मुक्केबाज कैरिनी ने मैच में चोटिल होने के बाद कहा था कि उसका पहला ही प्रहार ऐसा था जैसे उन्हें पूरे जीवन में नहीं लगा। इसके बाद सोशल मीडिया पर खलीफा का जमकर विरोध हुआ। इसका कारण है कि ईमान एक ट्रांसजेडर और उन्हें साल 2023 विश्व चैम्पियनशिप में जेंडर मानको में खरे नहीं उतरने के कारण बाहर कर दिया गया था।

### पेरिस ओलंपिक की पदक तालिका में नंबर एक पर कायम है अमेरिका, भारत 63वें स्थान पर खिसका

**पेरिस ।** पेरिस ओलंपिक में अमेरिका अभी भी सबसे ज्यादा स्वर्ण के साथ ही नंबर एक पर बना हुआ है। अमेरिका के 24 स्वर्ण, 31 रजत और 31 कांस्य पदकों के साथ ही कुल 86 पदक हो गये हैं। वहीं चीन 22 स्वर्ण, 21 रजत और 16 कांस्य पदकों के साथ ही 59 पदक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया 14 स्वर्ण , 12 रजत और 9 कांस्य के साथ ही कुल 35 लेकर तीसरे स्थान पर है जबकि मेजबान फ्रांस 13 स्वर्ण, 16 रजत और 19 कांस्य के साथ ही कुल 48 पदकों के साथ चौथे स्थान पर फिसल गया है। इसके अलावा ब्रिटेन 12 स्वर्ण, 15 रजत और 19 कांस्य सहित कुल 46 पदक जीतकर पांचवें स्थान पर है। भारत अब तक केवल 3 कांस्य पदक के साथ ही 63वें स्थान पर बना हुआ है।

# श्रीलंका 110 रनों से जीता, मैच के साथ सीरीज भी हारा भारत



कोलंबो, 07 अगस्त (एजेंसियां)।

श्रीलंका के खिलाफ 3 एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की सीरीज के आखिरी वनडे में श्रीलंका ने भारत को 110 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ही श्रीलंका ने सीरीज पर 2-0 से कब्जा कर लिया। पहला मुकाबला टाई छूटा था। 249 रनों का पीछा करते हुए भारत से रोहित शर्मा ने 35, वॉशिंगटन सुंदर ने 30, विराट कोहली ने 20 और रियान पराग ने 15 रन बनाए। श्रीलंका से दुनिथ वेल्लालागे ने 5 विकेट लिए। जेफरी वांडरसे और महीश तीक्षणा को 2-2 विकेट मिले।

पहली पारी में श्रीलंका ने भारत के सामने 249 रनों का लक्ष्य रखा। पिछले दो मैचों के मुकाबले इस बार श्रीलंकाई ओपनरों ने अपनी टीम को अच्छी शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए 89 रन जोड़े। जहां पथुम निसानका (45) अर्द्धशतक से चूके तो अविष्का फर्नांडो (96) के हाथ से चार रन से ही शतक फिसल गया। इनके आउट होने के बाद एक छोर पर पुछल्लों के कुछ विकेट गिरने के बीच कुसल मेंडिस ने 59 रन की उपयोगी पारी खेली। निचले क्रम में कमिंडु मेंडिस (23) ने भी हाथ दिखाए, तो श्रीलंका 7 विकेट र 248 रनों तक पहुंचने में सफल रहा। आखिरी वन डे में अर्शदीप की जगह अपने वनडे करियर की शुरआत करने वाले रियान पराग ने तीन विकेट लिए, जबकि सिराज, पटेल, सुंदर और कुलदीप को एक-एक विकेट मिला।

# निराशा : महिला टेबल टेनिस टीम का खत्म हुआ सफर, जर्मनी के हाथों मिली पराजय

पेरिस, 07 अगस्त (एजेंसियां)।



भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम का पेरिस ओलंपिक 2024 में सफर समाप्त हो गया है। मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ की भारतीय महिला टीम को बुधवार को टेबल टेनिस वुमेन्स टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जर्मनी से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम के पास मौका था कि वो सेमीफाइनल के लिए प्रवेश कर सकें लेकिन वो जर्मनी से मिली हार के बाद पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गई।

मुकाबले की बात करें तो दोनों टीमों के बीच पहला मैच युगल का खेला गया। युगल मैच में भारत की श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ की जोड़ी को जर्मनी की युआन वान और जिओना शान की जोड़ी से 5-11, 11-8, 10-12, 6-11 से हार झेलनी पड़ी। दूसरा मैच एकल का खेला गया। एकल मैच में भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा और जर्मनी की कॉफमैन एनेट के बीच खेला गया। एकल मैच में मनिका बत्रा ने पहला गेम तो जीता लेकिन अगले तीन गेम नहीं जीत सकीं और मैच 11-8, 5-11, 7-11, 5-11 से हार गईं। इससे जर्मनी की टीम ने 2-0 से बढ़त बना ली।

इसके बाद अर्चना कामथ ने भारतीय टीम को उम्मीद की किरण दिखाई। तीसरा मैच अर्चना कामथ और जर्मनी की जओना शान के बीच खेला गया। कामथ ने यह मैच 19-17, 1-11, 11-5, 11-9 से जीता। चौथा मैच भारत की ओर से श्रीजा अकुला और जर्मनी की ओर से कॉफमैन एनेट खेलने आईं। इस मैच को अकुला 6-11, 7-11, 7-11 से हार गईं। इस तरह जर्मनी ने 1-3 से जीत दर्ज कर ली।

### पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान अंतिम पंघाल का सफर समाप्त



भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल का पेरिस ओलंपिक 2024 में सफर समाप्त हो गया है। पंघाल पेरिस ओलंपिक में अपना पहला ही मैच हार गईं। अंतिम पंघाल को महिला कुश्ती के 53 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 में तुर्की की पहलवान जेनिप येतगिल से 10-0 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय रेसलर इस मुकाबले में कभी भी तुर्की की खिलाड़ी पर दबाव नहीं बना सकीं। जेनिप येतगिल ने पूरे मैच में दबाव बनाए रखा और 10-0 की बढ़त लेकर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मैच जीत लिया। उधर, तुर्की पहलवान जेनिप येतगिल क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की अनिका वेंडल से हार गईं। इसके परिणामस्वरूप, अंतिम पंघाल रेपेचेज राउंड में हिस्सा नहीं लेने की उम्मीदें भी खत्म हो गईं और उनका पेरिस 2024 अभियान समाप्त हो गया।

# राज्य स्तरीय ताइक्कांडो स्पर्धा में मुरादाबाद ने जीते 2 स्वर्ण व 6 कांस्य पदक

मुरादाबाद, 07 अगस्त ।

**मुरादाबाद ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव व हेड कोच ने तकी इमाम ने बताया कि कानपुर में आयोजित हुईं राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मुरादाबाद जिले से 28 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर 2 स्वर्ण और 6 कांस्य पदक जीतकर अपने नाम कर मुरादाबाद का नाम रोशन किया।**



मुरादाबाद ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव व हेड कोच ने तकी इमाम ने बताया बुधवार को मुरादाबाद लौटे सभी खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन पर स्वागत अभिनंदन किया गया। 2 अगस्त से 5 अगस्त को उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो द्वारा इंडिया ताइक्कांडों के तत्वाधान में राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन कानपुर में किया गया, जिसमें मुरादाबाद जिले से 28 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता में शिशु वाटिका ताइक्कांडो एकेडमी से भानू शर्मा और शिवानी पाल ने स्वर्ण पदक, दिव्यांशी, प्रिय लोधी, लवकुश ने कांस्य पदक हासिल किया। खान ताइक्कांडो एकेड्मी से जोहान अली ने और मीर हाशमी ने कांस्य पदक हासिल किया। मुस्तफा ताइक्कांडो एकेडमी से जैनू अब्दुल्लाह ने कांस्य पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता भानू शर्मा और शिवानी पाल का चयन नेशनल ताइक्कांडो चैपियनशिप के लिए किया गया है। नेशनल ताइक्कांडो चैपियनशिप 15 व 16 अगस्त को कानपुर में इंडिया ताइक्कांडो द्वारा आयोजित की जाएगी।

### हाकी : नार्दर्न रेलवे ने केडी सिंह सोसाइटी को 3-0 से हराया

**लखनऊ।** हाकी लीग सीनियर मेन चैंपियनशिप में बुधवार को दो मैच खेले गये। पहले मैच में नार्दर्न रेलवे ने के.डी. सिंह बाबू सोसाइटी को 3-0 से हरा दिया। वहीं दूसरे मैच में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज ने आर्मी इंजीनियर्स को 5-1 से मात देकर बढ़त बना ली। पहले मैच में नार्दर्न रेलवे और के.डी सिंह के बीच 15 मिनट तक कांटे का टक्कर चलता रहा। कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। 16वें मिनट में नार्दर्न रेलवे की टीम ने पहला गोल कर बढ़त बना ली। इसके बाद दूसरे हाफ में ही 28वें मिनट में एक गोल और दागकर नार्दर्न रेलवे की टीम आगे निकल गयी। तीसरे हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। चौथे हाफ में 50वें मिनट में नार्दर्न रेलवे की टीम ने पुन एक गोल कर मैच को 3-0 से जीत लिया। वहीं दूसरे मैच में गुरु गोविंद सिंह की टीम ने पहले हाफ के 13वें मिनट में ही पहला गोल कर बढ़त बना ली। इसके बाद दूसरे हाफ में दो गोल किये, तीसरे और चौथे हाफ में एक-एक गोल किये, जबकि इंजीनियर्स आर्मी की टीम दूसरे हाफ में एक गोल कर सकी।



संपादकीय

# कांग्रेस को राम नाम से चिढ़ क्यों?

किसी भी व्यक्ति के लिए यह समझना कठिन है कि कांग्रेस राम के नाम से चिढ़ती क्यों है? कभी राम के जन्म एवं अस्तित्व पर अदालत में हलफनामा देकर प्रश्न उठाया जाता है तो कभी राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सहभागी होने से इनकार कर दिया जाता है और अब तो कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने राम के नाम पर बसे जिले का नाम ही बदल दिया है। कांग्रेस सरकार ने बीते शुक्रवार को रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलुरु साउथ करने का निर्णय लिया है। मोदी और योगी सरकार द्वारा स्थानों के नाम बदलने का विरोध करनेवाली कांग्रेस किस मुंह से रामनगर का नाम बदलने के अपने निर्णय का बचाव करेगी? अभी हाल ही में जब राष्ट्रपति भवन में 'दरबार हॉल' और 'अशोक हॉल' का नाम बदलकर क्रमशः 'गणतंत्र मंडप' और 'अशोक मंडप' किया गया, तो इसी कांग्रेस ने हाय-तौबा मचायी थी। याद रखें कि भाजपा सरकारों ने अब तक जितने भी नाम बदले हैं, उसके पीछे का उद्देश्य गुलामी के चिह्न हटाकर उन्हें मूल पहचान स्थापित करना है। भाजपा सरकारों ने अभी तक अंग्रेजों एवं इस्लामिक आक्रांताओं की गुलामी के चिह्न हटाए हैं, जिस पर सदैव कांग्रेस, कम्युनिस्ट और तथाकथित सेकुलर बिरादरी को कष्ट होता रहा है। वहीं, कांग्रेस ने जब नाम बदलने का काम किया तो उसने भारतीयता के प्राण 'राम' का नाम ही बदलने का निर्णय लिया है। इसे साफतौर पर राम और हिन्दू प्रतीक के विरोध के रूप में ही देखा जाएगा। कांग्रेस के इस निर्णय से भारत के संत समाज में भी नाराजगी है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि "योगी आदित्यनाथ राम की परंपरा, सनातन की परंपरा के अनुसार नाम बदलते हैं जबकि वे (कर्नाटक सरकार) अपने ढंग से नाम बदलते हैं...राम का नाम उन्हें अच्छा नहीं लगता। ऐसे लोग सनातन विरोधी हैं, मैं उनकी कड़ी निंदा करता हूं"। कांग्रेस को अवश्य ही यह विचार करना चाहिए कि इस प्रकार राम के नाम को मिटाकर क्या वास्तव में 'राम के अस्तित्व' को मिटाया जा सकता है? आर्थिक जगत के बड़े नामों को लाभ पहुँचाने के लिए रामसेतु को तोड़ने के प्रयासों में एक बार कांग्रेस राम के अस्तित्व को झुठलाने का अपराध कर चुकी है। लेकिन हुआ क्या? रामसेतु और राम का नाम यथावत है। अपितु कई बार कांग्रेस के नेता ही न्यायालय में दिए गए अपने ही हलफनामे को झुठलाने पर मजबूर हो जाते हैं। कांग्रेस के इस निर्णय के बाद से कर्नाटक में राजनीतिक वातावरण गर्म हो गया है। रामनगर जिले का नाम बदलने के कांग्रेस के निर्णय का भाजपा की ओर से तीव्र विरोध दर्ज कराया गया है। भाजपा को चाहिए कि वह इस मुद्दे को लेकर राज्य व्यापी ही नहीं अपितु देश व्यापी आंदोलन खड़ा करे और संपूर्ण देश को इस निर्णय के बारे में बताए। भाजपा की ओर से उचित ही कहा गया है कि उनकी सरकार आई तो वह निर्णय को पलटकर पुनः राम के नाम को स्थापित करेगी। यहाँ यह भी अंदेशा जताया जा रहा कि कांग्रेस ने नेताओं ने अपने रियल एस्टेट कारोबारी मित्रों को लाभ पहुँचाने के लिए भगवान राम के नाम पर बसे जिले का नाम बदलकर 'बेंगलुरु साउथ' किया है ताकि इस जिले को ब्रांड बेंगलुरु से जोड़कर यहाँ रियल एस्टेट के कारोबार को गति दी जा सके। यहाँ भी कांग्रेस का पाखंड दिखायी पड़ता है। एक ओर उनका शीर्ष नेतृत्व कारोबारियों को बुरा-भला बोलता रहता है वहीं दूसरी ओर उनकी सरकार अपने कारोबारी मित्रों को लाभ पहुँचाने के लिए राम का नाम मिटाने में भी नहीं हिचकती है।

> कांग्रेस सरकार ने बीते शुक्रवार को रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलुरु साउथ करने का निर्णय लिया है। मोदी और योगी सरकार द्वारा स्थानों के नाम बदलने का विरोध करनेवाली कांग्रेस किस मुंह से रामनगर का नाम बदलने के अपने निर्णय का बचाव करेगी? अभी हाल ही में जब राष्ट्र पति भवन में 'दरबार हॉल' और 'अशोक हॉल' का नाम बदलकर क्रमश: 'गणतंत्र मंडप' और 'अशोक मंडप' किया गया, तो इसी कांग्रेस ने हाय-तौबा मचायी थी। याद रखें कि भाजपा सरकारों ने अब तक जितने भी नाम बदले हैं, उसके पीछे का उद्देश्य गुलामी के चिह्न हटाकर उन्हें मूल पहचान स्थापित करना है। भाजपा सरकारों ने अभी तक अंग्रेजों एवं इस्लामिक आक्रांताओं की गुलामी के चिह्न हटाए हैं, जिस पर सदैव कांग्रेस, कम्युनिस्ट और तथाकथित सेकुलर बिरादरी को कष्ट होता रहा है। वहीं, कांग्रेस ने जब नाम बदलने का काम किया तो उसने भारतीयता के प्राण 'राम' का नाम ही बदलने का निर्णय लिया है। इसे साफतौर पर राम और हिन्दू प्रतीक के विरोध के रूप में ही देखा जाएगा। कांग्रेस के इस निर्णय से भारत के संत समाज में भी नाराजगी है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि "योगी आदित्यनाथ राम की परंपरा, सनातन की परंपरा के अनुसार नाम बदलते हैं जबकि वे (कर्नाटक सरकार) अपने ढंग से नाम बदलते हैं...राम का नाम उन्हें अच्छा नहीं लगता।

## घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण रोज़गार की तलाश करने लगा

# रोजगार को गांव तक पहुंचाने की जरूरत है

कृष्णा कुमारी मीणा

"मैंने 12वीं तक विज्ञान विषय से पढ़ाई की है। फिर घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण रोज़गार की तलाश करने लगा। लेकिन मुझे कहीं भी नौकरी नहीं मिली। जिसके बाद मुझे मार्बल फैक्ट्री में मज़दूर के रूप में काम करना पड़ रहा है। रोज़गार की तलाश में कहीं भी जाता था तो मायूसी ही हाथ लगती थी। इसलिए अब मैंने अपनी डिग्री के आधार पर रोज़गार की तलाश छोड़ कर मज़दूरी से ही जुड़ गया हूं। कम से कम इससे आमदनी तो हो रही है और मैं अपने परिवार को पालने में सक्षम तो हूं।" यह कहना है 26 वर्षीय राजकंवर दौसा का, स्नातक पास राजकंवर राजस्थान के धुवालिया नाडा गांव का रहने वाला है। यह गांव अजमेर से लगभग 15 किमी दूर स्थित है। करीब 650 लोगों की आबादी वाले इस गांव में लगभग 100 घर हैं। जिनमें भील, रेगर और मुस्लिम परिवारों की संख्या अधिक है। इस गांव में रोज़गार सबसे बड़ा मुद्दा है। कुछ ही परिवार ऐसे हैं जो स्थाई रूप से रोज़गार से जुड़े हुए हैं।

> रोज़गार की तलाश में कहीं भी जाता था तो मायूसी ही हाथ लगती थी। इसलिए अब मैंने अपनी डिग्री के आधार पर रोज़गार की तलाश छोड़ कर मज़दूरी से ही जुड़ गया हूं। कम से कम इससे आमदनी तो हो रही है और मैं अपने परिवार को पालने में सक्षम तो हूं।" यह कहना है 26 वर्षीय राजकंवर दौसा का, स्नातक पास राजकंवर राजस्थान के धुवालिया नाडा गांव का रहने वाला है। यह गांव अजमेर से लगभग 15 किमी दूर स्थित है। करीब 650 लोगों की आबादी वाले इस गांव में लगभग 100 घर हैं। जिनमें भील, रेगर और मुस्लिम परिवारों की संख्या अधिक है।

गांव के 45 वर्षीय तोलाराम बताते हैं कि उनके परिवार में 6 सदस्य हैं। जिनके भरण पोषण की ज़िम्मेदारी उनके कंधो पर है। जिसके लिए वह स्थानीय मार्बल फैक्ट्री में सुपरवाइज़र के रूप में काम करते हैं। वह बताते हैं कि उन्होंने स्नातक तक शिक्षा प्राप्त की है और इस आधार पर कई बार सरकारी नौकरी के लिए आवेदन भी भरा। लेकिन जब नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने मार्बल फैक्ट्री में काम करना शुरू कर दिया। तोलाराम बताते हैं कि वह आर्थिक रूप से काफी कमज़ोर हैं। उनके पास इतने पैसे नहीं थे कि वह कोई स्वरोज़गार कर सकते थे। इसलिए उन्होंने प्राइवेट नौकरी करना ही बेहतर समझा। वह बताते हैं कि गांव के बहुत सारे युवा ऐसे हैं जो अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और उन्हें कोई रोज़गार नहीं मिल रहा है। वह बताते हैं कि रोज़गार के साथ साथ गांव में कई प्रकार की बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। जिसका नकारात्मक प्रभाव भी गांव के विकास पर पड़ता है। गांव में आज तक पक्की सड़क नहीं बन सकी है। जिसके कारण यहां परिवहन की बहुत बड़ी समस्या आती है। गांव से शहर आने जाने के लिए किसी प्रकार का ऑटो या अन्य साधन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में रोज़गार करने वालों को भी कठिनाइयों का सामना रहता है। प्रतिदिन अजमेर शहर जाकर नौकरी अथवा मज़दूरी करने वालों को




प्रतिदिन गांव से डेढ़ किमी पैदल चल कर मुख्य सड़क तक पहुंचना होता है, जहां से शहर जाने के लिए गाड़ियां उपलब्ध होती हैं। वह कहते हैं कि यदि गांव में पक्की सड़क का निर्माण हो जाता तो आवागमन की सुविधा हो जाती जिससे रोज़गार करने वालों को आसानी होती।

स्नातक अंतिम वर्ष की छात्रा 21 वर्षीय कुसुम कहती है कि धुवालिया नाडा के अधिकतर युवा या तो प्राइवेट जॉब करते हैं या फिर बाहर जाकर मज़दूरी करते हैं क्योंकि गांव में कृषि के लायक सभी के पास पर्याप्त ज़मीन भी नहीं है और स्वरोज़गार का भी विकल्प नज़र नहीं आता है। वह कहती है कि जल्द ही उसका ग्रेजुएशन पूरा होने वाला है। इस आधार पर वह पिछले कुछ महीनों से लगातार नौकरी के लिए प्रयास कर रही है। लेकिन अभी तक उसे सफलता नहीं मिली है। कुसुम कहती है कि गांव में लड़कों के साथ साथ लड़कियों की शिक्षा पर भी ज़ोर दिया जाता है। इसलिए यहां सभी बच्चे स्कूल जाते हैं। लेकिन पढ़ लिख कर रोज़गार के लिए भटकते नज़र आते हैं। फिर वह या तो फैक्ट्रियों में काम करने लग जाते हैं या फिर किसी निजी संस्था में बहुत कम तनख्वाह पर काम करते हैं। वह कहती है कि गांव में स्वरोज़गार के विकल्प नहीं है। इसीलिए युवा अपना रोज़गार शुरू करने के स्थान पर कहीं नौकरी करते हैं। यदि सरकार और संबंधित विभाग की ओर से गांव में ही स्वरोज़गार के विकल्प उपलब्ध कराये जाएं तो बहुत सारे युवा विशेषकर किशोरियों के सशक्तिकरण की दिशा में बहुत सार्थक पहल होगी। अभी गांव की लड़कियां स्वरोज़गार के नाम पर कपड़े सिलाई करती हैं। लेकिन इससे उन्हें बहुत अधिक लाभ नहीं मिलता है। यदि उन्हें रोजगार से जुड़े कौशल प्रशिक्षण दिए जाएं तो वह गांव में ही रहकर आर्थिक रूप से मज़बूत बन सकती हैं।

एक अन्य युवा 32 वर्षीय जयराम रेगर कहते हैं कि उन्होंने कहीं नौकरी करने से बेहतर कृषि कार्य को प्राथमिकता दिया था और ज़मीन के छोटे टुकड़े पर खेती शुरू की थी, जो उनकी पारिवारिक ज़मीन है। लेकिन कभी सिंचाई तो कभी बीज या मार्केटिंग की समस्या आती थी। जिससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा था। यही कारण है कि अब उन्होंने इसे छोड़ कर नौकरी करने की सोची है। हालांकि अब उन्हें रोज़गार ढूंढने में काफी कठिनाई आ रही है। वह कहते हैं कि "गांव में रहकर यदि स्वरोज़गार का कोई माध्यम उपलब्ध हो जाए तो उनके लिए बहुत अच्छा होगा। लेकिन उन्हें नहीं पता कि इसके लिए वह क्या करें? उन्होंने बताया कि केंद्र और राजस्थान सरकार की ओर से स्वरोज़गार से जुड़ी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके लिए सरकार आर्थिक सहायता भी प्रदान करती है। लेकिन इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। एक अन्य युवा 12वीं पास मुकेश कहते हैं कि 'पढ़ाई के बाद जब रोज़गार का कोई साधन उपलब्ध नहीं हुआ तो उन्होंने फैक्ट्री में काम शुरू किया है। इसके लिए उन्हें प्रतिदिन अजमेर शहर जाना पड़ता है। जिसमें उनके काफी पैसे खर्च हो जाते हैं। लेकिन उनके पास रोज़गार का कोई अन्य विकल्प नहीं है। वह कहते हैं कि पशुपालन के लिए भी आर्थिक सहायता की ज़रूरत होती है। इसके लिए उन्होंने बैंक से लोन लेने का भी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए।

हालांकि केंद्र और राज्य दोनों ही सरकारों की ओर से युवाओं को रोज़गार से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। राजस्थान सरकार की ओर से मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत राज्य के बेरोजगार युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए बैंक से लोन दिया जाता है इसमें सब्सिडी भी उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में सरकार द्वारा व्यवसाय के आधार पर 25 लाख रुपए से लेकर 10 करोड़ रुपए तक लोन दिया जाता है। योजना के तहत उपलब्ध कराए जाने वाला लोन बैंकों के माध्यम से दिया जाता है।

दृष्टि कोण

# सैन्य शहादतों पर सियासत की खामोशी

नौ जून 2024 को भारत की नवनिर्वाचित हुकूमत का शपथ समारोह चल रहा था। प्रधानमंत्री के साथ नई सरकार के मरकजी वजीर हलफ उठा रहे थे। उसी दिन पाक प्रशिक्षित आतंकियों ने जम्मू के रियासी क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी एक बस पर गोलीबारी करके दस अकीदतमंदों को मौत के घाट उतार दिया था। जाहिर है उस आतंकी हमले के जरिए पाक खूफिया एजेंसी आईएसआई ने हिंदोस्तान की नई हुकूमत के साथ मुल्क के पूरे सियासी निजाम को पैगाम नसर कर दिया कि जम्मू कश्मीर राज्य में आतंकवाद अभी शांत नहीं हुआ है, बल्कि दहशतगर्द व आतंक के पैरोकार भारत को दहलाने के लिए सरहद के उस पार तैयार बैठे हैं। छह जुलाई 2024 को कश्मीर के कुलगाम में सेना की स्पेशल फोर्स के दो जवान आतंकी हमले में बलिदान हो गए। आठ जुलाई 2024 को कठुआ में आतंकियों ने सेना के वाहन पर हमला कर दिया जिसमें पांच जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। 16 जुलाई 2024 को डोडा जिला में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में राष्ट्रीय राइफल्स के एक अधिकारी सहित तीन जवानों की शहादत हो गई। गत जुलाई में जब जम्मू कश्मीर राज्य में सेना के जवान आतंकियों को जहन्नुम की परवाज पर भेजकर बलिदान हो रहे थे, उस वक्त मुल्क की सियासत देश के कई राज्यों में हो रहे उपचुनावों में मशगूल थी। सियासी रहनुमां जीत का जश्न मना रहे थे।

चुनावों में जीत व शिकस्त पर आकलन चल रहा था। देश में बड़े उद्योगपतियों के शादी समारोह मीडिया चैनलों की सुर्खियां बने थे। नतीजतन देश की सुरक्षा में मुस्तैद सैनिकों की शहादतें इंतखाबी शोर में दब कर रह गईं। 24 जुलाई 2024 को कुपवाड़ा सेक्टर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान राष्ट्रीय राइफल्स के शहीद जवान दिलावर खान का संबंध हिमाचल से था। मजहब के नाम पर वजूद में आए



पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर को हथियाने के लिए चार बड़े युद्धों को अंजाम दिया। मगर भारतीय सैन्य पराक्रम के आगे पाक सेना को चारों युद्धों में जिल्लत भरी शिकस्त झेलनी पड़ी। जम्मू कश्मीर को दहलाने के लिए पाकिस्तान आतंकी मंसूबों को लगातार अंजाम दे रहा है। राष्ट्र के स्वाभिमान के लिए देश के सैनिक एक मुद्दत से अपना सर्वस्व न्योछावर कर रहे हैं। सैनिकों की शहादतों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। मगर पाकिस्तान के प्रति भारत की क्रिकेट खेलने की दीवानगी कम नहीं हो रही। गुजिस्ता जुलाई महीने में जम्मू कश्मीर में पाक परस्त आतंकियों से लोहा लेकर देश के जवान शहीद हो रहे थे। उसी दौरान भारत के सीनियर क्रिकेटर 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेड्स' में पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने में मशगूल थे। यह कारकर्दगी पाक परस्त आतंक से लडक़र शहीद हो रहे सैनिकों के बलिदान का अपमान है। सवाल यह है कि क्रिकेट बड़ा है या राष्ट्र? आतंकवाद का निर्यात करने वाले मुल्क के साथ खेल व मुजाकरात कितना मुनासिब है? देश के हुक्मरानों को विचार करना होगा। दूसरी विडंबना यह है कि लोकतंत्र के नाम पर देश पर शासन करने वाले सियासी रहनुमाओं का मुल्क के सामरिक क्षेत्र में धरातल पर कोई योगदान नहीं है और न ही जमीनी स्तर पर कोई अनुभव। इसीलिए जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर सहित देश के कई राज्यों में हो रही आतंकी घटनाओं तथा पाक पोषित आतंक पर संसद में कभी चर्चा नहीं होती। बल्कि जम्हूरियत की पंचायतों के तमाम इजलास हंगामे की भेंट चढ़ जाते हैं। हजारों फीट के फराज पर मौजूद दुनिया का सबसे ऊंचा रणक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर व अरुणाचल तथा सिक्किम जैसे राज्यों की संवेदनशील सरहदें सियासी नजर-ए-करम को मोहताज हैं।

पाकिस्तान की सियासी कयादत, सेना व 'आईएसआई' आतंकी रहनुमाओं की खादिम बन चुकी है। दुनिया के मोस्ट वांटेड आतंकियों के लिए सबसे महफूज पनाहगाह पाकिस्तान है। लेकिन सन-1971 में पाकिस्तान को तकसीम करके पाक का भूगोल बदलने वाली विश्व की सर्वोत्तम भारतीय थलसेना उस तारीख को दोहराने की पूरी सलाहियत रखती है। बशर्ते चुनावी तशहीर के दौरान पाकिस्तान के टुकड़े करने वाले सियासी रहनुमां तथा जम्हूरियत की पंचायतों में जाति, मजहब व आरक्षण जैसे मुद्दों पर गर्जने वाली सियासी जमातें पाक परस्त आतंकवाद से निपटने में भी एकजुट होकर इच्छाशक्ति दिखाएं। आतंकी हमलों के एहतजाज में धरने-प्रदर्शन करना व मरकजी हुकूमत को तनकीद का निशाना बनाना या पाकिस्तान का पुतला जलाने से आतंकवाद नहीं थमेगा।

कुछ अलग

# वायनाड हादसे के सबक

केरल के वायनाड जिले में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में बड़ी जनहानि हुई है। अब तक 139 लोगों की मृत्यु की जानकारी सामने आ चुकी है। इस हादसे से एक बात सामने आई है, जो अत्यधिक चिंताजनक है। पिछले दस वर्षों में विपक्ष ने सत्ता पक्ष के साथ जिस प्रकार के विरोध की राजनीति का वातावरण बनाया है, उसका असर केन्द्र और राज्य सरकारों के आपसी संघीय रिश्तों पर भी दिख रहा है। राज्य सरकारें केंद्र के निर्देशों एवं सुझावों की अनदेखी करने लगी हैं।

वायनाड भूस्खलन के मामले में अपनी लापरवाही छिपाने के लिए जब कम्युनिस्ट पार्टी एवं कांग्रेस के नेताओं ने आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरू की और केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया तब गृहमंत्री अमित शाह को स्पष्ट करना पड़ा कि इस पूरे मामले में केरल सरकार की लापरवाही उजागर होती है।

उन्होंने राज्यसभा में बयान दिया है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में राजनीतिक टिप्पणियां की जा रही हैं और केंद्र सरकार की ओर से 'चेतावनी देने की व्यवस्था' पर प्रश्न उठाए जा रहे हैं इसलिए बताना चाहूंगा कि केंद्र की तरफ से भारी बारिश के बाद ही सात दिन पहले केरल सरकार को चेतावनी भेजी गई थी। चेतावनी के हिसाब से एनडीआरएफ की नौ टुकड़ियां भी भेज दी गई थीं। लेकिन इसके बाद भी केरल सरकार सोयी रही। उन्होंने उचित ही प्रश्न उठाए हैं कि केंद्र से चेतावनी मिलने के बाद केरल सरकार ने क्या किया? क्या वहाँ से लोगों को विस्थापित किया गया? यदि केरल सरकार केंद्र की चेतावनी को गंभीरता से लेकर आवश्यक कदम उठा लेती, तब 139 लोगों का जीवन असमय ही काल के गाल में नहीं समाता। सभी राजनीतिक दलों को यह समझना चाहिए कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है और सरकारों के उत्तरदायित्व एवं भूमिकाएं अपनी जगह हैं। भारत का संविधान जिस संघीय ढांचे की बात करता है, उसका अनुपालन करना सभी की नैतिक एवं संवैधानिक जिम्मेदारी है।

केरल में सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी ने हाल ही में ऐसे निर्णय लिए हैं, जिनसे स्पष्ट दिखता है कि वह संविधान के दायरे से बाहर जाकर सरकार चलाना चाहती है। बहरहाल, वायनाड हादसे से हमें दूसरे सबक भी लेने चाहिए। दरअसल, वायनाड का भयावह हादसा पश्चिमी घाट के लगातार दोहन का नतीजा है। अगर इस क्षेत्र को संवेदनशील घोषित करने में देरी हुई तो हालात और भी खराब हो जाएंगे। इस क्षेत्र में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाया जाना चाहिए। पश्चिमी घाट में अंधाधुंध विकास के चलते प्रकृति को पहुंचाई जा रही क्षति को देखकर पर्यावरण विशेषज्ञ पहले ही अपनी चिंताओं से सरकार को अवगत करा चुके हैं। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि कई क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों, मानव संसाधनों और सामाजिक ताने-बाने की कीमत पर अंधाधुंध विकास हो रहा है।

पश्चिमी घाट में चल रहा अत्यधिक उत्खनन और मानव हस्तक्षेप वायनाड जैसी त्रासदी का मुख्य कारण है। विकास के नाम पर खनन, सड़क और खतरनाक पहाड़ी ढलानों पर निर्माण हो रहे हैं। जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। वायनाड हादसे से हमें आवश्यक सबक सीखने चाहिए, अन्यथा इस प्रकार के हादसे होते रहेंगे और सरकारें खानापूर्ति करती रहेंगी।

देश दुनिया से

# क्यों किसानों के लिए पशुपालन बोझ बनता जा रहा है?

> देश के लगभग सभी किसान कहीं न कहीं खेती के साथ साथ पशुपालन भी ज़रूर करते हैं। इससे जहां उन्हें कृषि संबंधी कार्यों में सहायता मिलती है तो वहीं वह उनके अतिरिक्त आय का स्रोत भी होता है। देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने पशुपालन भी एक प्रमुख साधन है। लेकिन हाल के कुछ वर्षों में राजस्थान के कई ग्रामीण इलाकों में पशुपालन किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित होता जा रहा है। कभी बढ़ती महंगाई तो कभी मवेशियों में फैलती जानलेवा बीमारी किसानों को पशुपालन से दूर करता जा रहा है। कई किसान परिवार अब अपने मवेशियों को बोझ समझ कर पशुपालन का काम छोड़ने पर विचार करने लगे हैं। जो न केवल किसानों के लिए बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी नुकसानदेह साबित हो सकता है।

हमारे देश में किसानों के लिए कृषि कार्य जितना लाभकारी है उतना ही पशुपालन भी उनकी आय का एक बड़ा माध्यम है। देश के लगभग सभी किसान कहीं न कहीं खेती के साथ साथ पशुपालन भी ज़रूर करते हैं। इससे जहां उन्हें कृषि संबंधी कार्यों में सहायता मिलती है तो वहीं वह उनके अतिरिक्त आय का स्रोत भी होता है। देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने पशुपालन भी एक प्रमुख साधन है। लेकिन हाल के कुछ वर्षों में राजस्थान के कई ग्रामीण इलाकों में पशुपालन किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित होता जा रहा है। कभी बढ़ती महंगाई तो कभी मवेशियों में फैलती जानलेवा बीमारी किसानों को पशुपालन से दूर करता जा रहा है। कई किसान परिवार अब अपने मवेशियों को बोझ समझ कर पशुपालन का काम छोड़ने पर विचार करने लगे हैं। जो न केवल किसानों के लिए बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी नुकसानदेह साबित हो सकता है। राज्य के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का करणीसर गांव भी इसका एक उदाहरण है। जहां किसानों के लिए मवेशी पालना आय का अतिरिक्त स्रोत नहीं बल्कि घाटे का कारण बनता जा रहा है।

ब्लॉक मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर इस गांव में 543 परिवार आबाद हैं। इनमें लगभग सभी परिवार खेती किसानी के साथ साथ पशुपालन का काम भी करता है। गांव में प्रवेश करते ही जगह जगह पालतू मवेशी खुले में घूमते नज़र आ जाएंगे। इनमें सबसे अधिक संख्या गायों की है। इस संबंध में 35 वर्षीय किसान लालचंद बताते हैं कि पहले की अपेक्षा अब मवेशी पालना कठिन हो गया है। जितनी उससे आमदनी नहीं होती है उससे अधिक उनके चारे में खर्च हो जाता है। वह बताते हैं कि वर्षों से उनके परिवार की परंपरा रही है कि कृषि के साथ साथ गाय भी पाले जाते हैं। इस समय उनके पास भी 6 गायें हैं। लेकिन अब उनके लिए इस परंपरा को जारी रखना मुश्किल होता जा रहा है क्योंकि इन गायों से जितनी दूध नहीं मिलती है उससे कहीं अधिक उनके लिए चारे की व्यवस्था करनी पड़ती है। लगातार बढ़ती महंगाई भी इस दिशा में उनके लिए बहुत बड़ी समस्या के रूप में सामने खड़ी है। लालचंद बताते हैं कि फसल कटाई के समय मवेशी के लिए चारा उपलब्ध हो जाता है, जो अगले कुछ महीनों के लिए काफी होता है। लेकिन उसके बाद चारा खरीदने पड़ते हैं जो पहले की अपेक्षा महंगी मिलती है।

वहीं एक अन्य किसान रविदास स्वामी बताते हैं कि कृषि कार्य के साथ साथ उनके पास 10 गायें भी हैं। जिनके लिए अब उन्हें चारे की व्यवस्था बहुत मुश्किल से होती है। वह बताते हैं कि करणीसर गांव में पीने के पानी की बहुत बड़ी समस्या है। जो पानी बावड़ी या अन्य स्रोतों से उपलब्ध होता है वह बहुत खारा होता है। जिसे इंसान ही नहीं मवेशी भी पीकर बीमार होते जा रहे हैं। वह कहते हैं कि गांव में कोई भी आर्थिक रूप से इतना संपन्न नहीं है कि अकेले अपने परिवार के लिए पीने के पानी का टैंकर मंगवा सके। इसलिए सभी गांव वाले आपस में पैसा इकठ्ठा करके हर हफ्ते पानी का टैंकर मंगाते हैं। ऐसे में भला हम अपने मवेशियों के लिए पीने का अच्छा पानी कहां से उपलब्ध करा सकते हैं। मजबूरीवश उन्हें खारा पानी देते हैं। जिसे पीकर वह अक्सर बीमार हो जाते हैं और कई बार उनकी मौत भी हो जाती है। वह बताते हैं कि करणीसर गांव या लूणकरणसर ब्लॉक में भी जानवरों का कोई अस्पताल नहीं है। ऐसे में उन्हें 200 किमी दूर बीकानेर जिला में संचालित जानवरों के सरकारी अस्पताल ले जाना पड़ता है। जो बहुत खर्चीला साबित होता है।

एक अन्य ग्रामीण अजीत कहते हैं कि कृषि कार्यों के अतिरिक्त उनके पास करीब 40 गायें थीं। लेकिन धीरे धीरे सभी बीमार होकर मरती गईं और अब केवल उनके पास केवल 8 गायें रह गई हैं। जिनके चारा और अन्य व्यवस्था करना भी उनके लिए बहुत मुश्किल होता जा रहा है। अब वह पशुपालन का काम छोड़ने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव में किसानों के लिए पशुपालन कितना मुश्किल होता जा रहा है, इस बात से अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि उन्होंने बची सभी आठ गायों को बेचना चाहा लेकिन गांव में किसी किसान ने इसे खरीदने में रूचि नहीं दिखाई। वह बताते हैं कि बहुत से किसानों ने अब पशुपालन का काम छोड़कर केवल कृषि कार्यों पर अपना ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि करणीसर गांव में बहुत अधिक पशु खुले में घूमते नज़र आ जायेंगे जिनके मालिक ने उन्हें खुला छोड़ दिया है। अजीत कहते हैं कि सरकार की योजनाओं से करणीसर गांव के पशुपालक अनभिज्ञ हैं। इसलिए वह इससे जुड़े किसी भी योजना का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं।

हालांकि राज्य सरकार की ओर से पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रयास किये जा रहे हैं। पिछले माह जुलाई में राज्य का पूर्णकालिक बजट प्रस्तुत करते हुए राजस्थान सरकार की ओर से 'मुख्यमंत्री मंगला पशु योजना' शुरू करने की घोषणा की गई है।

आप का नजरिया

# विकास की दौड़ में पीछे छूटते दिव्यांग

आज के समय में छोटी से छोटी गलियां, मोहल्ले, गांव और शहर विकसित हो रहे हैं। इसके लिए सरकार की ओर से अनेकों योजनाएं भी चलाई जा रही हैं ताकि इसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिले और सभी नागरिक समान रूप से विकसित भारत का हिस्सा बन सकें। इस बार के केंद्रीय बजट में भी इसका विशेष ध्यान रखा गया है। सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाओं के बजट में पिछले साल की तुलना में इस वर्ष वृद्धि की है। लेकिन इसके बावजूद हमारे समाज में दिव्यांग एक ऐसा वर्ग है जिसकी अन्य वर्गों की तुलना में अधिक उपेक्षा हो जाती है। अक्सर विकास का खाका तैयार करते समय इस वर्ग को भुला दिया जाता है। जबकि इन्हें सबसे अधिक सहायता और योजनाओं की आवश्यकता होती है। केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि देश के शहरी क्षेत्रों विशेषकर स्लम बस्तियों में रहने वाले दिव्यांगों को भी जीवन में प्रतिदिन कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं में एक बघेरा मोहल्ला नाम से आबाद स्लम बस्ती भी है, जहां रहने वाले कई दिव्यांगों के लिए जीवन मुश्किलों से भरा होता है। जो केंद्र और राज्य सरकार द्वारा इनके हितों में चलाई जा रही योजनाओं से वंचित हैं। बिहार की राजधानी पटना स्थित गर्दनीबाग इलाके में आबाद यह स्लम बस्ती पटना हवाई अड्डे से महज 2 किमी दूर और बिहार हज भवन के ठीक पीछे स्थित है। ऐतिहासिक शाह गड्डी मस्जिद, (जिसे स्थानीय लोग सिगड़ी मस्जिद के नाम से जानते हैं), से भी इस बस्ती की पहचान है। यहां तक पहुंचने के लिए आपको एक खतरनाक नाला के ऊपर बना लकड़ी के एक कमजोर और चरमराते पुल से होकर गुजरना होगा। यहां रहने वाले 62 वर्षीय नाथोताती दास बताते हैं कि "यह स्लम बस्ती पिछले करीब 40 वर्षों से आबाद है। 1997 में सरकार ने इस बस्ती को स्लम क्षेत्र घोषित किया था। यहां लगभग 250 से 300 घर है जहां करीब 700 लोग रहते हैं। इनमें कुछ दिव्यांगजन भी हैं।" उनके अनुसार इस बस्ती में लगभग 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति समुदाय के लोग आबाद हैं। जिनका मुख्य कार्य मजदूरी और ऑटो रिक्शा चलाना है। जबकि किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं मिलने के कारण यहां रहने वाले दिव्यांगजन कुछ भी काम करने में असमर्थ हैं। नाथोताती दास बताते हैं कि 'पहले वह ट्रक चलाने का काम किया करते थे। करीब बीस वर्ष पूर्व एक दुर्घटना के कारण वह अपने दोनों पैरों से दिव्यांगहो गए। जिसकी वजह से वह कोई भी रोज़गार करने में असमर्थ हो गए हैं। पत्नी आसपास की कॉलोनी में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं जिससे किसी प्रकार से परिवार का भरण पोषण होता है। वह बताते हैं कि पैसों की कमी के कारण उनकी दोनों बेटियों का स्कूल भी छूट गया है। वह बताते हैं कि उन्हें आज तक किसी योजना का लाभ नहीं मिल सका है। हालांकि इसके लिए वह कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधि से मिल चुके हैं। लेकिन अब तक उन्हें इसका कोई लाभ नहीं मिला है। नाथोताती दास के अनुसार पूरी तरह से चलने फिरने में असमर्थता के कारण उन्हें व्हील चेयर की ज़रूरत थी। जिसके लिए उन्होंने सरकार की ओर से दी जाने वाली सहायता के लिए आवेदन भी किया था।

# एनएलसी इंडिया लिमिटेड का तिमाही मुनाफा 37.02 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**

सार्वजनिक क्षेत्र खनन कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 413.57 करोड़ रुपये के मुकाबले 37.02 प्रतिशत बढ़कर 566.69 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजारों में दाखिल नियामकीय फाइलिंग में कहा कि 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए समूह की कुल आय 6.19 प्रतिशत बढ़कर 3,640.60 करोड़ रुपये हो गई जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 3,428.48 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित वाणिज्यिक नीलामी और कोयला मंत्रालय के नामित प्राधिकरण के साथ निष्पादित कोयला खान विकास और उत्पादन समझौते (सीएमडीपीए) के तहत एनएलसी, ओडिशा (30 एमटीपीए) में मचकाटा (संशोधित) कोयला ब्लॉक के लिए सफल बिडर के रूप में उभरी। यह प्रतिस्पर्धी बोली में एनएलसीआईएल द्वारा जीती गई दूसरा वाणिज्यिक कोयला खदान है।

एनएलसीआईएल की सहायक कंपनी एनयूपीपीएल द्वारा झारखंड में पचवारा साउथ कोल ब्लॉक (पीएससीबी) परियोजना के कार्यान्वयन के लिए सरकार की मंजूरी प्राप्त हुई, जिसकी अनुमानित पूंजी लागत 2242.90 करोड़ रुपये है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान लिग्नाइट उत्पादन में 22.17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, यानी वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के 50.48 एलटी की तुलना में 61.67 एलटी की बढ़ोतरी हुई है। आलोच्य अवधि में कंपनी का कोयला उत्पादन 21.04 एलटी के मुकाबले 35.27 प्रतिशत बढ़कर 28.46 एलटी हो गया है। इसी तरह कंपनी का सकल विद्युत उत्पादन 5,405.17 मेगा यूनिट से 13.48 प्रतिशत बढ़कर 6,133.67 मेगा यूनिट हो गया।

# जीएमएम फॉडलर का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 24 करोड़

नई दिल्ली, 07 अगस्त (एजेंसियां)। ग्लास-लाइन्ड उपकरण निर्माता कंपनी जीएमएम फॉडलर लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में का शुद्ध मुनाफा 24 करोड़ और राजस्व 785 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के प्रबंध निदेशक तारक पटेल ने वित्त वर्ष 25 की अप्रैल-जून तिमाही के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें वित्त वर्ष की अच्छी शुरुआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। पिछली दो तिमाहियों में ऑर्डर इनटेक में मजबूत रिकवरी देखी गई है। इस तिमाही में पिछली आठ तिमाहियों में सबसे अधिक ऑर्डर मिले हैं। हमारा उत्पाद मिश्रण हमारी विविधीकरण रणनीति के अनुरूप विकसित होता रहता है। हमारा बैकलॉग पांच प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी ने कहा कि विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में मजबूत निष्पादन के साथ राजस्व और लाभप्रदता स्थिर बनी हुई है। साथ ही उसे 882 करोड़ रुपये का मजबूत ऑर्डर मिला है, जो मुख्य रूप से भारी इंजीनियरिंग, मिक्सिंग प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों द्वारा संचालित है। ऑर्डर बैकलॉग 1,777 करोड़ रुपये है, जो तिमाही-दर-तिमाही आधार पर पाच प्रतिशत अधिक है। श्री पटेल ने आगे कहा, इस साल हम अपनी तीन साल की रणनीतिक योजना शुरू करने के लिए तैयार हैं, जो हमारे प्लेटफार्मों और क्षेत्रों में विकास के अवसरों को उजागर करेगी। यह योजना परिचालन उत्कृष्टता, मूल्य सोर्सिंग और भौगोलिक क्षेत्रों में गहन एकीकरण पर जोर देती है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीबीडीटी ने पैन-आधार लिंकेज से पहले कटौतीकर्ता की मृत्यु होने पर उच्च टीडीएस और टीसीएस से दी राहत




**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड सीबीडीटी ने पैन-आधार को लिंक करने से पहले कटौतीकर्ता, संग्रहकर्ता की मृत्यु की स्थिति में टीडीएस और टीसीएस के प्रावधानों में ढील प्रदान की है। सीबीडीटी ने धारा 206एए और 206सीसी के तहत उच्च टीडीएस, टीसीएस दरों से करदाताओं को ये राहत दी है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि करदाताओं के वास्तविक कठिनाइयों को देखते हुए सीबीडीटी ने 5 अगस्त, 2024 को जारी परिपत्र संख्या 8/2024 के तहत ये राहत दी है। सीबीडीटी ने पैन-आधार लिंक करने से पहले करदाता/संग्रहकर्ता की मृत्यु की स्थिति में आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार टीडीएस-टीसीएस के प्रावधानों में छूट दी है। मंत्रालय ने बताया कि सीबीडीटी ने दिनांक 23 अप्रैल, 2024 को परिपत्र संख्या 06/2024 जारी किया था, जिसके तहत 31 मार्च, 2024 तक किए गए लेन-देन के लिए पैन-आधार को लिंक करने के लिए करदाताओं को 31 मई, 2024 तक का अवसर प्रदान किया, ताकि आयकर अधिनियम की धारा 206एए1206सीसी के तहत कर की उच्च कटौती/संग्रह से बचा जा सके। आयकर अधिनियम की धारा 206एए/206सीसी में कटौतीकर्ता/संग्रहकर्ता को पैन प्रस्तुत करने का प्रावधान किया गया है। ऐसा न करने पर उच्च दरों पर टीडीएस/टीसीएस लगाने का प्रावधान है। इन धाराओं में ये भी प्रावधान है कि यदि प्रस्तुत किया गया पैन अमान्य है, तो इसे पैन प्रस्तुत न करने के बराबर माना जाएगा।

### संदूर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स ने नए सीईओ और सीओओ किया नियुक्त



**नई दिल्ली।** खनन कंपनी संदूर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड (एसएमआईओआरई) कंपनी ने कृष्णेंदु सान्याल को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और मंजूनाथ प्रभु को मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि कृष्णेंदु सान्याल को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और मंजूनाथ प्रभु को मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) के रूप में नियुक्त की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इनकी नियुक्ति का उद्देश्य कंपनी के प्रबंधन बैंडविड्थ को बढ़ाना और धातु और खनन उद्योग में एकीकरण और स्थिरता के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं को आगे बढ़ाना है। संदूर मैंगनीज के मुताबिक नवनियुक्त सीईओ कृष्णेंदु सान्याल का रणनीतिक, वित्तीय और परिचालन के क्षेत्र में 32 वर्षों का अनुभव हैं। उनका करियर भारत और श्रीलंका में टाटा स्टील, थाईलैंड में सियाम इंडस्ट्रियल वायर कंपनी और दक्षिण अफ्रीका में सेडिबेंग आयरन ओर जैसी प्रमुख कंपनियों में रहा है। कृष्णेंदु के पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री है। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से टाटा ग्रुप स्ट्रैटेजिक लीडरशिप प्रोग्राम में भी भाग लिया है।

### हीरा उद्योग में दिखा मंदी का असर, वेतन कटौती के साथ कर्मचारी छुट्टी पर भेजे



**सूरत।** सूरत के हीरा उद्योग में इन दिनों मंदी का संकट छाया हुआ है। अगर कुछ महीनों में हालात नहीं सुधरे तो वर्ष 2008 जैसी बड़ी मंदी आ सकती है, जिसमें बड़ी संख्या में हीरा कारीगरों ने आत्महत्या कर ली थी। यह हालात विश्व में दो-दो युद्ध, वैश्विक बाजार में मांग में गिरावट और लैबग्रोन डायमंड का ओवर प्रोडक्शन की वजह से पैदा हुए हैं। फिलहाल सूरत के हीरा उद्योग से जुड़े व्यवसायी हीरा कारीगरों की वेतन कटौती, मिनी वैकेशन आदि विकल्पों से व्यावसाय में बने रहने की चुनौती झेल रहे हैं। हीरा उद्योग में इन दिनों कर्मचारी खराब आर्थिक हालात से गुजर रहे हैं। उन्हें या तो मिनी वैकेशन के नाम पर छुट्टी पर भेज दिया गया है या फिर उन्हें कम वेतन पर काम पर रखा गया है। जानकारी के अनुसार कुछ बड़े हीरा उद्यमियों ने अपने कारखानों को आगामी 10 दिनों तक बंद रखने की घोषणा की है। सूरत में किरण जेम्स हीरा उद्योग की सबसे बड़ी यूनिट मानी जाती है। इसे विश्व की भी सबसे बड़ी नेचुरल डायमंड मैन्युफैक्चर कंपनी बताया जाता है। किरण जेम्स के अध्यक्ष वल्लभभाई लखानी के अनुसार उन्होंने अपने 50 हजार कर्मचारियों के लिए 10 दिन की छुट्टी घोषित की है। इन कर्मचारियों के वेतन में कुछ राशि काट ली जाएगी लेकिन सभी कर्मचारियों को उक्त समायावधि का वेतन दिया जाएगा।

## 3 दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स और निफ्टी में दिखी तेजी

# निवेशकों ने 9.18 लाख करोड़ कमाए सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,046 अंक उछला

**नई दिल्ली,07 अगस्त (एजेंसियां)।**

लगातार तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को चौतरफा खरीदारी होती नजर आई। कारोबार की शुरुआत शानदार मजबूती के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में मुनाफा वसूली की वजह से इसकी चाल में कुछ गिरावट भी आई लेकिन दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर शेयर बाजार की चाल को दोबारा तेज कर दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.11 प्रतिशत और निफ्टी 1.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

बुधवार को दिनभर कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद होने में सफल रहे। मीडिया, मेटल, ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल, टेलीकॉम, पावर और कैपिटल गुड्स इंडेक्स में तेजी के कारण 2 से 3 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.39 प्रतिशत उछल कर कारोबार का अंत किया।

बुधवार को बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 448.77 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन



439.59 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 9.18 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

बुधवार को दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,031 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,988 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 945 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 98 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में बुधवार को 2,357 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,967 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 390 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स बुधवार को 972.33 अंक उछल कर 79,565.40 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। बिकवाली का दबाव बनने पर सेंसेक्स लुढ़क कर 79,106.20 अंक के स्तर तक पहुंचा, वहीं खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इस सूचकांक ने 1,046.13 अंक की बढ़त के साथ 79,639.20 अंक तक पहुंचने में सफलता भी पायी। बाजार में मुनाफा वसूली होने के बावजूद अच्छी बात ये रही कि ये सूचकांक लगातार 79 हजार अंक के ऊपर ही बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 874.94 अंक की तेजी के साथ 79,468.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 296.85 अंक की छलांग लगा कर 24,289.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 345.15 अंक की मजबूती के साथ 24,337.70 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक 24,184.90 तक लुढ़क भी गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी ने 304.95 अंक की मजबूती के साथ 24,297.50 अंक के स्तर पर कारोबार का अंत किया।

दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी 7.51 प्रतिशत, कोल इंडिया 6.39 प्रतिशत, अडाणी एंटरप्राइज 3.69 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 3.33 प्रतिशत और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 3.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ बुधवार को टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर इंडसइंड बैंक 2.60 प्रतिशत, आयशर मोटर्स 1.22 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 0.66 प्रतिशत, ब्रिटानिया 0.30 प्रतिशत और टाइटन कंपनी 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# रिलायंस ने 1.86 लाख करोड़ से अधिक टैक्स का किया भुगतान




**नई दिल्ली,07 अगस्त (एजेंसियां)।**

देश के जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 1,86,440 करोड़ का टैक्स सरकार के खजाने में जमा कराया है। कंपनी की सालाना वार्षिक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

आरआईएल की बुधवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार आरआईएल ने वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 1,86,440 करोड़ का टैक्स सरकार के खजाने में जमा कराया है। ये पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। भारत की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) भी 2023-24 में 20 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई, जिससे रिलायंस देश की नंबर वन कंपनी बन गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में यह 27 फीसदी का उछाल है।

रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में रिलायंस इंडस्ट्रीज बाजार पूंजीकरण के मामले में दुनिया की 48वीं कंपनी है। वहीं, कंपनी ने कंसोलिडेटेड रेवेन्यू में भी 10 लाख करोड़ के मुकाम को पार कर लिया है। पिछले वित्त वर्ष में रिलायंस ने लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का निर्यात किया। वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस ने बीते वित्त वर्ष 2023-24 में एक लाख

**अंबानी बोले-रिलायंस का बही-खाता मजबूत वृद्धि के अगले स्तर के लिए तैयार**

35 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है।

समाज के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में सामाजिक जिम्मेदारी मद में कुल 1,592 करोड़ रुपये खर्च किए। इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले यह 300 करोड़ रुपये अधिक हैं। चेयरमैन मुकेश अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में शुद्ध-शून्य उत्सर्जन से लेकर ट्रू 5जी नेटवर्क और खुदरा कारोबार से जुड़ी योजनाओं की रूपरेखा भी पेश की है।

आरआईएल चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (एमडी) मुकेश अंबानी ने वार्षिक रिपोर्ट में जारी बयान में कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत का महत्व बढ़ गया है। अंबानी ने कहा कि अस्थिरता और अनिश्चितता भरे दुनिया में भारत स्थिरता और समृद्धि के प्रतीक के रूप में चमक रहा है। रिलायंस परिवार के लिए भारत के विकास का हिस्सा बनना गर्व की बात है।

मुकेश अंबानी ने कहा कि पूंजीगत व्यय के पिछले दौर के बाद कंपनी ने अपने बही-खाते को मजबूत किया है। अब वह वृद्धि के अगले स्तर के लिए तैयार है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### जो बांग्लादेश...

हालांकि जब इसका व्यापक तौर पर विरोध हुआ तो उन्होंने बयान पर सफाई भी दी। सलमान खुर्शीद ने कहा कि मैं जो भी कहता हूं सार्वजनिक रूप से कहता हूं, निजी तौर पर कभी नहीं।

सलमान खुर्शीद के इस बयान की भाजपा ने आलोचना की है। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने इसे लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का कहना है कि जहां तक बांग्लादेश का सवाल है तो वह भारत सरकार के साथ खड़ी है क्योंकि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। इस पर कोई राजनीति नहीं की जानी चाहिए, लेकिन सलमान खुर्शीद जैसे नेता भारत के लोगों को यह कहकर भड़काने की कोशिश करते हैं कि जो हिंसा वहां हुई, वह भारत में भी हो सकती है। यह कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रनीति के ऊपर राजनीति करने का एक और उदाहरण है। वहीं, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के बयान पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि यह दिखाता है कि कांग्रेस पार्टी की किस प्रकार की सोच है। आज मुझे याद आता है जब राहुल गांधी संसद में खड़े होकर कहते थे कि इस देश में आग लगेगी, दंगे होंगे, प्रधानमंत्री पर हमला होगा। विदेश यात्रा में भी राहुल गांधी चोरी-छिपे कई लोगों से मिलते थे। आज मालूम पड़ रहा है कि आखिर उनकी मंशा क्या थी। ये बहुत ही गंभीर विषय है। जब भारत में चारों तरफ इस तरह की परिस्थिति देखने को मिल रही है। कांग्रेस पार्टी जो देश का मुख्य विपक्ष है, क्या यही चाहती है? वे चुनाव में जीत नहीं पा रहे हैं जिस कारण अपनी खीज इस प्रकार की अराजकता को फैलाकर निकाल रहे हैं। वहीं, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा, यह भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाने वाला बयान है। इंदिरा गांधी ने 1975 में तानाशाही की पराकाष्ठा करते हुए देश में आपातकाल लगाया था। अभी भी कांग्रेस के नेताओं के अंदर आपातकाल की आत्मा घूम रही है... बांग्लादेश में मंदिर तोड़ना, हिंदूओं को मारना, विपक्षी नेताओं को चुन-चुन कर मारना, इस पर कांग्रेस के लोग तालियां बजा रहे हैं? किस बात की खुशी हो रही है? ये सोच ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के बयान पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि तीन बार लगातार हारने के बाद कांग्रेस की मानसिक स्थिति ऐसी है कि वह देश को अराजकता में झोंकना चाहती है, देश को पीछे धकेलने के लिए कांग्रेस कुछ भी करने के लिए तैयार है...वह भय,अपवाहें फैलाने का काम बंद करें, मेरा कांग्रेस से सीधा सवाल है कि क्या वह सलमान खुर्शीद के बयान सहमत हैं क्या उनका प्रयास अराजकता फैलाने का है क्या वह देश में संकट फैलाना चाहते हैं।

### श्रीलंका और...

सज्जन के बयान पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में कहा, हमारे साथ और बाद में आजाद हुए देशों में लोकतंत्र की हालत क्या हो गई है? बांग्लादेश का घटनाक्रम सब जानते हैं। पाकिस्तान 14 अगस्त को आजाद हुआ, उसके बगल वाले श्रीलंका की हालत देखें। ये हालत इसलिए हो रही है, क्योंकि वहां समाज में चेतना जागृत करने के लिए राष्ट्रवादी दलों का अभाव है। बीजेपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने ट्वीट किया- नाम सज्जन, सोच दुर्जन! कांग्रेस के नफरती पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा कह रहे हैं- नरेंद्र मोदी, एक दिन जो जनता आज सड़क पर हिलोरें ले रही हैं, वह तुम्हारे प्रधानमंत्री निवास में घुसकर कब्जा कर लेगी। दंगे प्रेमी कांग्रेसी लगता है ये भूल गए कि भारत की 140 करोड़ जनता ने ही नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। मध्यप्रदेश सहित 11 राज्यों से कांग्रेस का सफाया किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा पर चलते हैं। नफरत फैलाने वालों को धूल चटाना भी अच्छे से जानते हैं। आप जिस जनता को बरगला रहे हैं, उसी जनता ने आपको चुनाव में हराकर घर में बिठा दिया है, क्योंकि वो भी आपके नापाक मंसूबे जानती है और उसे कभी पूरा नहीं होने देगी। यही फर्क है राष्ट्रवादी और राष्ट्रविरोधियों में। उन्होंने कहा कि जो देश के लिए इतना बुरा सोचे, वो देशद्रोही ही हो सकता है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि सज्जन सिंह वर्मा के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दायर करे।

### बांग्लादेश उच्चायोग...

छह बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया। इंडिगो ने भी एक बयान जारी कर कहा कि ए321 नियो विमान से संचालित चार्टर्ड उड़ान मंगलवार रात ढाका से रवाना हुई थी और इसके जरिये छह बच्चों व 199 वयस्कों सहित 205 लोगों को भारत लाया गया। इंडिगो ने अपने बयान में कहा, ढाका हवाई अड्डे के अस्थायी रूप से बंद होने के बाद इंडिगो ने छह अगस्त 2024 को ढाका से कोलकाता के लिए विशेष उड़ान 6ई 8503 संचालित की। यह उड़ान बांग्लादेश से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए संचालित की गई। एयरलाइन ने कहा कि भारत और ढाका के बीच बुधवार से उड़ानों का संचालन फिर से शुरू होगा। बता दें कि इंडिगो दिल्ली, मुंबई और चेन्नई से एक दैनिक उड़ान, जबकि कोलकाता से दो दैनिक उड़ान ढाका के लिए संचालित करती है। वहीं बांग्लादेश में छात्रों ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन स्वयंसेवकों के रूप में यातायात प्रबंधन किया। वहीं, एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने का आह्वान किया। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, सोमवार को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बांग्लादेश में अराजकता चरम पर है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने या यातायात का प्रबंधन करने के लिए पुलिसकर्मी उपलब्ध नहीं हैं।अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) ए.के.एम. शाहीदुर रहमान को मौजूदा संकट से निपटने के लिए मंगलवार को बांग्लादेश पुलिस का शीर्ष अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य से धीरे-धीरे ड्यूटी पर लौटने और सार्वजनिक सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति बहाल करने के काम में जुटने का आह्वान किया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि बांग्लादेश स्काउट्स के सदस्यों समेत छात्रों को कई स्थानों पर यातायात प्रबंधन करते हुए देखा गया। बुधवार को सुरक्षा बल में हुए ताजा फेरबदल के तहत रहमान को अब रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। अखबार ने बताया कि देशभर में मंगलवार को पुलिस थानों और विभिन्न केंद्रों पर हमलों में कई पुलिस कर्मियों के हताहत होने की खबरें हैं, जिससे यह अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हसीना के निष्कासन के बाद आरक्षण विरोधी आंदोलनकारियों द्वारा जश्न मनाने के जुलूस के परिणामस्वरूप अवामी लीग के सांसद नेताओं के घरों पर भी तोड़फोड़ की गई, जिनमें लालमोनिरहाट -1 के सांसद और जिला अवामी लीग के अध्यक्ष मोताहर हुसैन और लालमोनिरहाट -3 के सांसद और जिला अवामी लीग महासचिव मोतिहार रहमान शामिल है।प्रथम अलो समाचार पोर्टल ने बताया कि प्राधिकारियों ने बुधवार को आरएबी और ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस (डीएमपी) के शीर्ष पदों में फेरबदल किया। उसने बताया, एकेएम शाहीदुर रहमान को आरएबी का महानिदेशक नियुक्त किया गया है, जबकि मोहम्मद मैनुल हसन ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के आयुक्त के रूप में हबीबुर रहमान का स्थान लेंगे। इस फेरबदल से कुछ घंटों पहले राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को मंगलवार रात को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया। अक्टूबर 2020 में नियुक्त हुए अटॉर्नी जनरल अबू मोहम्मद अमीनुद्दीन ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया। वहीं, कारोबारी प्रतिष्ठानों ने पिछले दो दिन में फैक्टरियों में आगजनी की घटनाओं के बीच बुधवार को कानून एवं व्यवस्था तुरंत बहाल करने की मांग की, ताकि उनकी उत्पादन इकाइयों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। डेली स्टार अखबार ने इंटरनेशनल चैंबल ऑफ कॉमर्स, बांग्लादेश के हवाले से बताया कि कारोबारियों ने कहा है कि उन्होंने आज खासतौर से कपड़ों की फैक्टरियां खोलीं, लेकिन अशांति और तोड़फोड़ के डर के कारण कई फैक्टरी का संचालन संभव नहीं है।ढाका अखबार ने बताया कि कार्यालयों को फिर से खोले जाने के बाद दूसरे दिन बुधवार को बांग्लादेश बैंक में अराजकता की स्थिति पैदा हो गई। डिप्टी गवर्नर काजी सईदुर रहमान सहित बांग्लादेश बैंक के छह शीर्ष अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। अखबार ने बताया कि बांग्लादेश बैंक के सैकड़ों अधिकारी बैंक गवर्नर के कार्यालय में घुस गए, जिससे कई डिप्टी गवर्नर को कार्यालय छोड़ना पड़ा। मंगलवार को देश के कई हिस्सों से हसीना की आवामी लीग पार्टी के कम से कम 29 समर्थकों का शव बरामद हुआ, जिससे सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर जुलाई में शुरू हुए प्रदर्शन के हिंसक होने से अब तक मारे गए लागों की संख्या बढ़कर 469 हो गई है। मीडिया में आई खबरों में मंगलवार को अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के ज्यादा मामले सामने आने की बात कही गई। सोमवार को लोकप्रिय लोक बैंड जोलर गान के प्रमुख राहुल आनंद के आवास पर बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की गई, जिससे गायक और उनके परिवार को एक गुप्त स्थान पर शरण लेनी पड़ी। डेली स्टार ने जोलर गान के संस्थापक सदस्यों में से एक सैफुल इस्लाम के हवाले से बताया कि भीड़ ने आवास का मुख्य प्रवेश द्वार तोड़ने के बाद तोड़फोड़ और लूटपाट शुरू कर दी और फर्नीचर, शीशों से लेकर कीमती सामान तक लूट ले गए। भीड़ ने राहुल आनंद के 3,000 संगीत वाद्य यंत्रों के साथ पूरे मकान को आग के हवाले कर दिया।

### बांग्लादेश के...

बाद में रात 20:30 बजे उन्हें सेना को सौंप दिया गया। इससे पहले पूर्व डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक को हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था। हवाई अड्डे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें उस समय हिरासत में लिया जब वे हवाई अड्डे पर वीआईपी लाउंज का उपयोग करके भारत जाने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें विमान में चढ़ने की अनुमति देने के बजाय आव्रजन हिरासत में ले जाया गया। रिपोर्टों के अनुसार पुलिस की जासूसी शाखा (डीबी) के पूर्व प्रमुख और ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के अतिरिक्त आयुक्त (अपराध और ऑप्स) मोहम्मद हारुन अर राशिद को भी ढाका हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया है। हारुन ने हालांकि दावा किया है कि उन्हें हिरासत में नहीं लिया गया है और वह अपने घर पर हैं। गौरतलब है कि सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना ने राष्ट्रपति को अपना त्यागपत्र सौंपने के बाद देश छोड़ दिया था और भारत में शरण ली है। उनके देश छोड़ने से पहले सत्तारुढ़ अवामी लीग पार्टी के कई मंत्री और शीर्ष नेता भी देश छोड़कर भाग गये थे और अन्य भी अब ऐसा करने की माक में हैं।

### पेरिस ओलंपिक में...

प्रतियोगिता से बाहर किए जाने के मामले में भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) को जरूरी कार्रवाई के लिए कहा है। आईओए की प्रमुख पीटी ऊषा पेरिस में ही हैं और प्रधानमंत्री ने उनसे खुद बात की है। प्रधानमंत्री ने पीटी ऊषा को कहा है कि वह इस मामले में उचित कार्रवाई करें।मंडाविया ने कहा कि सरकार ने विनेश फोगाट को सभी प्रकार की खेल सुविधाएं और हर स्तर पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराए हैं। विनेश के लिए विशेष स्टाफ नियुक्त किए गए, जो अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। उनके साथ हंगरी के विख्यात कोच वोलर आकोस और फीजियो अश्विनी पाटिल हमेशा रहते हैं। विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों के लिए दी गई वित्तीय सहायता के अलावा उन्हें रीहैब (स्वास्थ्य लाभ) प्रक्रिया के तहत आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए भी सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि विनेश को पेरिस ओलंपिक के लिए कुल 70,45,775 रुपये की सहायता दी गई है, जिनमें टार्गेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में 53,35,746 रुपये और वार्षिक ट्रेनिंग-स्पर्धा कैलेंडर में करीब 17.10 लाख रुपये शामिल हैं। इससे पहले 2020 के टोक्यो ओलंपिक में भी उन्हें 1,13,98,224 रुपये की सहायता दी गई थी।

### शीर्ष अदालत ने ...

उद्देश्य सभी संस्थाओं की गरिमा को बनाए रखना है, चाहे वह जिला न्यायालय हो, या उच्च न्यायालय या शीर्ष न्यायालय। पीठ ने कहा, ऐसी स्थिति में (जहां इस न्यायालय के अधिकार को कम आंका जा रहा है) न्यायिक पदानुक्रम की पवित्रता को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। इसलिए हम न्यायमूर्ति शेरावत द्वारा की गई टिप्पणियों को हटाते हैं और उम्मीद करते हैं कि सावधानी बरती जाएगी। पीठ ने स्पष्ट किया कि शीर्ष न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का अनुपालन करना पसंद का मामला नहीं है, बल्कि संवैधानिक दायित्व का मामला है। पीठ ने कहा, पक्षकार किसी आदेश से व्यथित हो सकते हैं। न्यायाधीश कभी भी उच्च संवैधानिक मंच द्वारा पारित आदेश से व्यथित नहीं होते। इस तरह की टिप्पणियों से पूरी न्यायिक व्यवस्था बदनाम होती है। इससे न केवल इस न्यायालय की गरिमा प्रभावित होती है, बल्कि उच्च न्यायालय की भी गरिमा प्रभावित होती है। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हालांकि टिप्पणियां अवमानना की सीमा पर थीं, लेकिन वह संयम बरतने के लिए इच्छुक थी। अदालत ने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने पहले ही न्यायाधीश के आदेश पर स्वत: संज्ञान लिया था और उस पर रोक लगा दी थी। पीठ ने कहा, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के एकल पीठ द्वारा की गई टिप्पणियों से हम दुखी हैं। ये टिप्पणियां सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के संबंध में की गई हैं। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि एकल न्यायाधीश की कार्यवाही का एक वीडियो क्लिप पहले से ही प्रसारित है। श्री वेंकटरमणी ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की ओर से कुछ उल्लंघन हुआ है, जो अनुचित है। श्री मेहता ने कहा कि वीडियो क्लिप गंभीर अवमानना का मामला बनाती है क्योंकि यह आचरण न केवल न्यायिक औचित्य और न्यायिक अनुशासन के विरुद्ध है, बल्कि अवमाननापूर्ण भी है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, सीधा प्रसारण के इस युग में यह आवश्यक है कि न्यायाधीश कार्यवाही के दौरान अधिक संयम बरतें, क्योंकि टिप्पणियों से न्यायिक प्रक्रिया को अपूरणीय क्षति हो सकती है। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में कुछ हद तक सावधानी बरती जाएगी। हम इस स्तर पर किसी भी न्यायिक जांच का निर्देश देने से बचते हैं, लेकिन संवैधानिक कर्तव्य के अनुसार हम हस्तक्षेप करने के लिए बाध्य हैं।

### जल्द हो सकते हैं ...

लेकिन विधानसभा के तहत जनता मुख्यमंत्री का निर्वाचन भी करेगी। इससे पहले जम्मू- कश्मीर में 2014 में आखिरी बार चुनाव हुए थे। 2018 में भाजपा और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की गठबंधन वाली सरकार गिर गई थी, क्योंकि भाजपा ने पीडीपी से अलायंस तोड़ लिया था।सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर, 2023 में चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि सितंबर, 2024 तक हर हाल में जम्मू-कश्मीर में चुनाव करा लिए जाएं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक इंटरव्यू में कहा था कि 30 सितंबर से पहले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो जाएंगे। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर की 5 सीटों में से जम्मू और उधमपुर सीट भाजपा के खाते में गईं। जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस को यहां 2 सीटें मिलीं। बारामूला सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी जीते। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की प्रशासनिक शक्तियां बढ़ा दी हैं। दिल्ली की तरह अब जम्मू-कश्मीर में राज्य सरकार एलजी की मंजूरी के बिना अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर नहीं कर सकेगी।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# रेवंत रेड्डी ने न्यूयॉर्क में भारतीय पुरुष नेत्रहीन क्रिकेट टीम से की मुलाकात



**न्यूयॉर्क, 07 अगस्त (ब्यूरो/एजेंसियां)।** विश्व चैंपियन भारतीय पुरुष नेत्रहीन क्रिकेट टीम ने अमेरिका के लोटे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात की।मंगलवार को हुई इस मुलाकात के दौरान क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) के अध्यक्ष और दिव्यांगों के लिए समर्थनम ट्रस्ट के संस्थापक प्रबंध ट्रस्टी डॉ. महंतेश जी. किवादासन्नावर और सीएबीआई के महासचिव शैलेंद्र यादव ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के साथ बातचीत की। सीएबीआई के चेयरमैन ने मुख्यमंत्री से तेलंगाना में दृष्टिहीनों के लिए क्रिकेट और दिव्यांगों के लिए समर्थनम ट्रस्ट की विभिन्न पहलों का समर्थन करने का अनुरोध किया।

डॉ. महंतेश जी किवादासन्नावर ने कहा, सीएबीआई तेलंगाना के मुख्यमंत्री का आभारी है कि उन्होंने उनसे मिलने के लिए समय दिया और मुख्यमंत्री द्वारा अमेरिका दौरे पर उनका स्वागत किए जाने पर खिलाड़ियों को अच्छा लगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारतीय पुरुष दृष्टिहीन क्रिकेट टीम के प्रत्येक खिलाड़ी से मुलाकात की और आगामी आयोजनों में सफलता के लिए टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अध्यक्ष और अधिकारियों को दृष्टिहीनों के लिए क्रिकेट पर आगे की चर्चा के लिए हैदराबाद में मिलने के लिए आमंत्रित किया।



तेलंगाना के राजस्व, आवास, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने बुधवार को दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन से रेल निलयम में मुलाकात की और क्षेत्र में विभिन्न रेल बुनियादी ढांचे के विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा की।




# केबीआर पार्क में इच्छा पूर्ति गणेश की पूजा आयोजित



**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बंजारा हिल्स स्थित केबीआर पार्क के इच्छा पूर्ति गणेश भगवान की पूजा 15 वर्ष से हर बुधवार को की जाती है। इसी क्रम में बुधवार को भी पूजा अर्चना की गई। उसके पश्चात् आरती एवं प्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्क में सवेरे आने वाले प्रायः सभी लोग गणेश जी की पूजा, आरती में सम्मिलित होते हैं तथा अंत में सभी में प्रसाद बांटा जाता है। यह पूजा की सेवा पिछले कई वर्षों से की जाती है। आज की सेवा में राजेंद्र कुमार अग्रवाल, विठ्ठल दास अग्रवाल, मंसाराम अग्रवाल, विजय कुमार दिल्लीवाला, डॉ. राधाकृष्ण, राहुल सिंघल, बाबुलाल केडिया, विनोद पारो, पी.सी. जैन, माधव राव, बद्रीनाथ, लक्ष्मण मूर्ति, सुरेंद्र मोर, विद्या भूषण सीए सुरेश अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, विनोद टिकमानी, आदि उप-स्थित रहे।

## बिहार सहयोग समिति का रुद्राभिषेक एवं सुंदरकांड पाठ 11 अगस्त को

**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बिहार सहयोग समिति और बिहार महिला एसोसिशन द्वारा दुर्गा माता मंदिर,इंदिरा नेहरू नगर के प्रांगण में आगामी 11 अगस्त रविवार को प्रातः 8 बजे से रुद्राभिषेक तथा सायं 4.30 बजे से श्री सुंदरकांड का अखंड संगीतमय पाठ का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। अतः इस संदर्भ में सभी भक्तगणों, सभी मनोनीत पदाधिकारी गण तथा सभी सहयोगी सदस्य गणों से हार्दिक अनुरोध है कि उक्त पुण्य अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर तथा भगवान शिव कि आराधना पूजा में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनें। विशेषकर रुद्राभिषेक का कार्यक्रम महिला एसोसिसन द्वारा आयोजित है। अतः इस प्रायोजित कार्यक्रम का संचालन महिला समिति की मनोनीत अध्यक्षा, महिला समिति के सांस्कृतिक प्रभारी व अन्य सदस्यों द्वारा किया जायेगा। सम्पूर्ण कार्य की व्यवस्था, संचालन बिहार सहयोग समिति के सांस्कृतिक प्रभारी मनोज भगत ने बताया कि हमारे समिति के वरिष्ठ प्रधाकारी एवं पंडित सुशील कुमार ओझा अपनी पूरी टीम के साथ कराया जा रहा है।

# जगनन्नाथ मठ में माता गोदा के जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिताराम बाग स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी मठ में माता गोदा जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन भव्यता से सम्पन्न हुआ। महंत अच्युत रामानुजाचार्य अजय स्वामी ने बताया कि वैकुंठवासी श्री श्री श्री त्रिदण्डी श्रीनिवास व्रतधर नारायण रामानुर्जा जीयर स्वामीजी के आशिर्वाद से श्री जगन्नाथ मठ (माधवदास झीरा) के तत्वावधान मे श्री जगन्नाथ मठ (माधवदास झीरा) सीताराम बाग मे प्रतिवर्षानुसार बुधवार को प्रातः शुभ मुहूर्त मे माता गोदा का अभिषेक, पूजा, आरती तथा 108 किराण भोग लगाया गया जिसमे उपस्थित भक्तो ने माता के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम मे मुख्य सेवाकर्ता कैलाश डालिया, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, श्री गुजराती ब्राह्मण समाज हैदराबाद सिकंदराबाद अध्यक्ष तरूण महेता विशेष रूप से भाग लिया। अवसर पर दुर्गाप्रसाद दुबे, मधुबाला उपाध्याय, प्रेमा दायीमा, परमार परिवार, आचार्य गिरी महाराज, संतोष, दिपेश विपीन एवं जगन्नाथ मठ परिवार के सदस्य बडी संख्या मे उपस्थित थे।







महंत अच्युत रामानुजाचार्य ने कहा कि कलयुग के प्रारंभ में माता गोदा का अवतार होता है।

विल्लीपुतुर क्षेत्र मे विष्णुचित स्वामीजी के घर पर उनका प्रादुर्भाव हुआ वहां उन्होने बाल लीला मे ही भगवान श्री रंगनाथजी की माला को धारण कर जगत मे रहकर जगदीश को प्राप्त करने का मार्ग हमे प्रदान किया जिसमें उन्होने 28 द्रविड भाषा का गायन कर तमिल की भाषा मे हमें श्री नारायण भगवान का स्वरूप का गुणगान गाया।

उन्होने आगे कहा कि शेषशय्या पर विराजमान श्रीमन नारायण भगवान बहुत व्याकुल दिखे तो माता लक्ष्मी ने पुछा है हे नारायण आप क्यों इतने व्याकुल है, नारायणजी बोले कि मे हमारी इन जीव भक्तो को जो कभी भक्ति मे ही विलीन नही होते है इनको कैसे उद्धार होगा इनका कैसे जीवन चलेगा, इसी के लिए माता लक्ष्मी जी धरा पर आती है और हम सब को कल्याण मार्ग प्रदर्शित करती है। हमारे शास्त्रो मे लिखा है कि कलियुग मे द्रविड देश मे स्थित ताम्रपानी, वैगै, पयस्विनी (पालरू), कावेरी आदि प्रसिद्ध एवं पवीत्र महानतीयो के तट पर कई भगवद्भक्तो का अवतार होगा जिनके द्वारा भक्ति का व्यापक प्रचार और प्रसार होगा।

# अग्रवाल समाज श्याम मंदिर शाखा की सावन की सैर में सदस्यों ने खेलों का उठाया लुत्फ़





**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज श्याम मंदिर शाखा की सावन की सैर रविवार बीती 4 अगस्त को चेगुर स्थित कान्हा शांति वनम में आयोजित की गई। महाराज श्री अग्रसेन जी की पूजा से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। सबसे पहले कान्हा शांति वनम के मैनेजर विनीत राणावत ने सभी सदस्यों को ध्यान का अभ्यास कराया। इसके बाद सुदीपा जी ने ब्राइटर माइंड का डेमो प्रस्तुत किया जिसको सभी बच्चों और अभिभावकों ने बहुत सराहा। सभा में उपस्थित लगभग 120 बच्चों और बड़ों ने शांति वनम का भ्रमन किया। जिसके तहत गाईड ने यात्रा गार्डन, नर्सरी, वेल नेस केंद्र, रेन फॉरेस्ट, सेटेलाइट, आदि के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम मे बहुत सारे मजेदार फन गेम्स और तंबोला का भी सभी ने भरपूर आनंद लिया। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। तीन लकी ड्रॉ भी निकले गए, जिसमे प्रथम नवीन अग्रवाल, द्वितीय संजय मोदी और तृतीय पुरस्कार रजनीश गोयल को मिला। शाखा के सदस्य सुरेश सिंघल का एफटीसीसीआई के प्रेसिडेंट बनने पर सम्मान किया गया। शाखा के वरिस्ठ सदस्य के रूप मे रामवतार कसेरा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक सौरभ अग्रवाल, सह संयोजक नामित अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। गेम्स का आयोजन कोमल अग्रवाल द्वारा किया गया। आनंद चौधरी ने भोजन व्यवस्था और पराग कसेरवाल ने फोटोग्राफी की जिम्मेदारी ली। सभा में अध्यक्ष सीमा मोदी, उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, मानद मंत्री पीयूष अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, कविता गोयल, सुनील मोदी आदि उपस्थित थे।

# अग्रवाल समाज शालीबंडा महिला शाखा की सावन की सैर 14 से

**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज शालीबंडा महिला शाखा की सावन की सैर आगामी 14 से 18 अगस्त तक उज्जैन स्थित महाकालेश्वर महादेव, इंदौर स्थित ओमकारेश्वर महादेव एवं सीहोर स्थित कुबरेश्वर धाम में आयोजित की जाएगी।

शाखा की मानद मंत्री शीतल बंसल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शाखा की उपाध्यक्ष प्रतिमा अग्रवाल के निवास पर इस संदर्भ में सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने सभी का स्वागत कर सैर से जुड़ी तैयारी का जायजा लिया। संयोजक पवन डोकानिया ने सभी को विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 14 अगस्त को ट्रेन द्वारा काचीगुड़ा स्टेशन से रवाना होकर 15 अगस्त को सुबह भोपाल पहुंचा जाएगा। रास्ते में ट्रेन में शाम की हाइ टी एवं डिनर की व्यवस्था रहेगी। 15 अगस्त को भोपाल स्टेशन से निकलकर बसों द्वारा पहले सीहोर में कुबरेश्वर धाम के दर्शन कर उज्जैन के लिए रवाना होंगे। रात में उज्जैन स्थित महाकालेश्वर महादेव जी के दर्शन कर एवं लोकल साइट सीन के दर्शन कर रात को विश्राम उज्जैन में। 16 अगस्त को प्रातः 6:00 बजे बसों द्वारा ओमकारेश्वर महादेव जी के दर्शन के लिए प्रस्थान रास्ते में शनि देव मंदिर के दर्शन कर ओमकारेश्वर महादेव जी के दर्शन करेंगे फिर वापसी में इंदौर स्थित पित्रेश्वर हनुमान जी के दर्शन कर रात्रि विश्राम उज्जैन में। 17 अगस्त को प्रातः लोकल साइट सीन कर 9:00 बजे भोपाल स्टेशन के लिए रवाना शाम 5:00 बजे भोपाल स्टेशन से हैदराबाद के लिए रवाना होकर 18 अगस्त को सुबह काचीगुड़ा स्टेशन पहुंचेंगे। डिनर की व्यवस्था ट्रेन में रहेगी। यात्रा के संयोजक पवन डोकानिया, राजेश अग्रवाल एवं चंचल बंसल है। शाखा की केंद्रीय समिति सदस्य प्रियंका डोकानिया ने सभी का धन्यवाद किया। अवसर पर शाखा की अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रतिमा अग्रवाल, मानद मंत्री शीतल बंसल, संयुक्त मंत्री पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लेना अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य प्रियंका डोकानिया, रेनू अग्रवाल एवं सैर के संयोजक पवन डोकानिया उपस्थित थे।



## विविन्ट फार्मा ने तेलंगाना सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए

# जीनोम वैली में नई इंजेक्शन सुविधा में 400 करोड़ रुपए का निवेश करेगी



**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इंजेक्टेबल्स फार्मास्युटिकल कंपनी विविंट फार्मा ने हैदराबाद के जीनोम वैली में अत्याधुनिक इंजेक्टेबल्स विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना की घोषणा की है। कंपनी नई सुविधा में 400 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, जिसमें 1,000 लोगों को रोजगार देने की क्षमता है, जिससे जीवन विज्ञान के वैश्विक केंद्र के रूप में तेलंगाना की स्थिति और मजबूत होगी।

संयुक्त राज्य अमेरिका में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उद्योग और वाणिज्य मंत्री डी श्रीधर बाबू के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान यह घोषणा की गई। यह महत्वपूर्ण निवेश भारत में, विशेष रूप से तेलंगाना में, जो फार्मास्युटिकल और जैव प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरा है, अपने पदचिह्न का विस्तार करने की विविंट फार्मा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। विविंट फार्मा का वर्तमान में जीनोम वैली में एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र है और उसने इस सुविधा में लगभग 70 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अपनी ताकत को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करने के लिए, कंपनी ने अपना पहला विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने का फैसला किया है और जीनोम वैली में 5.5 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है, जो अपने विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और अनुसंधान, नवाचार और विनिर्माण के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जाना जाता है।

सीएम रेवंत रेड्डी ने जीनोम वैली में विविंट फार्मा के निवेश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, तेलंगाना हमेशा जीवन विज्ञान क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है, और यह निवेश और अधिक प्रोत्साहन देगा। मंत्री श्रीधर बाबू ने भी अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, यह निवेश हमारी सरकार द्वारा पोषित व्यवसाय-अनुकूल वातावरण का एक प्रमाण है। जीनोम वैली दवा कंपनियों के लिए एक चुंबक बनी हुई है, और विविंट फार्मा ने यहां एक नई विनिर्माण सुविधा स्थापित करने का निर्णय लिया है। जीवन विज्ञान क्षेत्र में हमारे नेतृत्व की पुष्टि करता है।

विविंट फार्मा की इंजेक्टेबल्स सुविधा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए ऑन्कोलॉजी और क्रिटिकल केयर क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली इंजेक्टेबल दवाओं के विकास और उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगी। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जीनोम वैली में निवेश करने का कंपनी का निर्णय फार्मास्युटिकल उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए भारत के कुशल कार्यबल और क्षेत्र की उन्नत विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाने की अपनी रणनीति के अनुरूप है।

# वसुधैव कुटुंबकम का हरियाली तीज कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वसुधैव कुटुंबकम हिल रिज स्प्रिंग गच्चीबावली में गीता अग्रवाल के निवास स्थान पर हरियाली तीज का कार्यक्रम कपल सहित आयोजन किया गया। रोचक बात यह रहे कि इसमें राजस्थान से आए हुए कई जनों ने भाग लिया। जिसमें तीज संबंधी गेम, झूला गीत, लोक नृत्य आदि से तीज का त्यौहार मनाया गया।

जिसमें गीता अग्रवाल, आशा अग्रवाल, राज माथुर, कमलेश अग्रवाल, वीना मदान, मंजू शर्मा, अंकिता गर्ग, रानी, साधना गर्ग, महावीर गर्ग, संगीता सिंघल, सुनीला गुप्ता, भारती अग्रवाल, के.पी अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, टी एन माथुर, सुरेश अग्रवाल, रोशन लाल मदान, अंकित अग्रवाल आदि ने भाग लिया।

# केटीआर ने दी अफवाह फैलाने वालों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी



**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने बुधवार को मीडिया आउटलेट्स को यह झूठा प्रचार करने के खिलाफ चेतावनी दी कि बीआरएस विलय के लिए एक राष्ट्रीय पार्टी के साथ बातचीत कर रही है। उन्होंने उनसे बीआरएस के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण झूठ फैलाने के लिए जवाब प्रकाशित करने या कानूनी कार्रवाई का सामना करने की मांग की। छिपे हुए एजेंडे के साथ निराधार अफवाह फैलाने वालों के लिए, यह आपकी अंतिम चेतावनी है। निराधार अफवाहें फैलाना बंद करें। बीआरएस के खिलाफ अपने दुर्भावनापूर्ण झूठ का जवाब प्रकाशित करें, या कानूनी कार्रवाई का सामना करें, उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया।रामा राव ने दोहराया कि बीआरएस तेलंगाना के लोगों की सेवा करना जारी रखेगा जैसा कि वह दो दशकों से कर रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले 24 वर्षों से, पार्टी ने सैकड़ों तोड़फोड़ करने वालों और हजारों दुर्भावनापूर्ण प्रचारकों और योजनाओं का दृढ़ता और समर्पण के साथ सामना किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अथक संघर्ष किया, तेलंगाना को हासिल किया और बनाया, एक ऐसा राज्य जो प्रगति और गौरव का प्रतीक बन गया, और दूसरे लोग इसका अनुकरण करने की आकांक्षा रखते हैं। एक पहचान और भावना के लिए लाखों दिल एक साथ धड़कते हैं - तेलंगाना! उन्होंने कहा, हम गिरेंगे, उठेंगे और हम केवल तेलंगाना के लिए लड़ेंगे! हम कभी नहीं झुकेंगे। अभी नहीं, कभी नहीं।

## अत्तापुर में आयोजित श्रीमद् भागवत तथा स्थल का भूमि पूजन सम्पन्न

# आज कलश यात्रा के पश्चात श्रीमद् भागवत का होगा शुभारंभ



**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर में सैकड़ो वर्षों से वीरानगी में फंसा ब्रह्मचारी मठ की अब काया पलट हो जाएगी। यह उद्गार बुधवार को अत्तापुर के ब्रह्मचारी मैथ में श्री राजस्थानी जागृति समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के भूमि पूजन के दौरान मुख्य अतिथि अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने यह कहकर अत्तापुर वासियों को भरोसा दिलाया। उन्होंने इसके लिए सभी समाज के लोगों को एक होने की सलाह दी। इस मौके पर मंदिर विकास में पहला अनुदान देने वाले भंवरलाल चाहर का शॉल ओढ़ा कर सम्मान किया गया। इसके अलावा श्री श्याम मित्र मंडल के संरक्षक पवन नालपुरिया के नेतृत्व में मंदिर विकास कमेटी के मेंबर बद्री प्रसाद सराय वाला, सुरेश कुमार मोदी, बाबूलाल जोशी, सरदार आनंद सिंह, सरदार सुखजिंदर सिंह, नरेश अग्रवाल, अमित कुमार मोदी, सोहनलाल नेहरा सहित अन्य का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रकाश भाटी, राजेश कुमार साबु संजय गुप्ता, दिनेश शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। श्री राजस्थानी जागृति समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ को लेकर गुरुवार दोपहर 12:00 बजे से रामबाग राम मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकलकर आयोजन स्थल ब्रह्मचारी मठ पहुंचेगी।



भक्तामर ग्रुप द्वारा सावन की सैर का आयोजन ऑरेगन में नैना लोहाड़े व गुणमाला काला द्वारा किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने शामिल होकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

# अमेरिका की कॉर्निंग ने कौशल और नवाचार पर तेलंगाना सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य के कार्यबल को मजबूत करने और प्रमुख उद्योगों में तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से, तेलंगाना सरकार ने कौशल और नवाचार पहल पर सामग्री विज्ञान में वैश्विक नेता कॉर्निंग इनकॉर्पोरेटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इमर्जिंग इनोवेशन ग्रुप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोनाल्ड वेर्कलेरेन के नेतृत्व वाली कॉर्निंग नेतृत्व टीम और मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू के नेतृत्व वाली तेलंगाना राज्य की आधिकारिक टीम के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान समझौता ज्ञापन को औपचारिक रूप दिया गया। बुधवार को यहां सीएम कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, न्यूयॉर्क में वरिष्ठ अधिकारी।

समझौते के हिस्से के रूप में, कॉर्निंग और तेलंगाना उन्नत विनिर्माण और रासायनिक इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकियों में स्थानीय कार्यबल को कुशल बनाने पर केंद्रित कार्यक्रमों को डिजाइन और कार्यान्वित करने पर सहयोग करेंगे। इन पहलों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि तेलंगाना का प्रतिभा पूल वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहे, जो फार्मास्युटिकल और रासायनिक क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास का केंद्र बनने के राज्य के दृष्टिकोण के अनुरूप हो। इसके अलावा, कॉर्निंग फ्लो केमिस्ट्री टेक्नोलॉजी (एफसीटी) हब में अपनी साझेदारी और भागीदारी को मजबूत करेगा, जो डॉ. रेड्डीज लिमिटेड, लॉरस फार्मा लिमिटेड और हैदराबाद विश्वविद्यालय के साथ तेलंगाना सरकार की एक सहयोगी पहल है। मुख्यमंत्री के साथ अपनी चर्चा के दौरान, कॉर्निंग ने अपनी अत्याधुनिक कॉर्निंग एडवांस्ड-फ्लो रिएक्टर (एएफआर) तकनीक पेश की।कंपनी फ्लो केमिस्ट्री तकनीक के विकास और कार्यान्वयन में तेलंगाना के साथ सहयोग करने की इच्छुक है, जिससे फार्मास्युटिकल और रासायनिक उद्योगों में नवाचार के केंद्र के रूप में राज्य की स्थिति और मजबूत होगी। बैठक के दौरान, कॉर्निंग ने अत्याधुनिक फार्मास्युटिकल ग्लास ट्यूबिंग सुविधा की स्थापना में अटूट समर्थन के लिए तेलंगाना सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। 2025 के मध्य में उत्पादन शुरू करने के लिए तैयार यह सुविधा, फार्मास्युटिकल पैकेजिंग उद्योग के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ग्लास ट्यूबिंग की उपलब्धता को बढ़ाएगी।

कॉर्निंग की इनोवेटिव वेलोसिटी ग्लास-कोटिंग तकनीक को एकीकृत करके, इस सुविधा से तेलंगाना के तेजी से बढ़ते फार्मास्युटिकल क्षेत्र के लिए उत्पादकता और परिचालन क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है। कंपनी नेतृत्व ने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के दूरदर्शी नेतृत्व में तेलंगाना सरकार ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि राज्य औद्योगिक और आर्थिक विकास के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देगा।

# कर्नाटक सरकार ने कारोबारी समय रात एक बजे तक बढ़ाया

**बेंगलुरु, 07 अगस्त (एजेंसियां)।** कर्नाटक सरकार ने बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के अंतर्गत होटल, दुकानों, बार और लाइसेंस प्राप्त प्रतिष्ठानों के संचालन के समय को बढ़ाकर प्रतिदिन रात करीब एक बजे तक कर दिया है, जिससे राज्य का राजस्व बढ़ाने में मदद मिलेगी। राज्य शहरी विकास विभाग ने 29 जुलाई को यह निर्णय लिया है, जिसका उद्देश्य पांच प्रमुख चुनावी गारंटियों में शामिल एक वित्तपोषण वादे करने में मदद मिल सके।मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के चुनावी वादों की आधारशिला, पांच गारंटियों से राज्य को सालाना लगभग 55 हजार करोड़ रुपये का खर्च आने की उम्मीद है।

# अक्षयपात्र फाउंडेशन ने नए खाद्य वितरण के लिए नौ वाहन दान दिए



**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बेहतर पोषण और शिक्षा के माध्यम से बाल कल्याण में सुधार पोषण के लिए चल रहे उनके प्रयासों में एक महत्वपूर्ण योगदान, पीएम पोषण कार्यक्रम का कार्यान्वयन है। कोरटेवा एग्रीसाइंस, पीएम ने पार्टनर अक्षय पात्र फाउंडेशन के सहयोग से नरसिंघी और नवाबपेट में पोषण अभियान (जिसे पहले मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के नाम से जाना जाता था) में मदद के लिए 9 डिलीवरी वाहन उदारतापूर्वक दान दिया। ये वाहन, टाटा ऐस (डीज़ल) क्षेत्र के कई स्कूलों की जरूरतों को पूरा करते हैं और भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, 90 स्कूलों को प्रतिदिन 18,000 भोजन उपलब्ध कराते हैं। यह पहल पिछले वित्तीय वर्ष, नवाबपेट में कॉर्टेवा एग्रीसाइंस के प्रभावी सहयोग पर आधारित है

और पूरे हैदराबाद में 12,000 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की।

नए वाहनों के लिए हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम हैदराबाद में आयोजित किया गया, जहां कार्टेवा एग्रीसाइंस के वरिष्ठ कंट्री प्रमुख एवं वरिष्ठ नागरिक निदेशक डॉ. एपीएसी लीडरशिप और अक्षय पात्र फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रतिनिधि यज्ञेश्वर दास सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सत्य गौरा चंद्र दास, ट्रस्टी और क्षेत्रीय अध्यक्ष, अक्षय पात्र फाउंडेशन हैदराबाद ने कहा, कॉर्टेवा एग्रीसाइंस के साथ, हम भारत के भविष्य को पोषित करने के अपने मिशन का समर्थन करना जारी रखेंगे और हम साझेदारी के लिए बहुत आभारी हैं। ये गाड़ियाँ महज़ दान नहीं हैं बल्कि इस आशा के प्रतीक हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि स्कूल के दिनों में प्रत्येक बच्चे को गर्म, पौष्टिक भोजन मिले। उन्होंने कहा, सहयोग के माध्यम से हम युवा शिक्षार्थियों के जीवन पर स्थायी प्रभाव डाल सकते हैं।

# ई-कॉमर्स निर्यात और डीएनके पर कार्यशाला हैदराबाद में आयोजित

**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** डाक विभाग ने बुधवार को यहां ई-कॉमर्स निर्यात और डाक घर निर्यात केंद्र (डीएनके) पर एक कार्यशाला आयोजित की। डाक चैनल के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के साथ देश भर से स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और निर्यातकों को लाने के लिए डीओपी (डाक विभाग) ने महत्वाकांक्षी रूप से डीएनके लॉन्च किए हैं जो छोटे निर्यातकों को सक्षम बनाने के लिए प्रत्येक जिले में काम कर रहे हैं। डीएनके की सेवाओं का लाभ उठाएं जिसमें ग्राहकों और सीमा शुल्क अधिकारियों को डाक चैनल के माध्यम से निर्यात माल की बुकिंग और प्रसंस्करण के लिए अलग-अलग पोर्टल दिए जाते हैं।

कार्यशाला विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), एएलईएपी (एसोसिएशन ऑफ लेडी एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया), एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम), एफआईईओ (फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन) और केंद्रीय सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क विभाग के सहयोग से आयोजित की गई थी। तेलंगाना के सभी 33 जिलों में 36 सक्रिय डीएनके हैं। अंतर्राष्ट्रीय मेल ग्राहकों को बेहतर और परेशानी मुक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए कार्यशाला में सभी हितधारकों के साथ एक रचनात्मक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया।

कार्यशाला में भाग लेने वालों में डॉ. पी. विद्यासागर रेड्डी, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, तेलंगाना सर्कल, टी.एम. श्रीलता, पोस्टमास्टर जनरल, मुख्यालय क्षेत्र, हैदराबाद, बी.अरुमुगम, निदेशक, डाक सेवा (मुख्यालय), तेलंगाना सर्कल, जी.एस. मुरलीधर, सीमा शुल्क उपायुक्त, हैदराबाद, रमेश डी, सहायक निदेशक, डीजीएफटी, एन सुमति, सहायक निदेशक, एमएसएमई, आर कुलकर्णी, प्रमुख-तेलंगाना चैप्टर-एफआईईओ और कविता राजेश, सचिव, अलीप-इलाइंडस्ट्रियल एस्टेट और राज्य अध्यक्ष,एबीडब्ल्यूसीआई।

# 11 महिलाओं के संदिग्ध सीरियल किलर्स के स्केच जारी

**बरेली, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**

बरेली के शाही थाना क्षेत्र में महिलाओं की सिलसिलेवार हत्या के मामले का खुलासा अटका हुआ है। अब एसएसपी के निर्देश पर तीन संदिग्धों के स्केच जारी किए गए हैं। थाना शाही और शीशगढ़ क्षेत्रों में पिछले साल से अब तक 11 महिलाओं की हत्या हो चुकी है। अधिकतर महिलाओं के गले में फंदा कसा मिला था।

सिलसिलेवार तरीके से हुई महिलाओं की हत्या के मामले पुलिस के लिए आज भी सिरदर्द बने हुए हैं। इनमें से कुछ खुलासे करके पुलिस आरोपियों को जेल भेज चुकी है। बावजूद, एक ही तरीके से साड़ी या चुनरी से गला कसकर महिलाओं की हत्या का सिलसिला थमा नहीं। पुलिस की गांवों में ज्यादा सक्रियता से कुछ समय के लिए इस पर विराम जरूर लग जाता है।

एसपी दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया कि क्षेत्र में पूर्व में मिले महिलाओं के शव के संबंध में हुई छानबीन व आसपास के लोगों से मिली जानकारी के बाद तीन संदिग्धों के स्केच जारी किए गए हैं। इस




हुलिये के संदिग्ध लोगों की पहचान करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इससे जुड़ी सूचना उनके, सीओ या एसओ शाही के मोबाइल पर कॉल करके दी जा सकती है।

शाही थाना क्षेत्र में बुझिया जागीर में हुए अनीता देवी हत्याकांड का पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। अब मृतका के पति सोमपाल ने गांव के चार लोगों पर पत्नी की हत्या का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर गांव छोड़ने की धमकी दी है। सोमपाल का कहना है कि वह अनुसूचित जाति का है। वह जिस मकान में रह रहा है, वह पट्टे पर मिला था।

मकान पर आरोपियों ने मुकदमा दायर किया था। वह यह मुकदमा जीत चुका है। इसके बाद से आरोपी रंजिश रखते हैं। शायद इसी वजह से उन्होंने पत्नी की हत्या की है। बताया कि पुलिस ने किसी बाहरी व्यक्ति को बुलाकर मर्जी से बोलकर तहरीर लिखवाई व उसका अंगूठा लगवा लिया। शाही पुलिस उसे लगातार गुमराह करती रही है। अब उसे धमकियां मिल रही हैं।

# अयोध्या बलात्कार कांड में हुई कार्रवाई से निषाद समाज संतुष्ट

## अयोध्या में सीएम से मिले निषाद समाज के प्रतिनिधि



**अयोध्या, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**

अयोध्या के भदरसा कस्बे में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में योगी सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई पर निषाद समाज ने संतुष्टि जताई है। बुधवार सुबह निषाद समाज के प्रतिनिधियों ने अयोध्या में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री ने भी सभी को आश्वस्त किया कि बालिका के साथ हुए शर्मनाक कृत्य के दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलेगी, इसमें किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। तकरीबन 15 मिनट चली मुलाकात के दौरान निषाद समाज के आधा दर्जन प्रतिनिधियों ने आरोपी सपा नेता के खिलाफ हो रही कार्रवाई को उचित ठहराया।

भदरसा कस्बे में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फैजाबाद के सांसद अवधेष प्रसाद का करीबी और सपा नेता मोईद खान और उसके नौकर राजू खान को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान घटना की कठोर शब्दों में भर्त्सना करते हुए दोषियों को न बख्शने की बात कही थी, साथ ही समाजवादी पार्टी की इस बात के निंदा भी की थी उनकी ओर से आरोपियों को लेकर सॉफ्ट कार्नर है। वहीं मुख्यमंत्री ने पीड़िता की मां से मुलाकात करके कठोर से कठोर कार्रवाई का भरोसा दिया था। साथ ही सीएम के निर्देश पर राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य ने भी पीड़िता और उसके परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया था। इसके अलावा मुख्यमंत्री की ओर से पीड़िता के परिवार की मदद के लिए तत्काल पांच लाख रुपए की धनराशि मुहैया कराई गई थी। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रधिनिधि मंडल ने भी पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात करके योगी सरकार द्वारा आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर न केवल पूराकलंदर थानाध्यक्ष रतन शर्मा व भदरसा चौकी इंचार्ज अखिलेश गुप्ता को सस्पेंड किया गया, बल्कि मुख्य आरोपी की संपत्ति की जांच भी शुरू की गई। जिसके बाद राजस्व विभाग को मुख्य आरोपी सपा नेता मुईद खान की तकरीबन आधा दर्जन अवैध संपत्तियों का पता लग चुका है। वहीं मुख्य आर-ोपी की बेकरी पर हुए अवैध निर्माण पर योगी सरकार का बुलडोजर भी चल चुका है। माना जा रहा है जल्द ही उसकी अन्य संपत्तियों पर सरकार का बुलडोजर गरज सकता है। इसके अलावा पीड़िता और उसके परिवार को धमकी देने के मामले भदरसा नगर पंचायत के चेयरमैन सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

योगी सरकार की ओर से दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार की मदद पर संतोष व्यक्त करने पहुंचे निषाद समाज के प्रतिनिधियों में महंत रामसेवक दास निषाद, अंजू निषाद, दुर्गा प्रसाद निषाद, संदीप निषाद, मंजीत निषाद, आशाराम निषाद और विष्णु निषाद शामिल रहे।

# भारतवासियों के लिए गौरव, विजेता और चैंपियन हैं विनेश : सीएम योगी

**लखनऊ, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**

पेरिस ओलंपिक-2024 में महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कुश्ती में भारत के लिए पदक पक्का कर लिया था, लेकिन बुधवार को उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस निर्णय के साथ भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ओलंपिक से बाहर हो गईं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विनेश फोगाट को ढाढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, विनेश फोगाट जी, आप सभी भारतवासियों के लिए गौरव हैं, विजेता हैं, चैंपियन हैं। निराश मत होइए। पेरिस ओलंपिक-2024 में आपके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने वैश्विक पटल पर मां भारती को स्वर्णिम आभा से दीप्त किया है। पूरा देश आपके साथ खड़ा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारतीय महिला पहलवान का हौसला बढ़ाते हुए कहा, आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप शीघ्र ही पहले से अधिक मजबूत होकर मैदान में वापसी करेंगी।

# बांग्लादेश में तख्तापलट से सहमा यूपी का कांच उद्योग

## कारोबारियों को लगा बड़ा आर्थिक झटका

**फिरोजाबाद, 07 अगस्त (एजेंसियां)।**

बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद अशांति फैली हुई है। इससे यूपी के फिरोजाबाद में कांच कारोबारी चिंतित हैं। अशांति के कारण कांच उत्पादों के साथ ही सस्ती दर वाली चूड़ियों के निर्यात पर खासा असर पड़ने की आशंका है। कांच कारोबारियों के अनुसार पूर्व में निर्यातित माल का भुगतान भी लंबे समय के लिए अधर में लटक सकता है।

आंतरिक मुद्दों के चलते देश के पड़ोसी बांग्लादेश में अशांति के हालत उत्पन्न हो गए हैं। बांग्लादेश से कांच के सामान व चूड़ी का कारोबार करने वाले शहर के कई निर्यातक व चूड़ी कारोबारी खासे चिंतित हैं। चिंता के दो प्रमुख कारण हैं। पहला पूर्व में भेजे गए लाखों-करोड़ों की लागत वाले माल का भुगतान लंबे समय के लिए अधर में लटक सकता है।

वहीं दूसरा त्योहारी सीजन में सस्ती दर वाली चूड़ी तैयार करने वाले कारोबारी एवं घरेलू उपयोग के सामान का निर्यात करने वाले निर्यातकों के लिए फिलहाल विदेशी व्यापार के रास्ते में रुकावट आ गई है। फिरोजाबाद से लेकर पश्चिमी बंगाल तक सैकड़ों छोटे-बड़े कारोबारी बांग्लादेश के व्यापारियों से लेन-देन करते हैं।

पश्चिमी बंगाल के व्यापारियों ने नया माल मंगाने से इंकार कर दिया है। वहीं विदेशी निर्यातक भी ताजा हालातों में नरमी आने तक इंतजार करने की बात कह रहे हैं। कांच कारोबारियों के अनुसार की माने तो अगर बांग्लादेश में फैली अशांति जल्द ही शांत नहीं हुई तो मंदी की मार से जूझ रहे फिरोजाबाद के कांच कारोबार को एक नया आर्थिक झटका लगना तय है। चाय के कप, मोटे कांच वाले प्रेस ग्लास, छह और 12 प्याली वाले पुटिंग सैट, फूलदान, डिनर सेट के अलावा सस्ती दर वाली चौपेला, हरी रेशम और सादा कटिंग वाली चूड़ी बांग्लादेश में भेजी जाती है।

पुराने आंकड़ों पर गौर करें तो फिरोजाबाद के कांच निर्यातकों ने औसतन हर साल 58 से 70 करोड़ रुपये का माल पड़ोसी देशों में भेजा। जबकि साल 2023 में महज 40 से 45 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ। कांच निर्यात में आई गिरावट के बाद बांग्लादेश में उत्पन्न अशांति के कारण पश्चिमी बंगाल में बैठे व्यापारी (वायर्स) मुस्लिम देशों में माल भेजने से कतराएंगे। ऐसे में फिरोजाबाद का कांच कारोबार और मुश्किल में पड़ सकता है।कांच निर्यातक सरवर हुसैन ने कहा, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोप में कारोबारी गतिविधियां अभी तक बेपटरी हैं। अब बांग्लादेश में उत्पन्न ताजा हालातों के कारण एशियाई देशों में भी कारोबारी दिक्कतें बढ़ेंगी। चूड़ी कारोबारी आनंद अग्रवाल कहते हैं कि फिरोजाबाद से बड़ी तादाद में बांग्लादेश में सादा व कटिंग वाली चूड़ी पश्चिमी बंगाल के रास्ते बांग्लादेश तक जाती है। बांग्लादेश में फैली अशांति का असर शहर के चूड़ी कारोबार पर पड़ेगा।

## यूपी में हुआ हेल्थ सेक्टर का कायाकल्प

# वर्ल्ड क्लास चिकित्सा सुविधा का केंद्र बना यूपी

**लखनऊ 07 अगस्त (एजेंसियां)।**

पिछले सात वर्षों यूपी में हेल्थ सेक्टर का कायाकल्प हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि के चलते यूपी वर्ल्ड क्लास चिकित्सा सुविधा का केंद्र बनता जा रहा है। इन केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा गुण-वत्तापूर्ण इलाज मिलने से प्रदेशवासियों को काफी लाभ हो रहा है। अब उन्हें गंभीर रोगों के इलाज के लिए दिल्ली, मुंबई या दक्षिण भारत के महानगरों में नहीं जाना पड़ता। अपने ही सूबे में बेहतरीन इलाज मिलने के कारण मरीज और उनके परिजनों का समय और संसाधन दोनों बचता है। समय पर उचित इलाज मिलने से उनके स्वास्थ्य लाभ की संभावना भी बढ़ जाती है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के ये लाभ सिर्फ उत्तर प्रदेश के लोगों को ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य के लोगों को भी मिल रहा है। खासकर नेपाल और बिहार की एक बड़ी आबादी को।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य क्षेत्र सीएम योगी का पसंदीदा क्षेत्र रहा है। लोगों को स्थानीय स्तर पर सस्ते में विशेषज्ञों द्वारा गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले, इस बाबत गोरक्षपीठ वर्षों से प्रयासरत रही है। उस पीठ के पीठाधीश्वर के रूप में और मुख्यमंत्री के रूप में अब योगी उसी भूमिका को एक बड़े फलक पर निभा रहे हैं। एक जिला एक मेडिकल कॉलेज के प्रति योगी की प्रतिबद्धता उसी की कड़ी है। स्वास्थ्य (चिकित्सा व चिकित्सा शिक्षा) क्षेत्र योगी आदित्यनाथ का पसंदीदा क्षेत्र रहा है। दरअसल 1998 से 2017 तक उन्होंने गोरखपुर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व किया है। गोरखपुर के आसपास का पूरा क्षेत्र (सटे नेपाल से लेकर बिहार तक) तराई का है। इस इलाके में मच्छरों की बहुलता है। चंद फीट की गहराई में पानी उपलब्ध होने के कारण वह भी प्रदूषित है। ऐसे में करीब 6 से 7 करोड़ लोगों की आबादी वाला यह इलाका मच्छर और जलजनित रोगों (इंसेफेलाइटिस, एईएस, कालाजार, डेंगू, चिकनगुनिया और फाइलेरिया आदि) के प्रति संवेदनशील है। इस वजह से, खासकर इंसेफेलाइटिस एवं एईएस से हर साल सैकड़ों-हजारों की संख्या में मौत होती रही है। मरने वालों में अधिकांश मासूम होते थे। जितनों की मौत होती थी, उससे अधिक संख्या शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग होने वालों की रही है। ऐसे लोग ताउम्र परिवार और समाज के लिए बोझ बन जाते थे। समाज, परिवार और देश की उत्पादकता में इनका योगदान शून्य होने के नाते अर्थव्यवस्था पर भी लंबे समय तक बुरा असर पड़ता था।

योगी इन सबके साक्षी रहे हैं। यहां की स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हों। असमय माताओं की कोख न सूनी हो। किसी बाप का सहारा न छिने, इसके लिए उन्होंने इस बाबत सड़क से लेकर संसद तक जो संघर्ष किया उससे हर कोई वाकिफ है। 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद भी इस क्षेत्र में उनकी रुचि का सिलसिला उसी शिद्दत से जारी रहा। हालांकि देश का सर्वाधिक आबादी



वाला प्रदेश, अपेक्षाकृत कम संसाधन और पिछली सरकारों द्वारा चिकित्सा व इसकी शिक्षा के क्षेत्र की अनदेखी के कारण यह काम नामुमकिन तो नहीं पर आसान भी नहीं था। पर, जो ठान लिया उसे हर संभव कोशिश कर अंजाम तक पहुंचाना योगी की फितरत रही है। इंसेफेलाइटिस पर लगभग नियंत्रण कर उन्होंने इसे कर भी दिखाया। मई 2024 तक एईएस और जेई से होने वाली मृत्यु दर घटकर शून्य तक पहुंचना किसी चमत्कार से कम नहीं। इसी दौरान मच्छर जनित कालाजार, चिकनगुनिया, डेंगू जैसी बीमारियों पर भी काफी हद तक नियंत्रण पाया गया।

आम नागरिक को पास में सस्ता, बेहतर और अद्यतन इलाज मिले, इसके लिए भी सीएम योगी लगातार प्रयास करते रहे हैं। गोरखपुर में 1011 करोड़ रुपये की लागत से 112 एकड़ के विस्तृत रकबे में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज के परिसर में रीजनल मेडिकल रिचर्च सेंटर (आरएमआरसी), विश्वस्तरीय इन दोनों संस्थानों का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर चुके हैं। गोरक्षपीठ की तरफ से बने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में भी मेडिकल एवं पैरा मेडिकल शिक्षा की शानदार व्यवस्था है। संस्थान के तहत भी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस को इस साल से एमबीबीएस की पढ़ाई की मान्यता मिल चुकी है। ये सभी संस्थान पूरे क्षेत्र में होने वाले मौसमी, संचारी एवं गंभीर रोगो के इलाज, उनकी वजहों पर शोध और उसी अनुसार उनके नियंत्रण में मील का पत्थर साबित होंगे।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी की मंशा हर जिले में एक-एक मेडिकल कॉलेज खोलने की है। इस योजना के तहत 65 मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं। 22 निर्माणाधीन हैं। इनमें से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साथ यूपी के नौ नए राजकीय मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया था। 2024 से सात नए मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। ये मेडिकल कॉलेज हैं, बिजनौर, बुलंदशहर, कानपुर देहात, कुशीनगर, ललितपुर, पीलीभीत, सुल्तानपुर। रेफरल केंद्र के रूप में गोरखपुर और रायबरेली एम्स भी योगी सरकार की ही देन हैं।

प्रदेश को शीघ्र ही कुछ और बेहतरीन चिकित्सा संस्थानों की सौगात मिलने वाली है। लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय और गोरखपुर में प्रदेश का पहला महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय बनकर लगभग तैयार है। अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज का निर्माण हो रहा है। वार-णसी में राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज की स्थापना की गई है। चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सकों के बाद नर्सिंग स्टॉफ की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक तरीके से 24 घंटे मरीज उनकी निगरानी में ही रहता है। लिहाजा चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए अगर सरकार एक जिला एक मेडिकल कॉलेज पर फोकस कर रही है तो नर्सिंग स्टाफ की संख्या बढ़ाने में पर भी समान रूप से फोकस है। इस क्रम में 23 नर्सिंग कॉलेज भी स्थापित किए जा रहे हैं। अब तक नर्सिंग स्टाफ में 7000 और पैरामेडिकल स्टाफ में 2000 सीटों की वृद्धि की जा चुकी है।

सभी जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के साथ ही यूपी मेडिकल उपकरणों का भी महत्वपूर्ण हब बनने जा रहा है। मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में बड़े निवेशक राज्य के कई जिलों में निवेश कर रहे हैं। राज्य में बड़े निवेशकों के जरिए यूपी को मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग तथा दवा निर्माण का हब बनाने और चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता में आते ही कार्य शुरू किया था। इसके तहत ही उन्होंने राज्य में मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से हेल्थ सेक्टर में निवेश करने में निजी क्षेत्र के निवेशकों ने रुचि दिखायी। मेडिकल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में जल्दी ही उत्तर प्रदेश का एक बड़ा हब बनाने के क्रम में नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। इस पार्क के निर्माण को लेकर नोएडा में काम जारी है, इसके अलावा दवाओं के निर्माण के लिए भी सरकार ने बीते माह कई फैसले लिए हैं। जिसके चलते राज्य में वर्ष 2018 में बनाई गई फार्मास्यूटिकल नीति में संशोधन कर नई फार्मास्यूटिकल नीति लाने का फैसला किया है। इस नई नीति में किए जाने वाले संशोधनों से सरकार कच्चे माल के रूप में एक्टिव फार्मास्यूटिकल इनग्रेडिएंट (एपीआई) निर्माण करने वाली कंपनियों ने यूपी में आने की पहल की है। जल्दी ही दवा निर्माण के क्षेत्र में कार्यरत देश तथा विदेश की बड़ी दवा कंपनियां यूपी में आएंगी। दवाओं के कच्चे माल के आयात के लिए चीन पर निर्भरता कम होगी और यूपी दवा निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। प्रदेश का पहला फार्मा पार्क ललितपुर में बनेगा। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों का ही नतीजा रहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान मात्र आठ महीनों में साढ़े पांच सौ से अधिक ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए गए ।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**ज्योतिष ASTROLOGY**
नाकौड़ा भैरव ज्योतिष
(जय जिनेन्द्र) मारवाड़ी, गुजराती महाराज, माजिशा भक्त हस्तरेखा, जन्माक्षर, पूजा-पाठ, संतान प्राप्ति, शारीरिक पीड़ा, मानसिक पीड़ा, व्यापार, सगाई, लग्न विलंब, शत्रुनिवारण, प्रेम समस्या, कर्ज मुक्ति, गृहक्लेश आकर्षण प्रयोग, पतिवश, सास-बहू झगड़ा, एकतरफा प्रेम (वशीकरण के जानकार) जीवन की जटिल समस्याओं का A+Z समाधान। बेगम बाजार, हैदराबाद. संपर्क : 9032460847.

**CHANGE OF NAME**
I, APPALANARASAMMA KINTHADA Legally Mother of Service NO :- 6498517X, Rank :- L/NK, Name: Gurunadharao kinthada, UNIT: 554 ASCBN, C/o 56APO, H.NO :-65-6-486, Vill:- HIMACHALNAGAR, Post :- GAJUWAKA, TEH : VISAKHAPATNAM, DIST : VISAKHAPATNAM, STATE :- ANDHRA PRADESH,PIN :- 530026 Changed my name from **APPALANARSHAMMA** to **APPALANARASAMMA KINTHADA** Mother of L/NK GURUNADHARAO KINTHADA Adhaar card No :- 7347 5952 1926 Affidavit Signed by Advocate and Notary P. Raveendranath, B.com, B.L ON 07/08/24

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 15231078H Nk THAKOR GANESHJI MAHENDRAJI, R/o.Thakorvas, Rajgadh, Ta. Visnagar, Dist:Mehsana, Gujarat hereby declare that my daughter name is to be changed from **DIVYABEN** to **THAKOR DIVYABEN GANESHJI** vide affidavit dt:7-8-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, P. VIJYA Spouse of Service No. 10330056X GDSM/CHIF PATHLAVATH RAMU, R/o.1-19, Konetivada Thanda, Veldanda Mandal, VTC:Chedurvalli, PO:Chedurpally, Dist:Nagarkurnool, Telangana-509360 have changed my name and DOB from **P.VIJYA**, DOB:**1-6-1993** to **PATHLAVATH VIJAYA**, DOB:**1-1-1992** vide affidavit dt:7-8-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, YALLURI LAKSHMI REDDY Father of Service No.15427169Y Hav (NurAsst) RAJASEKHAR REDDY YALLURI of 5 JAK RIF, R/o.Vill:Cherlopalli, Po:Edavalli, Teh:Racherla, Dist:Prakasam, Andhra Pradesh-523356 have changed my name from **LAKSHMI REDDY** to **YALLURI LAKSHMI REDDY** vide affidavit dt:7-8-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, YALLURI ADILAKSHAMMA Mother of Service No. 15427169Y, Hav(NurAsst) RAJASEKHAR REDDY YALLURI of 5 JAK RIF, R/o.Vill:Cherlopalli, Po:Edavalli, Teh:Racherla, Dist:Prakasam, Andhra Pradesh-523356 have changed my name from **ADILAKSHAMMA** to **YALLURI ADILAKSHAMMA** vide affidavit dt:7-8-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Murukaraj NP S/o Nadarajan, R/o,HQ Coy, MCEME Secunderabad, PIN-500015 State-Telangana, have changed my Mother name from PANKAJAVALLY to PANKAJAVALLI and DOB from 01/07/1958 to 01/01/1959 add in my service documents vide affidavit date 06/08/2024 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Satish Kumar S/o Giyanchand, R/oVill-Keorak, PO-Keorak, Tehsil & District-Kaithal,State-Haryana, have changed my Mother name from KASER DEVI to KESAR DEVI and DOB from 01/07/1954 to 01/01/1956 add in my service documents vide affidavit date 06/08/2024 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Satish Kumar, R/o Vill-Keorak, PO-Keorak, Tehsil & District - Kaithal, State-Haryana, have changed my Father name from GAIN CHAND to GIYANCHAND and DOB from 01/07/1940 to 05/05/1954 add in my service documents vide affidavit date 06/08/2024 before Notary G Ramchander Advocate Secunderabad.

शुभ लाभ का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- | Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ..........
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .......... Drawn ..........
Name of the Executive ..........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10X10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

# आंध्र प्रदेश के कैब चालकों को हैदराबाद छोड़ने के लिए कहना उचित नहीं : पवन कल्याण

**अमरावती, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आंध्र प्रदेश के कैब ड्राइवरों को हैदराबाद छोड़ने को कहे जाने के मामले में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण आगे आए हैं। उन्होंने मांग की कि तेलंगाना सरकार इस मुद्दे को मानवीय दृष्टिकोण से हल करे।दोनों तेलुगू राज्यों के विकास के लिए एकता को एकमात्र रास्ता बताते हुए पवन कल्याण ने कहा कि आंध्र प्रदेश के कैब ड्राइवरों को हैदराबाद छोड़ने के लिए कहना उचित नहीं है।



अभिनेता-राजनेता ने तेलंगाना के कैब ड्राइवरों से आंध्र प्रदेश के अपने साथी कैब ड्राइवरों के प्रति सहानुभूति रखने का आग्रह किया। उनके विस्थापन से 2,000 परिवार अपनी आजीविका से वंचित हो जाएंगे।कैब ड्राइवरों में से कुछ लोग पवन कल्याण से मिलने पहुंचे। उन्होंने उन्हें खुलकर अपना समर्थन दिया।जन सेना पार्टी के नेता ने कहा कि तेलंगाना सरकार को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को यह महसूस होना चाहिए कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश दोनों एक है।

उन्होंने कहा, दोनों तेलुगू राज्यों के लोगों की एकता ही हमें प्रगति के पथ पर आगे ले जाती है। मैं बार-बार कहता हूं कि आंध्र प्रदेश को विकास के मार्ग पर चलना चाहिए। अगर यहां अवसर बढ़ेंगे तो आंध्र से तेलंगाना की ओर पलायन रुक जाएगा। नतीजतन, तेलंगाना के लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे।उन्होंने तेलंगाना के कैब चालकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया देने और आंध्र प्रदेश के अपने भाइयों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।जन सेना कार्यालय में पवन कल्याण से मिलने आए कैब चालकों ने उन्हें बताया कि उन्हें हैदराबाद में काम करने से रोका जा रहा है और इस वजह से वे वहां रहने में असमर्थ हैं। उन्होंने उन्हें बताया कि हैदराबाद में अधिकारी और कैब चालक उन्हें परेशान कर रहे हैं और उन्हें हैदराबाद छोड़ने के लिए कह रहे हैं। हैदराबाद अब दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी नहीं रहा।पवन कल्याण ने उन्हें बताया कि आंध्र प्रदेश की राजधानी पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।उन्होंने कहा, यहां फिर से गतिविधियां शुरू होंगी और उपयुक्त अवसर पैदा किए जाएंगे। साझा राजधानी की अवधि समाप्त होने के बाद आंध्र प्रदेश की कैब को हैदराबाद में रहने से रोकने का कोई कारण नहीं है। यह मुद्दा 2,000 परिवारों की आजीविका से जुड़ा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वे यह सुनिश्चित करने की पहल करेंगे कि तेलंगाना सरकार मानवीय दृष्टिकोण से समस्या का समाधान करे। वहां के कैब चालकों को भी आंध्र प्रदेश के साथी चालकों के प्रति उचित प्रतिक्रिया देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों तेलुगु राज्यों के बीच आपसी सहयोग की जरूरत है।हैदराबाद में काम करने वाले आंध्र प्रदेश के कैब ड्राइवरों के एक समूह ने पिछले महीने मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश से भी मुलाकात की थी। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा था कि हैदराबाद अब जब संयुक्त राजधानी नहीं है तो उन्हें एक बार फिर अपने वाहनों पर कर का भुगतान करने के लिए कहा जा रहा है।कैब ड्राइवरों ने कहा कि वे पहले से ही अविभाजित आंध्र प्रदेश में अपने वाहनों पर जीवन कर का भुगतान कर चुके हैं और फिर से कर लगाने से उन्हें भारी वित्तीय नुकसान होगा।

तेलंगाना के कैब ड्राइवरों का एक वर्ग परिवहन विभाग से तेलंगाना के अलावा अन्य राज्यों में पंजीकृत टैक्सियों के अवैध संचालन को रोकने का आग्रह कर रहा है। उनका दावा है कि ये टैक्सियां उनके व्यवसाय को प्रभावित कर रही हैं।

# भारी बारिश से आंध्र प्रदेश का मछलीपट्टनम शहर जलमग्न



**मछलीपट्टनम, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के मछलीपट्टनम में बुधवार सुबह से हो रही भारी बारिश की वजह से पूरा शहर जलमग्न हो गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण शहर की सभी मुख्य सड़कों पर पानी भर गया है।

लक्ष्मी थिएटर से बस स्टैंड कोनेरू सेंटर तक की मुख्य सड़क पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया है।इस भारी बारिश के कारण शहर के लोगों का हाल बेहाल है। सड़कों पर जमा पानी के कारण वाहन बंद हो गए हैं जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी असमर्थ हैं।

शहर के निवासियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों में इस तरह की भारी बारिश कभी नहीं हुई। पानी की निकासी के लिए नगर निगम के अधिकारियों ने विशेष इंतजाम किए हैं, लेकिन भारी बारिश के कारण स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई है। सड़कें पूरी तरह जलमग्न होने की वजह से आम लोगों को आने जाने में काफी असुविधा हो रही है। लोग घरों में ही बंद रहने को मजबूर हैं।

मछलीपट्टनम में हो रही भारी बारिश ने शहर के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। प्रशासन द्वारा स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। भारी बारिश के बाद हुए जलभराव की वजह से लोगों को निचले इलाकों, जलाशयों के नजदीक न जाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा जलभराव की वजह से घरों के अंदर ही लोगों को रहने के लिए कहा गया है।

बता दें कि भारी बारिश की वजह से पूरे प्रदेश में कई स्थानों पर जलभराव जैसे हालात बन गए हैं। जिन इलाकों में स्थिति ज्यादा गंभीर है, वहां एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय जिला प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

# हैदराबाद में येलो अलर्ट, 10 अगस्त तक जारी रहेगी बारिश

**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग हैदराबाद ने हैदराबाद के लिए येलो अलर्ट जारी किया और 10 अगस्त तक शहर में बारिश जारी रहने का अनुमान जताया। यह अलर्ट तेलंगाना के विभिन्न जिलों को प्रभावित करने वाले व्यापक मौसम पैटर्न का हिस्सा है। चूंकि शहर हाई अलर्ट पर है, इसलिए लोगों को पानी जमा होने और सड़कों पर फिसलन के कारण संभावित व्यवधानों के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई है।शहर के उत्तरी हिस्सों जैसे अमीनपुर, बचुपल्ली, सेरिलिंगमपल्ली, कुकटपल्ली, निज़ामपेट, मियापुर और पूर्वी हिस्सों जैसे उप्पल, रामंतपुर, नागोले और हब्सीगुडा में कुछ मिनटों के लिए हल्की बूंदाबांदी और छिटपुट बारिश हुई। शहर में मंगलवार को औसतन 0.7 मिमी बारिश दर्ज की गई और तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 29 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।तेलंगाना विकास योजना सोसाइटी के वर्षा वितरण मानचित्र के अनुसार, विभिन्न जिलों में मध्यम से भारी वर्षा दर्ज की गई, जिसमें खम्मम, नलगोंडा और महबूबाबाद में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई।महबूबाबाद के चिन्नागुदुर और नलगोंडा के कटंगूर जैसे इलाकों में भी भारी बारिश दर्ज की गई है, जो मौजूदा मौसम पैटर्न की व्यापक प्रकृति को दर्शाता है।मुलुगु के वेंकटपुरम में 51.3 मिमी, सूर्यपेट के बलराम थांडा में 47 मिमी और कामारेड्डी के भीकनूर में 40 मिमी बारिश हुई। नारायणपेट और नलगोंडा जिलों में भी भारी बारिश दर्ज की गई। टीजीडीपीएस की अनंतिम संचयी वर्षा रिपोर्ट से पता चलता है कि इस मानसून के दौरान तेलंगाना में 487.6 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य 401.8 मिमी से 21 प्रतिशत अधिक है। इस वृद्धि के बावजूद, हैदराबाद में सामान्य से थोड़ी कम बारिश हुई है, जो सामान्य 313 मिमी के मुकाबले 295.1 मिमी है, जो -6 प्रतिशत का विचलन है।बुधवार के पूर्वानुमान से संकेत मिलता है कि आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, महबूबाबाद, वारंगल और हनमकोंडा में भारी बारिश होने की संभावना है। तेलंगाना के सभी जिलों में बिजली चमकने और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना है, जिससे सड़कों पर पानी जमा होने और फिसलन जैसी स्थिति पैदा होने की संभावना है।



# बीआरएस का राज्य सरकार से बुनकरों के लिए कल्याणकारी योजनाएं फिर से शुरू करने का आग्रह

**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर बुनकरों को शुभकामनाएं देते हुए, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने केंद्र और राज्य सरकार से समाज में बुनकरों के योगदान को मान्यता देने और हथकरघा क्षेत्र को संकट से उबारने के लिए लाभकारी योजनाओं को जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने उनसे बुनकरों के लिए लाभकारी कल्याण और विकास योजनाओं को जारी रखने और हथकरघा उद्योग को संकट से उबारने का आग्रह किया। एक बयान में, रामा राव ने कहा कि तेलंगाना ने दस साल के बीआरएस कार्यकाल के दौरान हथकरघा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की, इसे देश के इतिहास में बुनकरों के लिए ङ्गस्वर्ण युगफ कहा। उन्होंने बुनकरों की प्रगति का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया, जिन्होंने इस क्षेत्र के उत्थान के लिए कई अभिनव योजनाएं शुरू कीं। बीआरएस शासन के तहत, हथकरघा क्षेत्र के लिए वार्षिक बजट को बढ़ाकर 1,200 करोड़ रुपये कर दिया गया, जबकि पूर्ववर्ती आंध्र प्रदेश की पिछली सरकारों के तहत छह वर्षों में 600 करोड़ रुपये थे।



उन्होंने बीआरएस द्वारा की गई प्रमुख पहलों को याद किया, जिसमें मचेनेता मित्रफ सब्सिडी योजना, मनेथन्नाकु चेयुताफ बचत कोष और मनेथन्नाकु बीमाफ शामिल है, जिसके तहत 36,000 बुनकरों के परिवारों को 5 लाख रुपये का जीवन बीमा कवरेज प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, 10,150 हथकरघा श्रमिकों को 29 करोड़ रुपये की ऋण माफी दी गई, साथ ही कारीगरों के लिए एक सहायता पेंशन भी दी गई। रामा राव ने तेलंगाना की महिलाओं को बथुकम्मा साड़ियों के वितरण का भी उल्लेख किया, जिससे बुनकरों को लाभकारी आय अर्जित करने में मदद मिली, सिरसिला में अपैरल पार्क की स्थापना और वारंगल में काकतीय मेगा टेक्सटाइल पार्क को परिवर्तनकारी परियोजनाओं के रूप में बताया। उन्होंने हथकरघा क्षेत्र के लिए हानिकारक नीतियों के लिए भाजपा सरकार की तुलना की, जिसमें हथकरघा पर जीएसटी लगाना और केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न सहायता बोर्डों और योजनाओं को समाप्त करना शामिल है। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार के तहत तेलंगाना का हथकरघा क्षेत्र फिर से संकट में फंस गया है और बुनकरों की आत्महत्या की खबरें फिर से हर रोज आ रही हैं।

# भाजपा का झंडा महोत्सव आज से

**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राज्य भाजपा ने स्वतंत्रता दिवस से पहले 8 और 9 अगस्त को गांवों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम मनाने की योजना बनाई है। भाजपा सदस्य 10 और 11 अगस्त को स्वच्छ भारत कार्यक्रम चलाएंगे और राष्ट्रीय नेताओं की मूर्तियों और उनके आस-पास की सफाई करेंगे और उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। कार्यक्रम का ब्यौरा मीडिया से साझा करते हुए भाजपा महासचिव डॉ. कसम वेंकटेश्वरलू ने कहा कि युवा मोर्चा 11 से 13 अगस्त तक सभी विधानसभा क्षेत्रों और जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा निकालेगा।महिला मोर्चा के सदस्य 12 अगस्त को जिला मुख्यालयों पर बाइक रैली निकालेंगे। वेंकटेश्वरलू ने कहा कि पार्टी ने सभी किसानों को कृषि ऋण माफी का लाभ देने में सरकार की विफलता को उजागर करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मभाजपा द्वारा शुरू की गई हेल्पलाइन पर हर दिन किसानों के सैकड़ों फोन आ रहे हैं।



## केबीआर पार्क में जोड़ों से जबरन पैसे वसूलने के आरोप में होमगार्ड गिरफ्तार

**हैदराबाद, 07 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केबीआर पार्क में जोड़ों को धमकाने और उनसे पैसे ऐंठने के आरोप में बंजारा हिल्स पुलिस ने एक होमगार्ड और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। होमगार्ड एम. श्रीनिवास, जो मुख्यालय में काम करता है और इंटरसेप्टर वाहन से जुड़ा हुआ है, ने एक दलाल यादगिरी की मदद से केबीआर पार्क वॉकवे में अलग-अलग जगहों पर बैठे जोड़ों की पहचान की।बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, यादगिरी पार्क के आसपास की गतिविधियों पर नज़र रखता था और होमगार्ड को इसकी सूचना देता था। इसके बाद श्रीनिवास जोड़ों के पास जाता और उन्हें अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होने के लिए कार्रवाई करने की धमकी देकर उनसे पैसे ऐंठने लगा।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
CHANDRIKA N. SHAH
9849266081
LIC AGENT
CM Club Member & "MDRT"
AVINASH N. SHAH
9704766081
LIC AGENT
Email id: avi_shah63@yahoo.com
niva Bupa Health Insurance
STAR Health Insurance — The Health Insurance Specialist
युनाइटेड इंडिया UNITED INDIA
FUTURE GENERALI TOTAL INSURANCE SOLUTIONS
care HEALTH INSURANCE
Ask for:
Overseas Medical Insurance, Car Insurance, Fire Burglary, House Holder, Mediclaim, Janata Personal Accidents Road Safety Policies & Group Insurance
Address: 3-2-308/ 309, Flat No.201, Vikram Lilly Block
Quality Gardenia Apartment, Chappal Bazar
Kacheguda, Hyderabad-500 027
Aapka Bhavishya Humare Haath Mein Hai,
Hum Apke Saath Mein Hai.

।। श्री गणेशाय नमः ।। ।। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः ।। ।। श्री हनुमते नमः ।।
राजस्थानी जागृति समिति (पंजीकृत) के तत्वावधान में
सावन मास के अवसर पर
श्रीमद् भागवत कथा
गुरुवार 8 अगस्त 2024 से गुरुवार 15 अगस्त 2024 तक
समय : मध्याह्न 3 बजे से सायं 7 बजे तक
शुभ स्थल : ब्रह्मचारी मठ, राधाकृष्ण मंदिर, पर्ल काउण्टी के सामने, अत्तापुर, हैदराबाद
कथा वाचिका : बालस्वरुपा बाल विदुषी सुश्री हरिप्रिया वैष्णवी
श्रीमद् भागवत कथा मुख्य यजमान — श्री बद्रीप्रसाद सरायवाला, अध्यक्ष, अग्रवाल समाज, अत्तापुर
सुन्दरकाण्ड मुख्य यजमान — श्री अंजनी कुमारजी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष - अग्रवाल समाज, तेलंगाना
श्रीनिवास सोमाणी, अध्यक्ष, राजस्थानी जागृति समिति
सुन्दरकाण्ड गुरुवार 15 अगस्त 2024
सायं 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक
प्रस्तुतकर्ता : सारडा बंधु, निजामाबाद निवासी
LIVE TELECAST ON YouTube Channel sushri Haripriya Devi
श्रीमद् भागवत कथा दैनिक यजमान
श्री मनीष अग्रवाल, अध्यक्ष अग्रवाल समाज, तेलंगाना
श्री रुपेश सोनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष माहेश्वरी युवा संगठन
श्री रामअवतार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल समाज, अत्तापुर
श्री ब्रजगोपाल अत्वाबा, निदेशक, महेश बैंक
श्री वेणुगोपाल तोतला, कमल वॉच
श्री राजकुमार अग्रवाल, अत्तापुर
श्री कृष्णकुमार सौंथलिया, अत्तापुर
श्रीमती भगवती बल्दवा, समाजसेविका
श्रीमद् भागवत कथा दैनिक यजमान — श्री सुरेश कुमार मोदी
उपाध्यक्ष — प्रेमचंद मुणोत
मंत्री — अशोक कुमार हिरावत
कोषाध्यक्ष — संजय राठी
संयोजक — पवन नालपुरिया
सहयोगी गणमान्य : चंद्रकांत डाकोतिया, इंद्रकरण सोंथलिया, धनराज महेंद्र कुमार सिंगनोदिया, बैजनाथ सिंगनोदिया, जमनालाल कांकाणी संजय गुप्ता, कैलाशनारायण भांगड़िया, प्रमोद केडिया-चेयरमैन अग्रसेन बैंक, मुकेश लोया, भंवरलाल मार्बलवाले, हिरालाल सोमानी चिनूर, रामकुमार गोयल, अमित मोदी, आनंद सिंह-अत्तापुर, सुखेन्द्र सिंह-अत्तापुर, विनोद ओझा, दिनेश मानसिंग
इस अवसर पर आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित है।
निवेदक : राजस्थानी जागृति समिति, हैदराबाद
संपर्क : 9396545077, 9246545077, 9396483470
सदस्यगण : जयप्रकाश लड्ढा, रमेश मोदानी, रिधेश जागीरदार, बालाप्रशाद लड्ढा, मनीष सोमाणी, जेठमल, श्याम सुंदर जांगिड़, श्रीमती विद्या बाई शर्मा, श्रीमती गोरजा इन्नानी, श्रीमती ज्योति शर्मा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.